धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, बुधवार
22.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 192



12 फिल्म 'छावा' में रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक जारी

## न्यूज डायरी

### चाईबासा में 21 आइइडी 55 पीस जिलेटिन बरामद

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान 21 आइइडी, 55 पीस जिलेटिन बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि कराईकेला थाना क्षेत्र के सेरेंगदा गांव के जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित कर लगाये गये थे। बम निरोधक दस्ते इसे डिफ्यूज कर दिया।

### शेयर बाजार धड़ाम सात लाख करोड़ डूबे

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिली। गिरावट के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियां का मार्केटकैप करीब 7 लाख करोड़ रुपये गिरकर 424 लाख करोड़ रह गया है, जो कि सोमवार को 431 लाख करोड़ था।

### सड़क सुरक्षा: बुजुर्गों को मिलेंगे विशेष स्टिकर

**रांची।** झारखंड के परिवहन विभाग ने सीनियर सिटीजन के लिए एक नयी योजना शुरू की है। इसके तहत उन्हें विशेष स्टिकर दिये जायेंगे। यह स्टिकर वाहन पर चिपकाने से अन्य ड्राइवरों को पता चल सकेगा कि गाड़ी में वरिष्ठ नागरिक है, जिससे वे और अधिक धैर्यपूर्वक ड्राइव करेंगे। यह स्टिकर वरिष्ठ नागरिकों को सड़क पर अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने में मदद करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड की अपील खारिज की

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसदों व अन्य के खिलाफ 2022 में देवघर हवाईअड्डे पर कथित तौर पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का मुकदमा रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली झारखंड सरकार की याचिका खारिज कर दी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 74600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 96000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## हेमंत कैबिनेट ने राज्यकर्मियों को दी खुशखबरी, 18 प्रस्तावों को स्वीकृति

# बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य बीमा योजना को मंजूरी

### 1.75 लाख कर्मचारी और 2.25 लाख रिटायर्ड लोगों को होगा लाभ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड कैबिनेट ने राज्यकर्मियों और पेंशनरों के लिए बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य बीमा की योजना को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में संशोधित बीमा योजना को लागू करने सहित कुल 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कर्मचारियों और उनके आश्रितों को सामान्य बीमारियों में प्रतिवर्ष पांच लाख और गंभीर बीमारियों में 10 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त होगी। इस योजना से लगभग 1.75 लाख राज्यकर्मियों और 2.25 लाख सेवानिवृत्त कर्मी लाभान्वित होंगे। रिटायर कर्मचारी इस योजना से ऐच्छिक तौर पर जुड़ सकेंगे। इसके साथ ही बैठक में झारखंड अधिवक्ता कल्याण कोष के लिए 12 करोड़ की मंजूरी, झारखंड जिला पारा मेडिकल संवर्ग नियुक्ति नियमावली का गठन तथा पुलिस अनुसंधानकर्ता को 25000 रुपये तक का मोबाइल खरीदने की स्वीकृति दी गयी।

**150 करोड़ खर्च करेगी सरकार :** बैठक की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि बीमा योजना के कवरेज में शामिल होने वाले राज्यकर्मियों को प्रतिमाह मिलने वाले एक हजार रुपये में से 500 रुपये की कटौती की जायेगी। स्वास्थ्य बीमा योजना और राज्य के विभिन्न अस्पतालों के लिए पद सृजित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। स्वास्थ्य बीमा योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार आकस्मिकता निधि से 150 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग करेगी। 50 करोड़ रुपये बफर स्टॉक के रूप में राज्य आरोग्य सोसायटी के ट्रस्ट में रखे जायेंगे। सरकार ने टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी के साथ करार किया है। राज्य सरकार ने इसके पहले 31 जुलाई 2023 को राज्यकर्मियों और पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य बीमा का संकल्प जारी किया था, लेकिन तकनीकी त्रुटियों की वजह से इसका लाभ मिलना शुरू नहीं हुआ था। बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री रामदास सोरेन, दीपक बिरुवा, इरफान अंसारी, संजय प्रसाद यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

### इन प्रस्तावों को मंजूरी

कैबिनेट सचिव ने बताया कि चतरा में स्पेशल कोर्ट के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। कैबिनेट ने अनुपूरक बजट की घटनोत्तर स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि दुमका हवाई अड्डा में एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ एमओयू किया जायेगा। बैठक में झारखंड अधिवक्ता कल्याण कोष के लिए 12.10 करोड़ रुपये देने के लिये जेसीएफ से अग्रिम लेने की स्वीकृति दी गयी। ज्ञानोदय योजना के तहत मध्य विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा के लिये 94 करोड रुपये दिये गये। केके वर्मा को ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में प्रबंध निदेशक 31 दिसंबर 2025 तक बनाये रखने के लिये सेवा विस्तार दिया। नंदकिशोर प्रसाद को एसीपी और एमएसपी का वित्तीय लाभ देने के लिये स्वीकृत दी गयी। तमाड़ के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमकुम प्रसाद को दिये गये दंड को विलोपित करने की मंजूरी दी गयी। हाइकोर्ट के आदेश के बाद प्रेम कुमार, राज किशोर सिंह की सेवा नियमित करने और वित्तीय लाभ देने की मंजूरी दी गयी। वाणिज्कर विभाग में टीसीएस के साथ 1 साल का एग्रीमेंट बढ़ाने की स्वीकृति दी गयी।

## छत्तीसगढ़-ओड़िशा सीमा पर 27 नक्सली ढेर

### 16 शव मिले, इनमें 1 करोड़ के इनामी समेत कई कमांडर



एजेंसी

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में हुई मुठभेड़ में 27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। 16 के शव और हथियार भी बरामद कर लिये गये हैं। मारे गये नक्सलियों में एक करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपति समेत कई कमांडर शामिल हैं। यह मुठभेड़ छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर घंटों चली। फिलहाल सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। मुठभेड़ करीब 36 घंटे तक चली। पूरे आपरेशन को गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, ओडिशा नुआपाड़ा के पुलिस अधीक्षक राघवेंद्र गूंडाला, ओडिशा के डीआईजी नक्सल ऑप्श अखिलेश्वर सिंह, कोबरा कमांडेंट डीएस कथैत मॉनिटरिंग कर रहे है।

**हथियारों का जखीरा मिला :** मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने एक एसएलआर सहित हथियारों, गोला-बारूद और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का एक बड़ा जखीरा भी बरामद किया।

(शेष पेज 11 पर)

### नक्सल मुक्त भारत हमारा संकल्प : शाह

इस घटना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलमुक्त भारत हमारा संकल्प है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नक्सलवाद पर एक और करारा प्रहार। हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। जवानों ने एक संयुक्त अभियान में इन नक्सलियों को मार गिराया। सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से, नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने इसे जवानों की बड़ी कामयाबी बताया और कहा नक्सल मुक्त देश की दिशा में ये बड़ा कदम है। गरियाबंद में सुरक्षाबल के जवानों को नक्सलियों के खिलाफ मिली कामयाबी पर देश के श्री अमित शाह ने जवानों की पीठ थपथपायी।

# राष्ट्रपति, पीएम और शाह महाकुंभ में लगायेंगे डुबकी

### अडाणी ने किया पवित्र स्नान, आज योगी कैबिनेट की बारी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** देश में इस समय महाकुंभ का योग है। इसमें श्रद्धालुओं के साथ-साथ तमाम बड़ी हस्तियां पहुंच रही हैं। प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम अडाणी ने मंगलवार को सवित्र संगम में डुबकी लगायी। खबर है कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपतिपीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संगम में पवित्र डुबकी लगायेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेंगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का एक फरवरी को संगम में डुबकी लगाने का कार्यक्रम है। इस बीच पीएम मोदी के पांच फरवरी और गृह मंत्री अमित शाह के 27 फरवरी को महाकुंभ में आने का कार्यक्रम है। हालांकि, इन सभी के दौरे को लेकर आधिकारिक रूप से कोई घोषणा नहीं की गयी है। हालांकि प्रशासन अभी तैयारी शुरू कर दी है।

**अडाणी ने पवित्र स्नान कर की पूजा अर्चना :** महाकुंभ मेले के नौवें दिन मंगलवार को उद्योगपति गौतम अडानी ने अपने परिवार के साथ आस्था की डुबकी लगायी। स्नान के बाद गौतम अडानी ने परिवार के गंगा मैया की पूजा अर्चना और आरतीकी। लेटे हनुमान जी के दर्शन भी किये। इसके बाद गौतम अडानी ने इस्कॉन कैंप जाकर वहां लोगों को अपने हाथों से भोजन वितरित किया। उन्होंने कहा, यहां आकर जो अनुभव हुआ उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। वहीं बेटे की शादी के सवाल पर कहा, जीत की शादी 7 फरवरी को है। उसमें सिर्फ परिवार के लोग ही शामिल होगी। शादी बिल्कुल ही सादे समारोह में पूरे विधि-विधान से होगी।

### महाकुंभ में आज योगी कैबिनेट

प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। बैठक के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगायेंगे। इससे पूर्व योगी ने 2019 कुंभ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगायी थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु-संतों ने भी संगम में स्नान किया था।

### आइएएस पूजा सिंघल निलंबनमुक्त, कार्मिक में देंगी योगदान

**रांची।** आइएएस पूजा सिंघल का निलंबन खत्म कर दिया गया है। सीएस की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने उन्हें निलंबन से मुक्त करने की अनुशंसा की थी। इस अनुशंसा पर पूजा सिंघल का निलंबन कार्मिक ने खत्म कर दिया है। संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। उन्हें कार्मिक में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। मनी लाउंड्रिंग मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। वह मनरेगा घोटाले और भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल गयी थीं। 28 महीने तक जेल में रहने के बाद सात दिसंबर को उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी। तब वह निलंबनमुक्त होने और पदस्थापन की प्रतीक्षा में थीं।

**खास बातें :** उत्तराखंड निवासी पूजा सिंघल 2000 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। 21 साल की उम्र में आईएएस बनी थीं। झारखंड के कई ज़िलों में डीसी रह चुकी हैं। खनन विभाग की सचिव भी रह चुकी हैं।

# भूमि विवाद में भ्रष्टाचार हर हाल में रोकें : दीपक बिरुआ

### डीड की हेराफेरी पर लगाम कसें, म्यूटेशन के लंबित मामले घटेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में जमीन संबंधित विवाद और इसपर पनपे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए भू राजस्व विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं। मंत्री दीपक बिरुआ ने मंगलवार को अधिकारियों से भूमि संबंधी विवादों और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए एडवांस्ड सॉफ्टवेयर डवलप करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को एक ही भूमि पर दोबारा दाखिल खारिज के लिए आवेदन करने पर रोक लगाने का निर्देश दिया, ताकि फर्जी दाखिल खारिज को रोका जा सके। उन्होंने धोखाधड़ी से उत्पन्न भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त की और हर हाल में इसे रोकने का निर्देश दिया।

**डीड की हेराफेरी गंभीर मामवा :** मंत्री ने फर्जी डीड से किए जानेवाले भ्रष्टाचार पर चिंता जतायी और इसे गंभीर मामला बताया। जब कोई व्यक्ति डीड अप्लाई करता है, तो संबंधित व्यक्ति को डीड का यूनिक नंबर मिलता है। लेकिन उसमें छोटी-मोटी खामियां निकालकर उसके डीड को कैंसिल कर दिया जाता है।
ठीक इसके कुछ ही दिन बाद दोबारा संबंधित व्यक्ति के उसी डीड नंबर को उसके आगे पीछे यूनिक नंबर लगाकर दोबारा डीड अप्लाई करवाया या किया जाता है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इसी चक्कर में लंबित म्यूटेशन के मामले भी बढ़ते ही जा रहे हैं। इसलिए विभाग एक ही जमीन के लिए दोबारा डीड अप्लाई करने पर पूरी तरह से लगाम लगाये। इससे गलत तरीके से म्यूटेशन करने पर भी रोक लगेगी। उन्होंने कहा, किसी भी हाल में जमीन संबंधित विवाद पर फजीर्वाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### बिचौलिये न उठायें गलत लाभ

श्री बिरुआ ने कहा कि झारखंड में आदिवासी मूलवासियों को कई मायने में जमीन के संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने या अन्य छोटे-मोटे कार्यों के लिए बार-बार अंचल और यहां वहां दौड़ाता पड़ता है। जिसका बिचौलिया गलत लाभ उठाते हैं। उन्होंने कहा है कि पुरखों की जमीन पर कुछ अंचलाधिकारी कर्मी किसी खास व्यक्ति के इशारे पर, जमीन अपने नाम या किसी चहेते के नाम कराने का धंधा चला रहे हैं। ऐसे पदाधिकारियों को चिन्हित कर उनपर कार्रवाई की जायेगी। गलत व्यवस्था पर अबुआ सरकार कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी।

# डायमंड के डोनाल्ड! आश्चर्यजनक और अद्भुत प्रतिकृति

### सूरत के रत्न कलाकारों ने बनायी प्रतिकृति, ट्रंप को गिफ्ट करने की तैयारी



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल को खास बनाने के लिए सूरत की एक कंपनी ने उन्हें एक अनोखा और शानदार तोहफा देने का फैसला किया। गुजरात के हीरा व्यवसायों ने हीरे का उपयोग करके ट्रंप की एक आकर्षक और आश्चर्यजनक प्रतिकृति बनायी है। इसे बनाने के लिए सूरत के पांच कुशल रत्न विशेषज्ञों ने दो महीने तक अथक परिश्रम किया। उन्होंने ट्रंप की प्रतिकृति को लैबग्रोन हीरे में तराशकर बनाया है। यह उत्कृष्ट नक्काशीदार हीरे की कलाकृति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उपहार में दी जायेगी।

**मंत्रमुग्ध कर देती है हीरे की चमक :** पहली नजर में यह एक सामान्य तस्वीर की तरह लगती है, लेकिन इसकी अनोखी चमक देखने वाले को मंत्रमुग्ध कर देती है। इसकी कीमत लगभग 20,00,000 रुपये आंकी गयी है। यह विशेष उपहार भारत-अमेरिका संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के प्रयास के तहत तैयार किया गया है। सूरत के उद्योगपति स्मित पटेल के नेतृत्व में बनाये गये इस हीरे को हाई प्रेशर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके प्रयोगशाला में तैयार किया गया है। यह हीरा साढ़े चार (4.5) कैरेट का है। इस हीरे की खासियत यह है कि इसकी क्वालिटी और कीमत प्राकृतिक हीरे जैसी ही है।

**कीमत और क्वालिटी प्राकृतिक हीरों के समान :** उद्योगपति स्मित पटेल ने कहा कि इन हीरों की कीमत और गुणवत्ता प्राकृतिक हीरों के समान ही है। यह विशेष डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिकृति के लिए प्रयोगशाला में तैयार किया गया हीरा है। उन्होंने बताया प्राकृतिक हीरों को आमतौर पर खदानों से निकाल कर लाया जाता है और सूरत में उन हीरों को कटिंग और पॉलिशिंग कि जाती हैं, लेकिन इसके विपरीत प्रयोगशाला में विकसित हीरे एक प्रयोगशाला के अंदर तैयार किये जाते हैं।

### पीएम मोदी ने बाइडेन को दिया था हीरा

इससे पहले 2023 में पीएम मोदी ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेन को इसी कंपनी द्वारा बनाया गया 7.5 कैरेट हरा हीरा उपहार में दिया था। हीरे की कटाई और पॉलिशिंग के लिए दुनिया भर में जाना जाने वाला सूरत अब लैबग्रोन डायमंड के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है।



भाजपा ने राज्य सरकार से केंद्र का 1300 करोड़ रुपये का मांगा हिसाब

# झामुमो सरकार ने कोरोना आपदा में लूट का अवसर ढूंढा : अमित मंडल

- 2019 से अब तक राज्य आपदा मोचन निधि से खर्च हुए 1300 करोड़ का हिसाब नहीं दे पा रही राज्य सरकार
- कृषि विभाग ने सूखा राहत के लिए आपदा फंड का इस्तेमाल किया, लेकिन इसका हिसाब अभी भी लंबित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा कि झारखंड सरकार वर्ष 2019 से अब तक राज्य आपदा मोचन निधि से खर्च हुए 1300 करोड़ का हिसाब नहीं दे पा रही है। श्री मंडल मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 15वें आयोग की सिफारिश राज्य सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य क्षेत्र में 2370 करोड़, ग्रामीण स्थानीय निकायों, पंचायत को 6585 करोड़, नगर निकायों को 3367 करोड़ और आपदा प्रबंधन विभाग को 3138 करोड़ रुपये की राशि 2026 तक मिलेगी। पांच साल तक ये मिलेगा। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त 2021-2026 आयोग का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। 16वें वित्त आयोग के गठन से पहले भारत सरकार ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे इनडीएमआईइस पोर्टल पर अपना डाटा अपडेट करें। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा डाटा न देने के कारण पोर्टल अपडेट नहीं हो पा रहा है।



उन्होंने कहा कि कृषि विभाग ने सूखा राहत के लिए आपदा फंड का इस्तेमाल किया, लेकिन इसका हिसाब अभी भी लंबित है। 600 करोड़ स्वास्थ्य विभाग का अकेले 700 करोड़ का हिसाब बाकी है। इसमें कोरोना महामारी के दौरान जिलों को भेजी गई राशि भी शामिल है। उन्होने कहा कि भविष्य में आपदा प्रबंधन से जुड़े कुछ प्रमुख निकाय राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अपना काम करने में सक्षम नहीं हो पायेगी। फंड न मिलने से राज्य भर में जल और जलवायु परिवर्तन, भू-वैज्ञानिक आपदा, औद्योगिक आपदा, मानव निर्मित आपदायें प्रभावित हो जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए की स्वस्थ विभाग के 700 करोड़ और कृषि विभाग के 600 करोड़ कहां गये।

उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि आपदा से लड़ने के लिए कितनी राशि सरकार के पास है और भविष्य में यदि आपदा जैसी परिस्थितिथि आती है तो सरकार कैसे लड़ेगी। इस अवसर पर प्रदेश सह मिडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक उपस्थित थे।

भाजपा मुख्यालय में मिलन समारोह सह सदस्यता कार्यक्रम

# झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर, आम आदमी प्रभावित : बाबूलाल मरांडी

- प्रदेश अध्यक्ष ने दी चेतावनी, कहा- राज्य सरकार नहीं सुधरी तो सड़क से सदन तक भाजपा करेगी आंदोलन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को मिलन समारोह सह सदस्यता कार्यक्रम आयोजित हुआ। बाबूलाल मरांडी ने लोकहित अधिकार पार्टी के पवन तिग्गा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार है। इसके 12.5 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के साथ गांव, गरीब, किसान, दलित, आदिवासी की सेवा कर रही है। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का संकल्प हम सभी को मिलकर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि सशक्त भाजपा बनाकर विकसित झारखंड बनाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में रोज नये-नये भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं। आम आदमी भ्रष्टाचार की चपेट में है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से अब स्कूल के बच्चे भी अछूते नहीं हैं। एक सशक्त विपक्ष के नाते भाजपा जन मुद्दों पर सड़क से सदन तक जोरदार आंदोलन करेगी।

मौके पर शिवपूजन पाठक, राहुल अवस्थी, अशोक बड़ाइक, सुनील फकीरा कच्छप उपस्थित थे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुकरु उरांव, शशि नंदन भगत, तपेश्वर प्रजापति, एतवा उरांव, इलीशिबा मिंज, तारा भगत, सुरेशचंद्र साहू, लोलेन एक्का, बिमोला मिंज, विनोद यादव, दीपक कुमार, कैलाश चौधरी, अशोक चौहान, अशोक सिंह, कमलेश्वर सिंह, लाल विकास नाथ शाह देव, मुकेश कुमार सिंह, रेशमी टोप्पो आदि शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### बदले गये एक आइएएस अधिकारी

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और अपर सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग विजय कुमार गुप्ता को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अपर सचिव वित विभाग के पद पर पदस्थापित किया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिक सूचना जारी कर दी है।

### धन शोधन के आरोपी की अर्जी पर 30 को सुनवाई

**रांची।** शराब घोटाले की राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले के आरोपी योगेंद्र तिवारी की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर 30 जनवरी को सुनवाई होगी। पीएमएलए कोर्ट में मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन समय लिया गया। योगेंद्र तिवारी ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये 19 दिसंबर को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। ईडी ने उक्त आरोप में 19 अक्तूबर 2023 को गिरफ्तार किया था। वर्तमान में वह जमानत पर है।

### छवि रंजन समेत छह की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत 6 की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 4 फरवरी निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में है जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रेम प्रकाश को जमानत प्राप्त है। वहीं, एक आरोपी पुनीत भार्गव फरार है।

### प्रदेश कांग्रेस प्रभारी एवं सह प्रभारी झारखंड दौरे पर आज आयेंगे रांची


**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव, प्रभारी झारखण्ड व नेता कांग्रेस विधायक दल जम्मू-कश्मीर विधानसभा गुलाम अहमद मीर एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव व सह-प्रभारी झारखण्ड डॉ. सिरिबेला प्रसाद झारखंड दौरे में 22 जनवरी, बुधवार को अपराह्न 05.45 बजे रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा सड़क मार्ग द्वारा रांची से धनबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया झारखण्ड प्रभारी श्री मीर एवं सह-प्रभारी डॉ. प्रसाद,23 जनवरी,दिन वृहस्पतिवार को पूर्वाह्न 09:00 बजे पूर्वाह्न मन्नान मल्लिक के घर जाकर मुलाकात करेंगे तथा पूर्वाह्न 09:30 बजे धनबाद से देवघर जिला के सोनारीठाड़ी प्रखण्ड के उपरकुरा जायेंगे, जहां पूर्वाह्न 11:00 बजे उपरकुरा से मकरा पहाड़ में आयोजित जय बापू, जय भीम, जय संविधान मार्च एवं मिलन समारोह में भाग लेंगे तथा अप. 03:00 बजे उपरकुरा से रांची के लिए प्रस्थान करेंगे।

नीरू शांति भगत ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा

# जनगणना में सरना धर्म का अलग कॉलम जोड़ने का किया अनुरोध

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आजसू नेता स्व. कमल किशोर भगत की पत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा की प्रत्याशी निरू शांति भगत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आदिवासियों की पहचान और भावना से जुड़ी एक बहुप्रतीक्षित सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की है। उन्होंने जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग कॉलम निर्धारित करने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री को पत्र में कहा है कि यह मांग आदिवासियों की भावना और पहचान से जुड़ी है। झारखंड में इस मांग को लेकर अलग-अलग आदिवासी संगठन लगातार आंदोलन करते रहे हैं। कई बार दिल्ली पहुंचकर आदिवासियों ने इसको लेकर अपनी आवाज उठाई है। उन्होंने कहा है कि प्रकृति-उपासक सरना धर्म का पालन करते हैं। जल, जंगल और जमीन- प्रकृति के ये तीन पहलू सरना आस्था के मूल हैं। वर्ष 2011 के जनगणना के मुताबिक झारखंड में जनजातीय आबादी 86.45 लाख (26.2) प्रतिशत है। झारखंड में यह मुद्दा बहस और राजनीति के केंद्र में भी रहा है। प्रकृति पूजा पर केंद्रित, सरना धर्म का मुख्य रूप से झारखंड के अलावा देश के कई राज्यों में आदिवासी समुदायों द्वारा पालन किया जाता है। जनगणना में आदिवासियों के लिए कोई अलग संहिता न होने के बावजूद 2011 की जनगणना में लगभग 50 लाख लोगों ने सरना को अपने धर्म के रूप में दर्ज कराया है।



टीवीएनएल हर महीने बिजली वितरण निगम को देता है 80 करोड़ की बिजली

# झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम पर टीवीएनएल का 5900 करोड़ रुपये बकाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अलग राज्य गठन के बाद से ही झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम और टीवीएनएल के बीच बीच बकाए को लेकर जो खिच-खिच चल रहा है उसका अब तक कोई परमानेंट सोल्यूशन नहीं निकल पाया है। अब बिजली वितरण निगम पर टीवीएनएल का बकाया बढ़कर लगभग 5900 करोड़ रुपए हो गया है। टीवीएनएल हर महीने 80 करोड़ रुपए की बिजली झारखंड राज्य बिजली वितरण को देता है। टीवीएनल की दो यूनिटें 210-210 मेगावाट की हैं। फिलहाल इसके विस्तारीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। वह 3.54 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली वितरण निगम को देता है। बकाया राशि को लेकर टीवीएनएल ने बिजली वितरण निगम को रिमाइंडर भी भेजा है। वहीं टीवीएनएल का खर्च भी साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। ऑपरेशन और मेनटेनेंश का खर्च भी बढ़कर 300 करोड़ के पार हो गया है।






**विस्तारीकरण पर अब तक फंसा है पेंच :** टीवीएनएल के विस्तारीकरण पर अब तक पेंच फंसा हुआ है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की बैठक में मंत्रालय की ओर से राज्य में टीवीएनएल विस्तारीकरण को लेकर निर्देश जारी किया गया था। इस दौरान केंद्र सरकार ने जल्द से जल्द टीवीएनएल विस्तारीकरण के लिए योजना बनाने और कोयला आवंटन पर नीति बनाने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। टीवीएनएल का विस्तारीकरण 4300 करोड़ की लागत से किया जाना है। फिलहाल टीवीएनएल की दो यूनिट से लगभग 420 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य है। प्रति यूनिट से 210 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जाता है। टीवीएनएल हर महीने बिजली वितरण निगम को लगभग 70 से 80 करोड़ रुपए की बिजली देता है।

साल दर साल बढ़ता गया खर्च

| साल | कितना खर्च (करोड़ में) |
|---|---|
| 2022 | 464.99 |
| 2023 | 519.23 |
| 2024 | 570.58 |
| 2025 | 598.38 (प्रस्तावित) |
| 2026 | 632.08 (प्रस्तावित) |

ऑपरेशन और मेंटेनेंस का खर्च

| साल | कितना खर्च (करोड़ में) |
|---|---|
| 2022 | 269.82 |
| 2023 | 288.45 |
| 2024 | 307.54 |
| 2025 | 326.60 (प्रस्तावित) |
| 2026 | 347.29 (प्रस्तावित) |

वर्किंग कैपिटल राशि चाहिए

| साल | राशि (करोड़ में) |
|---|---|
| 2022 | 322.52 |
| 2023 | 396.98 |
| 2024 | 411.10 |
| 2025 | 421.09 |
| 2026 | 432.93 |

# राजनीतिक दलों के बीच आंतरिक लोकतंत्र और इसकी जड़ें मजबूत करना आवश्यक : स्पीकर

रबींद्रनाथ महतो ने पटना में अखिल भारतीय 85वें पीठासीन पदाधिकारियों की बैठक में लिया भाग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो पटना में हो रहे अखिल भारतीय 85वें पीठासीन पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेते हुए कॉन्फ्रेन्स की दूसरी दिन स्टैंडिंग कमेटी बैठक में और प्लानरी सेशन की बैठकों में भाग लिया। उन्होंने अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों की सम्मेलन प्रकोष्ठ के स्टैंडिंग कमिटी के सदस्य भी हैं।

विदित हो कि सौ से कम सदस्यों वाले विधानसभा वाले राज्यों से इस कमेटी के कुल दो सदस्य हैं। स्पीकर ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों के प्रकोष्ठ के समक्ष संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाये रखने के लिए संसद और विधान मंडलों में सदस्यों का महत्वपूर्ण जनहित के मामलों पर अपनी आंतरिक आस्था और समझ के आधार पर अपनी विचारों के रखने की छूट दिये जाने तथा राजनीतिक दलों के अंदर आंतरिक लोकतंत्र को बुनियादी ढंग से लागू करने से संबंधित विचारार्थ दो बिंदुओं को रखा है। सम्मेलन में संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाने विशेषयक चर्चा में राजनीतिक लोकतंत्र के अतिरिक्त आर्थिक और सामाजिक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने जरूरत पर भी स्पीकर ने अपनी बातों को विस्तार से रखा है।



झारखंड में मईयां सम्मान योजना के बारे में बताते करते हुये उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड की आधी आबादी के लिए संविधान के मूल अधिकारों में प्रदत्त समानता के अधिकार को मजबूत करने तथा समाज में मां बहनों को उनकी स्वायत्तता और स्वालंबन को केंद्र में रखते हुए इस योजना को राज्य सरकार ने लागू की है। इससे कहीं ना कहीं आर्थिक और सामाजिक लोकतंत्र को और भी अधिक सशक्त बनाने में बढ़ावा मिलेगी।

अखिल भारतीय 85वें पीठासीन पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं माननीय राज्यसभा उपाध्यक्ष सहित राज्य के विधानसभाओं तथा विधान परिषदों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पटना पहुंचे हैं।

गणतंत्र दिवस पर मंत्री करेंगे जिला मुख्यालयों में झंडोत्तोलन

# वित्त मंत्री पलामू में और स्वास्थ्य मंत्री जामताड़ा में करेंगे झंडोत्तोलन

### मंत्रिमंडल सचिवालय ने कार्यक्रम जारी किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह 2025 के अवसर पर मंत्री विभिन्न जिलों के मुख्यालय में झंडोत्तोलन करेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा झंडोत्तोलन कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत वित्त मंत्री पलामू में और स्वास्थ्य मंत्री जामताड़ा में करेंगे झंडोत्तोलन।



### मंत्रियों के कार्यक्रम

- मंत्री राधाकृष्ण किशोर पलामू (डाल्टनगंज) में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री दीपक बिरुवा पश्चिमी सिंहभूम में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री चमरा लिंडा गुमला में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री संजय प्रसाद यादव पाकुड़ में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री रामदास सोरेन पूर्वी सिंहभूम में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री इरफान अंसारी जामताड़ा में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री हाफिजुल हसन देवघर में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री दीपिका पांडे सिंह गोड्डा में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री योगेन्द्र प्रसाद बोकारो में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री सुदिव्य कुमार गिरिडीह में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की लोहरदगा में झंडोत्तोलन करेंगे।


AFFIDAVIT

Before,
The Notary Public,
Lohardaga.



I, Amar Vishwakarma son of Raghunandan Mistri, resident of village near Post Office Palmerganj Lohardaga, P.S. and Dist. Lohardaga, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows-

1. That I am permanent resident of above mentioned address.
2. That Rajat Vishwakarma is my son and his date of birth is 03.05.2015 which is correct.
3. That I have obtained UID No. 386479768262 of my son in which his name is written as Ayush Vishwakarma and date of birth is mentioned as 03.05.2013 which is wrong.
4. That correct name of my son is Rajat Vishwakarma and his correct date of birth is 03.05.2015 be recorded in issued Aadhar Card, hence this affidavit.
5. That the statements made in the affidavit are true and correct the best of my knowledge and belief.

Ref No. 2290
Date. 20 JAN 2025.


### प्रदेश कांग्रेस की बजट पूर्व परिचर्चा एक फरवरी को

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा बजट पूर्व एवं नगर निकाय चुनाव पर परिचर्चा का आयोजन एक फरवरी को केन्द्रीय बागवानी सभागार पलांडू रामपुर में होगी। यह परिचर्चा दो सत्रों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता होगी। परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का एवं डॉ सिरिबेला प्रसाद मौजूद रहेंगे। परिचर्चा के दूसरे दिन दो फरवरी को पूर्वाह्न 11:00 बजे से ओरमांझी स्थित डटमा भूसूर में पॉलिटिक्ल अफेयर्स कमिटी की बैठक होगी। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रथम सत्र में मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक इस परिचर्चा में भाग लेंगे। वहीं द्वितीय सत्र में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्ववर्ती कार्यकारिणी के सदस्यगण, जोनल कोऑर्डिनेटर, बोर्ड निगम के चेयरमैन, अग्रणी संगठन, विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सहित संगठन के अधिकतम 5-5 पदाधिकारी को भाग लेना अनिवार्य किया गया है।


कमर्शियल वाहन की खुली नीलामी

टाटा मोटर्स फाइनेंस द्वारा जब्त किए गए कमर्शियल वाहनों की खुली नीलामी दिनांक 22 जनवरी 2025 दिन बुधवार को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक नीचे दिए गये पते पर आयोजित की गई है। पता : होटल जेनिस्टा इन डायमंड प्लाजा पुरुलिया रोड, नियर फ्रेंड्स ऑटोमोबाइल कांटा टोली चौक, रांची झारखंड। नीलामी में भाग लेने के लिए आप सादर आमंत्रित हैं। अधिक जानकारी के लिए 7209071956, 9525182395 पर कॉल करें।


राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स-2 निर्माण के लिए जमीन का किया निरीक्षण

# दो साल में तैयार हो जायेगा रिम्स-2 : स्वास्थ्य मंत्री

- आने वाले दिनों में झारखंड की स्वास्थ्य सेवाएं पूरे देश में कीर्तिमान स्थापित करेंगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची में नया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रिम्स-2 बनाने की परियोजना पर काम शुरू हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को रिम्स टू के लिए जमीन का निरीक्षण किया। इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को रिम्स अस्पताल के विस्तृत भवन रिम्स-2 के निर्माण के लिए विभागीय सचिव अजय कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राज कमल, मुख्य अभियंता, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और रिम्स प्रबंधन के साथ रिम्स, बरियातू जाकर निरीक्षण किया। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि रिम्स टू का निर्माण दो साल में पूरा होगा। उन्होंने 15 दिन में मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का लेआउट बनाने का निर्देश दिया है। इसके बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी।



### रिम्स टू में क्या होगा और कितनी लागत आयेगी

- 1074 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा रिम्स-2
- 10 एकड़ जमीन पर बनेगा
- यूजी की 100 सीट और पीजी की 50 सीट होंगी
- 250 सुपर स्पेशलिटी बेड और 700 बेड के नए अस्पताल होंगे और
- स्पेशलिटी और सुपर स्पेशलिटी सेवाएं मिलेंगी, जिनमें नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नियोनाटोलॉजी शामिल हैं।

### सुकुरहुटू में बनेगा रिम्स-2

कांके के सुकुरहुटू में नया रिम्स बनेगा। राज्य सरकार की ओर से इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। जल्द ही प्रस्तावित रिम्स-2 का शिलान्यास होगा। 102 एकड़ में बनने वाले इस नये रिम्स की आधारशिला 15 दिनों में रखी जाएगी। इस नये रिम्स का स्थल निरीक्षण के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि ये बड़ी सौगात होगी। इसके तैयार हो जाने से रिम्स पर पड़नेवाले दवाब में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि रिम्स को कांग्रेस ने बनाया था और नये रिम्स को ये सरकार बनाएगी।

### 15 दिनों में रिम्स-2 के निर्माण का डीपीआर बनाने का निर्देश

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के मुताबिक राज्य की उच्च स्वास्थ्य व्यवस्था रांची स्थित रिम्स अस्पताल पर निर्भर करती है। पूरे राज्य से यहां मरीज आते हैं। इससे अस्पताल पर हमेशा भार रहता है। जनता द्वारा रिम्स के विस्तारीकरण को लेकर वर्षों से मांग की जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शिता से अब रिम्स-2 का निर्माण कराया जायेगा। मंत्री ने कहा कि जनता को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में रिम्स-2 का निर्माण भी होना है। 15 दिनों में डीपीआर तैयार करने को उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा है। जल्द ही मुख्यमंत्री के कर कमलों से इसका शिलान्यास होगा। इसका निर्माण कार्य भी जल्द से जल्द पूरा कराया जायेगा। इसके निर्माण से राज्य की जनता को रिम्स की उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में और भी आसानी होगी। उन्हें बेहतरीन सुविधाएं भी मिलेंगी। एक चिकित्सक होने के नाते वे स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को भली भांति समझते हैं। राज्य की जनता को बेहतरीन स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। आने वाले दिनों में झारखण्ड की स्वास्थ्य सेवाएं पूरे देश में कीर्तिमान स्थापित करेंगी।

खबर एक नजर में

## नाबालिग से लज्जा भंग करने के मामले में तीन वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो की विशेष अदालत ने नाबालिग पर लज्जा भंग करने के आशय से उस हमला करने के मामले में अभियुक्त मिथिलेश कुमार सिंह को दोषी करार कर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त 6 माह जेल काटनी होगी। अभियुक्त पीड़िता की बड़ी बहन का दोस्त था। घर आना-जाना होता था। साल 2017 में घर में अकेले पाकर घटना को अंजाम दिया। घटना को लेकर पीड़िता ने अभियुक्त के खिलाफ सदर थाना में 10 नवंबर 2020 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 4 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

## सुनीत शर्मा ने बच्चों को चरखा चलाना सिखाया



**रांची।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने यूके पब्लिक स्कूल, बूटी मोड़ में आकर बच्चों को चरखा चलाना सिखाया और उन्हें आत्मनिर्भर कैसे बनना है उस पर मोटिवेट किया। इतना ही नहीं उन्होंने बापू का चरखा से क्या संबंध रहा उसकी भी जानकारी दी। बच्चों को बताया कि चरखा इंसान को क्यों चलना जरुरी है। उन्होंने बताया कि चरखा राष्ट्रीय एकता, बहुआयामी तथा सर्वांगीण विकास का प्रतीक है। इस मौके पर संगठन के महानगर अध्यक्ष अंजनी रंजन, बादल सुंडी, अमितेश कुमार, रूपेश कुमार मौजूद थे।

### शहर में युवतियों की नासमझी और लापरवाही से बढ़ रही दुर्घटनाएं

# पढ़ाई के लिए मां-बाप ने डांटा तो छोड़ दिया घर, सात दिनों बाद मिला शव

**पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्ट्या यह मामला आत्महत्या का, फिर भी जांच जारी**

### कॉलेज की थी छात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से गायब एक कॉलेज छात्रा का शव रांची के धुर्वा डैम से मंगलवार को बरामद किया गया। छात्रा पिछले सात दिनों से अपने घर से गायब थी। परिजनों ने धुर्वा डैम आकर उसकी पहचान कर ली है। छात्रा एनी अनुष्का हटिया की रहने वाली थी। एनी अनुष्का 14 जनवरी से अपने घर से गायब थी, जिसके बाद परिजनों ने रांची के जगन्नाथपुर थाने में उसकी गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया था। पुलिस और छात्रा के परिजन उसे हर तरफ तलाश कर रहे थे। इसी बीच मंगलवार की सुबह रांची के नगड़ी पुलिस को स्थनीय लोगों ने सूचना दी कि धुर्वा डैम में एक लड़की शव देखा गया है। स्थनीय गोताखोरों के द्वारा पुलिस ने शव को बाहर निकाला, जिसकी पहचान एनी अनुष्का के रूप में हुई।

### दो दिन पहले धुर्वा से मिला था बैग

मृतक छात्रा का बैग दो दिन पहले रांची के धुर्वा इलाके से बरामद किया गया था, जिसकी पहचान भी परिजनों के द्वारा की गई थी। उस दौरान किसी ने यह नहीं सोचा था कि एनी अब इस दुनिया में ही नहीं है।

### परिजनों से नाराज होकर घर से निकली थी : थाना प्रभारी

नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय बताया कि एनी के परिजनों ने बताया था कि उनकी बेटी पढ़ाई नहीं करना चाहती थी। पढ़ाई के लिए कहने पर वह नाराज हो गई और आत्महत्या की बात कहकर घर से चुपचाप निकल गई। जिसके बाद उन्होंने उसे कई जगहों पर तलाश भी की थी लेकिन पता नहीं चला।

### आत्महत्या का मामला

पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है। छात्रा का शव अपने से ही बाहर आया है। ऐसा लगता है 14 तारीख को ही छात्रा ने सुसाइड किया है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## धुर्वा डैम में एक और युवती के डूबने की खबर आज एनडीआरएफ चलायेगा रेस्क्यू ऑपरेशन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** धुर्वा डैम में मंगलवार को एक और युवती के डूबने की खबर है। युवती के डैम में डूबने की सूचना मिलने पर पुलिस के द्वारा एनडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई है।

**स्थानीय लोगों ने दी सूचना:** मंगलवार की शाम धुर्वा डैम के पास से कुछ स्थनीय लोगों ने एक युवती के डैम में गहरे पानी में जाने की सूचना धुर्वा पुलिस को दी। मौके पर जब पुलिस की टीम पहुंची तो डैम के किनारे से युवती का पर्स और सैंडिल बरामद किया गया। हालांकि जांच में युवती के पर्स से किसी भी तरह का पहचान पत्र नहीं मिला है, जिससे की डैम में डूबने वाली युवती की पहचान नहीं हो पाई है।

**रात की वजह से एनडीआरएफ नहीं शुरू कर सकी रेस्क्यू :** धुर्वा थाने के सब इंस्पेक्टर सतेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि डैम में एक युवती के द्वारा छलांग लगाए जाने की सूचना मिली थी, मौके से एक पर्स और सैंडिल बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों ने युवती को डैम में कूदते हुए देखा था। एनडीआरएफ की टीम को सूचना दी गयी है लेकिन रात होने की वजह से एनडीआरएफ रेस्क्यू अभियान शुरू नहीं कर पाई है। अब बुधवार की सुबह ही युवती को खोजने का काम शुरू होगा।

# एनडीआरएफ के जवानों को सीसीएल में दिया गया खान बचाव का प्रशिक्षण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/रामगढ़।** सीसीएल के खान बचाव केंद्र, रामगढ़ में 14 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन, बीहटा पटना के जवानों को प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम 6 जनवरी 2025 को शुरू हुआ और 21 जनवरी 2025 को संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि यह पूरे देश में पहली बार है जब गैर-खनन कर्मियों को खान बचाव प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एनडीआरएफ जवानों को भूमिगत खदानों में आपदाओं के दौरान बचाव कार्य के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को विषाक्त वातावरण में कार्य करना, आधुनिक बचाव उपकरणों का उपयोग करना और खदानों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की तकनीकों में निपुणता दी गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खान सुरक्षा निदेशक (रांची रीजन) आफताब अहमद ने इस प्रशिक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि एनडीआरएफ के जवान अब खनन आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने सीसीएल और एनडीआरएफ के संयुक्त प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर बिनोद कुमार, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), विकास कुमार, अधीक्षक (बचाव सेवाएं), सोहेल लखानी, डिप्टी कमांडेंट एनडीआरएफ 9वीं बटालियन सहित अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित थे। समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

# सीएमपीडीआई अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट 2024-25 का शुभारंभ



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के तत्वावधान में संस्थान के खेल मैदान में 21 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजित तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान अथलीट मीट 2024-25 का उद्घाटन महाप्रबंधक (ओपेनकास्ट) रणदीप सिंह एवं महाप्रबंधक (गवेषण) आरके सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्यालय एवं क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, श्रमिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

इस तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान अथलीट मीट 2024-25 के उद्घाटन सत्र में पुरूष वर्ग के लिए आयोजित 1500 मीटर ओपेन रेस में क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर के केशव चन्द्र राय-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर के प्रशांत कुमार राय-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर बिलासपुर के ही शैलेन्द्र रहे।

वहीं महिला वर्ग के लिए आयोजित 100 मीटर ओपेन रेस में क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली की प्रीति देवी-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर की अंजली-द्वितीय जबकि तृतीय स्थान पर मुख्यालय-रांची की मार्था एस. होरो रहीं। इन विजयी प्रतिभागियों को महाप्रबंधक (ओपेनकास्ट) रणदीप सिंह एवं महाप्रबंधक (गवेषण) आरके सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि इस तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान अथलीट मीट 2024-25 में सीएमपीडीआई (मुख्यालय)-रांची सहित इस क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल, क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद, मेजबान क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची, क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर, संस्थान-5-बिलासपुर, क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली एवं क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

## कांग्रेस नेता आलोक दूबे के पिता का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन, सैकड़ों नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के पिता सुरेश प्रसाद दूबे का मंगलवार को रिम्स हॉस्पिटल में निधन हो गया। आलोक दूबे के पिता सिंचाई विभाग से 2002 में सेवानिवृत्त हुए थे। पिछले दो वर्ष से लगातार अस्वस्थ थे तथा उनका इलाज रिम्स में हो रहा था। 82 वर्षीय स्वर्गीय दूबे अपने पीछे चार पुत्र, पुत्रवधु सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मंगलवार को ही आलोक कुमार दुबे के डोरंडा स्थित निवास स्थान से शव यात्रा निकाली गई तथा दाह संस्कार हरमू मुक्ति धाम में किया गया। श्री दूबे के पिता के निधन पर संपूर्ण झारखंड कांग्रेस परिवार, झारखंड के सभी निजी विद्यालय और पासवा के पदाधिकारी ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

**मुक्ति धाम पहुंचकर नेताओं ने दी श्रद्धांजलि :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, विधायक रामेश्वर उराँव, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉक्टर राजेश गुप्ता, अभिलाष साहू, परवेज आलम, राजन वर्मा, शहजादा अनवर, राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, फिरोज रिजवी मुन्ना, संजीत यादव, अभिषेक कुमार, अख्तर अली ,हुसैन खान, आफताब अहमद प्रोफेसर बीके सिंह, रवि सिंहा, मुकेश छेतरी, शहजादा अनवर, सोनाल शांति, राजेश यादव, विनय सिंह, बबलू वर्मा, डॉ सुषमा केरकेट्टा, ब्रज किशोर गुप्ता, फलक फातिमा, संजय प्रसाद, रूपेश कुमार, मनोज भट्ट, संजय कुमार, अरविंद कुमार, मुजाहिद इस्लाम शाहिद विभिन्न राजनीतिक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वर्णरेखा मुक्तिधाम पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### एबीवीपी के खेलो भारत की ओर से एक दिवसीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

## प्रतियोगिता में शामिल होने से होता है सर्वांगीण विकास : डॉ ब्रजेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर के खेलो भारत की ओर से मंगलवार को एक दिवसीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना झारखंड के कॉर्डिनेटर ब्रजेश कुमार, महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुप्रिया कुमारी, डॉ सुरभि कुमारी, प्रदेश सह मंत्री ऋतुराज शाहदेव, साक्षी कुमारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से विद्या की देवी मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद को माल अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रजेश कुमार ने कहा कि खेलो भारत के माध्यम से हमे पारंपरिक खेल के साथ साथ आधुनिक खेल को बढ़ावा देना है। खेल के माध्यम से हम सबके के अन्दर टीम स्पिरिट का भाव हम सब में जागृत होता है। खेल से शारीरिक एवं मानसिक रूप से तंदुरुस्त रहते हैं। खेल के माध्यम से हम अपनी पहचान प्रदेश,राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाने का कार्य भी हम इसके माध्यम से कर सकते हैं।

**खेलेगा युवा जीतेगा भारत : डॉ सुप्रिया कुमारी**

महिला महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुप्रिया कुमारी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के आयाम खेलो भारत के इस प्रयास से हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच में प्रतिभाओं का विकास कर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए सफल साबित होगा।खेल हम सभी के बीच में एकता का भाव जागृत करता है। इस कार्यक्रम के संयोजक सौरभ कुमार ने कहा कि खेलो भारत ऐसी परंपरागत खेल को बढ़ावा देता है जिसमें विद्यार्थियों को एक प्लेटफॉर्म मिलता है जिसमें विद्यार्थियों अपने अन्दर के छिपी प्रतिभा को विकसित कर सकते हैं। इस कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य रूप से चार टीम ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जिसमें राम लखन सिंह यादव कॉलेज, डोरंडा कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज, वीमेंस कॉलेज जिसमें मारवाड़ी कॉलेज विजेता और राम लखन सिंह यादव कॉलेज उपविजेता घोषित किया गया। प्रतिभागियों को मोमेंटो सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सिद्धांत श्रीवास्तव, सौरभ कुमार, गुड्डू राय, रोहित देव, अनिकेत सिंह, मुन्ना यादव उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद के दर्जनों कार्यकर्ता साक्षी, अनुशृति, कुमकुम, शारदा, राज दुबे, बिट्टू, कुशव ने सराहनीय भूमिकता निभायी।

### रांची विश्वविद्यालय और एनएसडीसी इंटरनेशनल के बीच हुआ एमोयू

# झारखंड में कौशल विकास से रोजगार के असीम अवसर प्राप्त होंगे : कुलपति

**पूर्वी भारत का यह पहला एमोयू एनएसडीसी के साथ**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इंटरनेशनल (एनएसडीसी) के बीच एक महत्वपूर्ण एमोयू पर हस्ताक्षर हुआ। यह एमोयू कार्यक्रम आईक्यूएसी सेमिनार हॉल मोरहाबादी कैंपस में कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य रांची विश्वविद्यालय, झारखंड के छात्रों को कौशल से युक्त करना है, ताकि समाज के सभी वर्गों को सशक्त किया जा सके और नागरिकों के सामाजिक-आर्थिक स्तर को ऊपर उठाने में मदद मिल सके। मौके पर वीसी ने कहा कि यह एनएसडीसी के साथ पूर्वी भारत का यह एमोयू स्किल डेवलपमेंट को एक नया आयाम देगा। उन्होंने एनएसडीसी को यह प्रस्ताव दिया कि वो यहां स्किल ट्रेनिंग सेंटर इंस्टीट्यूट खोलें, ताकि छात्रों को प्रशिक्षित किया जा सके। हम हर प्रकार के सहयोग के लिये तैयार हैं। इस स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम में आने वाले छात्रों को सात लाख तक का स्किल लोन प्राप्त हो सकता है और वह विदेशों में भी जा सकते हैं। इससे रोजगार के असीम अवसर प्राप्त होंगे। रांची विवि के बारे में आईक्यूएसी के कोऑर्डिनेटर डॉ. बीके सिन्हा ने प्रेजेंटशन दिया।

एमोयू में एनएसडीसी इंटरनेशनल के सीइओ आलोक कुमार ने कहा कि यह एमोयू का लक्ष्य विशेष रूप से युवाओं को कक्षा, लिंग और आर्थिक पृष्ठभूमि से परे कौशल प्रदान करना है। पिछले 2 वर्षों में 1 लाख की मांग में से एनएसडीसी ने सफलतापूर्वक 35,000 कुशल व्यक्तियों को विदेशों में रोजगार प्रदान किया है। उनका विदेशों में 22 देशों के साथ सहयोग है। अब रांची विश्वविद्यालय साथ मिल कर हमें स्वास्थ्य क्षेत्र में क्षमता निर्माण पर कार्य करेंगे। वहीं एनएसडीसी पूर्वी क्षेत्र की रीजनल हेड डॉ. भावना वर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों के प्रधानाचार्य भी उपस्थित थे और उन्होंने विदेशों में प्लेसमेंट के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव रांची विवि डॉ गुरूचरण साहू ने किया। इस अवसर पर रांची विवि के डीआर वन डॉ. प्रीतम कुमार, सीसीडीसी डॉ पीके झा, प्रॉक्टर आरयू डॉ मुकुंद मेहता, डीएसडब्ल्यू डॉ. सुदेश कुमार साहु, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. स्मृति सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विकास कुमार, सारे डीन और आईक्यूएसी सदस्य उपस्थित थे।

### रियलिटी शो सिंगिंग सुपरस्टार का होगा आयोजन

# रांची समेत तीन जगहों पर होगा ऑडिशन : मिकू सिंह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के पीवीआरआई इंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले रियलिटी शो सिंगिंग सुपरस्टार का प्रेस कॉन्फ्रेंस संपन्न हुआ। शो के आयोजक ने बताया कि इस शो का कुल ऑडिशन 14 जगहों पर होंगे, जिसमें यूपी में तीन लखनऊ, वाराणसी एवं गोरखपुर में। बिहार में गोपालगंज, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पटना, गया, आरा एवं भभुआ में जबकि झारखंड में रांची, जमशेदपुर और गढ़वा होंगे ऑडिशन होंगे। प्रतिभागि कलाकार की उम्र 12 वर्ष एवं उससे ऊपर की होगी। प्रतिभागी कलाकारों को भाग लेने के लिए आवेदन के रूप में 499 रुपये भुगतान करने होंगे। इसके अलावा प्रतिभागी कलाकारों को कोई भी फीस भुगतान करना नहीं होगा। विशेष जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

इस शो के विजेता को इनाम के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में कार एवं नगद राशि 1 लाख 51 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में बाइक एवं नगद राशि 1 लाख 51 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार के रूप में नगद राशि 1 लाख 51 हजार रुपये, चतुर्थ पुरस्कार के रूप में 51000 की नगद राशि, पांचवें पुरस्कार के रूप में 25000 की नगद राशि एवं छठे पुरस्कार के रूप में 11000 की नगद राशि प्रदान की जायेगी। प्रियदर्शी कुमार सिंह, मिकू सिंह एवं सचिन कुमार ने निर्माता ऋषि राज और सह निर्माता आदित्य राज को शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस शो को एक बदलाव के रूप में बताया जो भोजपुरी भाषा की दिशा और दशा तय कर सकता है। इस शो के निर्णायक मंडल में शामिल विनय बिहारी ने बताया कि भोजपुरी भाषा को आने वाले समय में अपनी मर्यादा बनाये रखने की जरूरत है। इस शो के निर्णायक मंडल में संगीत निर्देशक राजेश गुप्ता, सुप्रसिद्ध गायिका देवी शो के होस्ट के रूप में फिल्म अभिनेता मनोज सिंह टाइगर एवं माधवी श्री होंगे। सभी ने शो को मील का पत्थर बताया।

मौके पर शो के निर्माता ऋषि राज और सह निर्माता आदित्य राज, निर्देशक अनिल बाबा पाठक झारखंड प्रभारी अमित तिवारी थे।

# रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ ने किया रजिस्ट्रार का घेराव

## एसटी-एससी विरोधी अनमोल कुमार लाल को वापस भेजने की मांग



- रैली निकाली और आदिवासी विरोधी डॉक्टर अनमोल कुमार लाल का पुतला फूंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ ने मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार का घेराव किया। महासंघ के अध्यक्ष नवीन चंचल और कर्मचारी संघ के महासचिव अर्जुन कुमार के नेतृत्व में रजिस्ट्रार तथा एसटीएससी विरोधी अनमोल लाल को अविलंब विश्वविद्यालय से वापस भेजने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के उपरांत विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों के अलावा कॉलेज के सभी कर्मचारी एवं अल्पसंख्यक कॉलेजों के कर्मचारी भी सामूहिक रूप से रैली में शामिल थे। रैली विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार तक निकाली गयी एवं शिक्षक और शिक्षक कर्मचारी तथा आदिवासी विरोधी डॉक्टर अनमोल कुमार लाल का पुतला दहन किया गया। संघ के अधिकारियों का कहना था कि अनमोल लाल को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय में इसलिए भेजा था कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन निर्धारण एवं कोई भी समस्याएं सरकार के स्तर पर सामंजस्य बनाकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों के लिए कम करें। लेकिन उनका रवैया ऐसा हो गया है कि जब तक वह उपनिदेशक के पद पर इस विभाग में रहेंगे तब तक झारखंड के विश्वविद्यालय के कर्मचारियों का कोई काम नहीं करेंगे। इस तरह के रवैया होने के कारण सरकार की छवि धूमिल हो रही है। इसमें अधिकतर एसटी-एससी के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं। इनका 12 से 15 वर्षों तक वेतन निर्धारण लंबित है। वहीं, ढेरों शिक्षक-कर्मचारी का निधन भी हो गया है। मौके पर संघ के अध्यक्ष डॉ राजकुमार के अलावा अल्पसंख्यक कॉलेजों से परवेज आलम, संजय पाठक, विपिन कुमार, नवीन कुमार, आरएन दुबे, रोहित कच्छप, प्राण ठाकुर, गोविंद झा, जावेद आलम, सन्नी उरांव, विजय वर्मा, कर्मवीर उरांव, अनमोल बारे, राजेश कच्छप, सुधीर सिंह, मनोज कुमार, विजय खलखो और महेश यादव समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

## अबुवा बजट में अल्पसंख्यकों के आर्थिक विकास की योजनाएं शामिल हों : एस अली



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अबुवा बजट को लेकर आमया संगठन के द्वारा अंजुमन प्लाजा रांची में बैठक की गई जिसमें अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक, एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को लेकर परिचर्चा की गयी। मौके पर आमया संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्रियों के नाम प्रस्ताव पत्र जारी किया। जिसमें अल्पसंख्यक प्रभाग के बजट में बढ़ोतरी कर 500 करोड़ करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में अल्पसंख्यक युवकों का बजट 200 करोड़ करने, अल्पसंख्यक प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना शुरू करने, जिला स्तर पर +2 अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय खोलने, अल्पसंख्यक विद्यालय एवं मदरसा में स्मार्ट क्लास रूम योजना चलाने, राजधानी में अल्पसंख्यक महिला छात्रावास का निर्माण कराने, अल्पसंख्यक युवक-युवती के रोजगारोन्मुखी स्किल्ड ट्रेनिंग योजना करने, अल्पसंख्यक बहुल प्रखंडों में लाइब्रेरी का निर्माण करने तथा अल्पसंख्यक बहुल पंचायतों में कम्यूनिटी हॉल का निर्माण करने के अलावा अल्पसंख्यक लड़कियों के लिए शादी सहायता योजना शुरू करने, उच्च एवं तकनीक शिक्षा विभाग में बिहार मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी यूनिवर्सिटी के तर्ज पर झारखंड में मौलाना आजाद अरबी फारसी यूनिवर्सिटी खोलने की मांग की। उन्होंने बजट में अल्पसंख्यक महिलाओं और बच्चियों के लिए फातिमा शेख किशोरी समृद्धि योजना शुरू करने और फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के तर्ज पर अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए फातिमा शेख प्रोत्साहन अभियान शुरू करने सहित अन्य मांग की। मौके पर जियाउद्दीन अंसारी, मो फुरकान, एकराम हुसैन, मौलान फजलूल कदीर, शाहिद अफरोज, औरंगजेब आलम, अलाउद्दीन अंसारी, जावेद अंसारी, अब्दुल बारी, सिद्दीक अंसारी, असलम अंसारी, हसन अंसारी, इमरान जिलानी आदि शामिल थे।

## झारखंड की मुख्य सचिव को जेजेए ने पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा

- सीएस अलका तिवारी ने पत्रकारों को सभी मुद्दों पर सकारात्मक पहल का दिया अश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की झारखण्ड राज्य इकाई की ओर से मंगलवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी को ज्ञापन सौंपकर पत्रकारों के विभिन्न लंबित मांगों के समाधान की मांग की। मुख्य सचिव को सौंपे गए मांगपत्र में मध्य प्रदेश शासन की भांति पत्रकार पेंशन योजना लागू करने, पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए पत्रकार स्वास्थ बीमा लागू करने, गंभीर रूप से बीमार पत्रकारों में मनीष कुमार सिन्हा (जमशेदपुर), अनवर फिदवी (हजारीबाग), नूतन शर्मा (रांची), पत्रकार उपेंद्र महतो की पत्नी बेबी महतो (चांडिल, सरायकेला) सहित अन्य पत्रकारों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने, कोरोना महामारी से जान गंवाने वाले पत्रकारों के परिजनों को आर्थिक सहायता एवं अनुकम्पा के आधार पर नौकरी प्रदान करने एवं झारखण्ड के विभिन्न जिलों में समाचार संकलन को लेकर पत्रकारों के विरुद्ध दर्ज झूठे मुकदमे करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अन्य राज्यों में मिल रही योजनाओं के बारे में भी राष्ट्रीय महसचिव शाहनवाज हसन से जानकारी ली और अश्वस्त किया कि सभी मांगों पर सरकार गंभीरता पूर्वक विचार करेगी। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णानंद भारती, राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निलय सेनगुप्ता, एवं रांची के पत्रकार वीर सिंह शामिल थे।

**खबर एक नजर में**

## राज्य ताइक्वांडो में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने एक स्वर्ण, एक रजत व एक ब्रॉन्ज जीता



**रांची।** झारखंड ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में ईस्ट सिंहभूम जिला ताइक्वांडो संघ की मेजबानी में 18 एवं 19 जनवरी को जमशेदपुर के राजस्थान भवन में आयोजित 24वीं सीनियर क्यूरुगी व 13वीं सीनियर पूमसे एवं 10वीं कैडेट क्यूरुगी व 9वीं कैडेट पूमसे राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2024-25 में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने रांची जिला टीम की तरफ से भाग लिया और खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण, 1 रजत व 1 कांस्य पदक जीता और जीतने के साथ ही साथ जिला टीम ने बेस्ट डिसिप्लिन टीम का अवार्ड भी अपने नाम किया। सिद्धिका राज 7 सी गोल्ड, आयुष कच्छप 8 बी ने सिल्वर, सौम्या आनंद 8 ई ने ब्रॉन्ज मेडल अपने-अपने वर्ग में अपने नाम किया। स्कूल की साधिका राज 27 जनवरी से 30 जनवरी तक हैदराबाद में होने वाले नेशनल चैंपियनशिप में झारखंड टीम की तरफ से खेलेगी।

## राधानगर ग्राउंड पंडरा में धर्मरक्षिणी श्री राम सेवा समिति का सामूहिक भव्य सुंदर कांड

**रांची।** धर्मरक्षिणी श्री राम सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार को राधानगर पंडरा में भव्य सामूहिक सुंदर कांड का आयोजन किया गया है। इसमें हजारों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। यात्रा पूरे क्षेत्र में राम भक्ति के रंग में रंगी रहेगी। जय श्री राम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। आयोजन समिति के संयोजक कुमुद झा ने बताया कि 22 जनवरी 2025 को पंडरा के राधानगर ग्राउंड में सामूहिक सुंदर कांड पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में गया के प्रसिद्ध पाठ वाचक आलोक मिश्रा की उपस्थिति विशेष आकर्षण होगी। साथ ही 1100 महिलाएं एक साथ सुंदर कांड का पाठ करेंगी, जो अपने आप में अनोखी भक्ति अनुभूति होगी यह आयोजन सुबह 10 बजे से 6 बजे तक चलेगी। कार्यक्रम में सुंदर कांड पाठ के अलावा नगर कीर्तन, भजन और भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन में 4000 से 4500 भक्तों की उपस्थिति की संभावना है, जो भगवान राम की भक्ति में डूबकर इस अद्वितीय कार्यक्रम का आनंद उठाएंगे। धर्मरक्षिणी श्री राम सेवा समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

## भेलवा टुंगरी सह स्व. काशीनाथ महतो स्मृति मेला धूमधाम से संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**मुरी/सिल्ली।** सल्ली प्रखंड में मंगलवार के दिन भेलवा टुंगरी सह स्व. काशीनाथ महतो स्मृति मेला धूमधाम से संपन्न हुआ। मेला की शुरुआत स्व. काशीनाथ के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर मेला का शुभारंभ किया गया। मेले में स्वर्गीय काशीनाथ का पूरा परिवार भी उपस्थित रहा। मंच पर रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, आजसू के संगठन सचिव जयपाल सिंह, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, समाजसेवी श्याम सुंदर महतो एवं डॉ अमित कुमार उपस्थित रहे। मेले में महिला पाता नाच मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में महिलाओं के द्वारा टुसु प्रदर्शन भी किया गया। टुसु प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कलवाडीह निवासी वीणा देवी, द्वितीय पुरस्कार कुसुमटीकरा निवासी अंजु एवं तृतीय पुरस्कार बांधडीह निवासी सुशीला कुमारी को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही फुटबॉल एवं क्रिकेट खेल में विजेता एवं उपविजेता को भी कमेटी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य किया। महिला और पुरुष फुटबॉल खेल, क्रिकेट खेल, मुर्गा लड़ाई समेत और भी कई प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया था। आज के इस मेले को देखने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेले के सफल आयोजन में मधुसूदन महतो, लक्ष्मण महतो, विशाल महतो, विकास महतो, सुभाष महतो, मनोहर महतो, फारुख मोमिन, चांद हुसैन, धनेश्वर बेदिया, बंशीधर उरांव, जीतू महतो, हराधन महतो, कैलाश महतो, शिशुपाल महतो, एवं दिलीप मिंज इत्यादि का सराहनीय योगदान रहा।

## विज्ञान ओलंपियाड में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 'सिल्वर जोन ओलंपियाड' द्वारा आयोजित 'विज्ञान ओलंपियाड' में शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा आठवीं के वत्सल आर्य और कक्षा दसवीं के रौनक कुमार 'जोनल टॉपर' बने। उन्हें 500 रुपये मूल्य का उपहार व प्रमाण पत्र भी दिया गया। कक्षा दसवीं के समर्थ राज, कक्षा ग्यारहवीं के मृत्युंजय मिश्रा और कक्षा बारहवीं की अन्वेषा अग्रवाल एवं सिमरन ने 'राज्य स्तर' पर टॉप स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, 11 विद्यार्थियों को 'उत्कृष्टता के स्वर्ण पदक', 13 विद्यार्थियों को 'रजत पदक' और 13 विद्यार्थियों को 'कांस्य पदक' से सम्मानित किया गया। प्राचार्या परमजीत कौर ने विद्यार्थियों के इस अद्वितीय प्रदर्शन की सराहना की और 'राष्ट्रीय स्तर' की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**पिठोरिया।** पिठोरिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन कांके स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पर्ल मिन्ज के नेतृत्व में किया गया। मेले का उद्घाटन कांके विधायक सुरेश बैठा द्वारा किया गया। मौके पर श्री बैठा ने कहा कि इस मेले का आयोजन से क्षेत्र के मरीजों को बेहतर लाभ मिलेगा और गरीबों के लिए सहायक बनेगा। श्री बैठा ने स्वास्थ विभाग द्वारा इस आयोजन की खूब सराहना की। मौके पर रांची सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार भी मौजूद थे, जिन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में ही मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जागरूकता केंद्र का उद्घाटन किया। यह केंद्र एमआई होप फाउंडेशन द्वारा संचालित किया जाएगा। स्वास्थ्य मेले में क्षेत्र के राडहा, बेंती, बागदा, ऊरूगुटू, पिठोरिया, कोकदोरो, पीरूटोला, करंजटोला, मानना, ईचापीडी बाढु बालू कनादु सहित दर्जनों गांव के लोगों ने स्वास्थ्य जांच करायी। कुल 327 मरीजों ने जांच करायी। जिसमें 32 मोतियाबिंद स्क्रीनिंग, 240 लोगों का परिवार नियोजन सामग्री, नान कम्युनिकेबल डिजीज के अंतर्गत 65 मरीज का बीपी और शुगर जांच, 8 मरीज की दांत, 20 मरीज का एचआईवी व कुष्ठ रोग के 10 मरीजों की जांच, टेली मेडिसिन के तीन मरीज तथा 32 मरीजों की आंखों की जांच की गयी। कैंप में मुख्य रूप से डॉक्टर रोज बिहुला, डॉक्टर पल्लवी केसरवानी, डॉक्टर मनीष, डॉक्टर नजमा, डॉक्टर वर्तिका के साथ अखिलेश, रंजनी कुमारी, कमर अली, सीमा कुमारी, सबा परवीन, एकता, वर्षा, पुष्पा कुमारी, एएनएम किरण तिग्गा, वंदना तिग्गा, पूनम कुमारी, जया कुमारी आदि का अहम योगदान रहा। मौके पर पिठोरिया की मुखिया मुन्नी देवी, मनोवर अंसारी, सुरेश राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## बेड़ो महादानी मंदिर में मंगलवारी हनुमान चालीसा की वर्षगांठ मनी



- रामभक्तों के बीच भंडारा के दौरान भोग व प्रसाद का किया गया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो महादानी मन्दिर परिसर स्थित हनुमान मन्दिर में मंगलवारी हनुमान चालीसा का वर्षगांठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ सात साल पहले एकल अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, राजेश गोप एवं संस्कार प्रमुख मुकेश कुमार रॉय ने किया था। वहीं वर्षगांठ के अवसर पर पुजारी अशोक पंडा ने हनुमान जी का विधिवत धार्मिक अनुष्ठान व पूजा अर्चना करायी। साथ ही श्री हरि रथ सेवा योजना मण्डली द्वारा सभी रामभक्तों के बीच सुन्दरकाण्ड का पाठ और हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया गया। वहीं रामभक्तों के बीच भंडारा के दौरान भोग व प्रसाद का वितरण किया गया।

इधर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बेड़ो रौनियार वैश्य संघ इकाई बेड़ो के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, एकल अभियान संच बेड़ो अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, मिडिया प्रभारी विकास बंटी रौनियार, कोषाध्यक्ष अमर गुप्ता, संदीप सोनी, धनंजय महतो, रोशन महतो,

नित्यानंद महतो,बोधन स्वांसी, दशरथ अहीर, मधुसूदन अहीर व कुश कुमार आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## श्री श्याम मंदिर में 137वां श्री सुदरकाण्ड- श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ आयोजित



**रांची।** श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में आज 137वां श्रीसुन्दरकाण्ड - श्रीहनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री हनुमान जी महाराज की दिव्य पावन अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करके केशरिया, गुड़, चना, फल का प्रसाद अर्पित किया गया। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित की। श्रीसुन्दरकाण्ड-श्रीहनुमान चालीसा का पाठ में भक्तजन श्री हनुमानजी महाराज की आराधना में लीन रहे। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित सैकड़ों भक्तों से सामूहिक पाठ करवाया। महाआरती करके प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़निया, राजेश जायसवाल, पुष्पा देवी पोद्दार, मुकेश मित्तल, श्यामसुंदर शर्मा, अंकित सिंह, हर्ष कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

## मजदूर की बेटी बनी फुटबालर, झारखंड की चार खिलाड़ी भारतीय टीम में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव चंदरा की बेटी दिव्यानी लिंडा का अंडर-17 भारतीय महिला फुटबाल टीम शामिल हो गई है। मलेशिया दौरा में जाने वाली भारतीय टीम में झारखंड से चार खिलाड़ी का चयन हुआ है। मलेशिया दौरा के लिए 22 सदस्यीय भारतीय टीम जिसमें दिव्यानी लिंडा रांची जिला की एक मात्र खिलाड़ी है। दिव्यानी लिंडा के अलावे गुमला जिला से दो अनिता डुंगडुंग व सूरजमनी कुमारी और हजारीबाग से एक अनुष्का कुमारी का भी चयन हुआ। यह जानकारी दिव्यानी लिंडा का कोच अनवारूल हक ने दी और बताया भारतीय टीम में चयन के लिए बेंगलुरू में कैंप लगा था। इधर गांव में दिव्यानी के भारतीय टीम में चयन होने की जानकरी मिलने पर गांव के लोग भी काफी खुश हैं। दिव्यानी के कोच के अलावा पूर्व मुखिया रमेशचंद्र उरांव ने कहा एक गरीब घर की बेटी सुदूरवर्ती गांव से निकल कर अब देश का प्रतिनिधित्व करेगी। इससे पूर्व दिव्यानी लिंडा का अंडर-15 भारतीय टीम में भी चयन हुआ था। उस समय गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा ढोल नगाड़े के साथ दिव्यानी लिंडा का जोरदार स्वागत किया गया था। दिव्यानी लिंडा के भारतीय टीम में चयन होने पर सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, विधायक राजेश कच्छप, झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव गुलाम रब्बानी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, स्टार वारियर्स के संरक्षक व समाजसेवी जगदीश सिंह जग्गू, कोच अनवरल हक (बबलू), डा. शाहनवाज कुरैशी, समंद्र लाल, आशीष बॉस, रेश्मि तिर्की, सकील अहमद, नुरुल हक सहित कई लोगों ने बधाई दी है। पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता में दिव्यानी का शानदार खेल देखकर ही स्टार वारियर्स के कोच का उसपर ध्यान गया था। जिसके बाद उसने दिव्यानी को अपने कैंप के साथ जोड़ लिया था। अब अंडर-17 टीम में चयन होने पर स्टार वारियर्स के खिलाड़ियों द्वारा खुशी जताई गई है। दिव्यानी लिंडा काफी गरीब घर से है। उसके पिता सुखदेव उरांव का निधन हो गया है। वहीं मां प्रतिमा देवी मजदूरी करती है। उसका एक भाई शिवा लिंडा दिव्यांग है और दो बहनें दिव्यानी से छोटी हैं। मां मजदूरी कर बच्चों का परवरिश कर रही है। बताया गया कि गांव में अन्य लड़कियों को फुटबाल खेलते देख दिव्यानी लिंडा भी गांव में फुटबाल खेलना शुरू की थी। बेहतर फुटबाल खेलने के कारण, उसे पंचायत स्तीय फुटबाल प्रतियोगिता में भी खेलाया जाता था।

## मुझे बचपन से ही छोटानागपुर की नृत्य संगीत और संस्कृति से प्यार है : मुकुन्द नायक

- तीन दिवसीय क्षेत्रीय संगीत नृत्य कला प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारम्भ

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** कुंजवन छोटानागपुरी लोक कला एव नृत्य प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में मंगलवार को प्रखंड के सिरका स्कूल मैदान के पास तीन दिवसीय झारखंड जन जातिय एवं क्षेत्रीय संगीत नृत्य कला सह कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता जलेन्द्र कुमार ने कहा कि लूप्त होती अखरा संस्कृति को हर हाल में बचाने की आवश्यकता है। उन्होंने अखरा निर्माण के लिए अपने बीएड कॉलेज बीसा के पास जमीन देने की घोषणा की। कुंजवन के मुख्य सलाहकार पद्मश्री मुकुन्द नायक ने कहा कि उन्हें छोटानागपुर की संस्कृति से गहरा लगाव और प्यार है। उन्होंने कहा कि बचपन में वे अपने मां-बाप के साथ अखरा में जाते थे और उसी समय से उन्हें छोटानागपुर की संस्कृति, गीत संगीत और नृत्य से लगाव हो गया। यही कारण है कि वे अस्वस्थ रहते हुए भी छोटानागपुरी गीत संगीत और नृत्य को सिखाने के लिए आप सबके बीच आए हैं। वरिष्ठ पत्रकार चन्दन मिश्रा ने कहा कि हर गांव की अखरा संस्कृति खत्म होती जा रही है। गांव में जो ढोल और नगाड़ा की आवाज पहले गूंजती रहती थी वह आवाज अब दबती जा रही है। हमारी संस्कृति लुप्त होती जा रही है। यदि हम सबको अपनी धरती की मिट्टी से प्यार है तो छोटानागपुर के लोक नृत्य संगीत को सीख कर अपनी संस्कृति को बचा कर रखना जरूरी है। महाबीर नायक ने कहा कि गांव घर के बहुत सारे रीति रिवाज को हमलोग भूलते जा रहे हैं, कई पौरणिक भाषा है, लिपि है। उसको भी भूल गए हैं। पहले गांव के आसपास काफी जंगल झाड़ होते थे, जहां हिंसक जानवर भी रहते थे। इन हिंसक जानवरों से बचने के लिए गांव के लोगों ने अखरा संस्कृति शुरू की थी। उस अखरा में लोग इकट्ठा होकर नृत्य संगीत करते थे। जिससे लोगों का मनोरंजन के साथ हिंसक जानवरों से भी बचाव भी हो जाता था। कहा कि हमें अपने गांव की संस्कृति को बचाकर रखना है तभी हम देश दुनिया में अपनी संस्कृति को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने सरकार से स्कूल कॉलेज में जनजातीय गीत संगीत की पढ़ाई शुरू करने की मांग की। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को कलाकारों के द्वारा जनजातीय नृत्य संगीत और कला को व्यवहारिक रूप से प्रदशित करके प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मुखिया अनीता देवी, दुर्गा महतो, कमेश्वर महतो इत्यादि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महानंद नायक ने भरपूर सहयोग किया। उन्हें मोमेन्टो और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## यूको बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही की कारोबारी परिणाम घोषित किये

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारत सरकार की अग्रणी बैंक, यूको बैंक ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही की कारोबारी परिणाम घोषित किए। कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 12.28% बढ़कर 4,88,911 करोड़ रुपये हो गया है। जहां कुल जमा वृद्धि दर्ज करते हुए 2,80,256 करोड़ रुपये हो गया वहीं सकल अग्रिम वार्षिक आधार पर 16.44% की वृद्धि दर्ज करते हुए 2,08,655 करोड़ रुपए हो गया। खुदरा ऋण, कृषि ऋण तथा एमएसएमई अग्रिम संविभाग वर्ष-दर-वर्ष 22.01% बढ़कर 1,14,350 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें खुदरा ऋण में 31.01%, कृषि ऋण में 20.04% तथा एमएसएमई अग्रिम में 12.75% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। शुद्ध लाभ 639 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के लिए 503 करोड़ रुपये था, जो साल-दर-साल 27.04% की वृद्धि दर्ज करता है। परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 41.73% की वृद्धि दर्ज करते हुए 1586 करोड़ रुपए हो गया। सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) सालाना 94 बीपीएस कम होकर 2.91% हो गया, जबकि निवल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) साल-दर-साल 35 बीपीएस घटकर 0.63% हो गया। बैंक का ऋण-जमा अनुपात 74.45% हो गया। बैंक अपने कारोबारी क्षेत्र में भौगौलिक रूप से विस्तार कर रहा है। वर्तमान में बैंक के पास 3263 घरेलू शाखाओं और हांगकांग और सिंगापुर में 2 विदेशी शाखाओं तथा ईरान में 1 प्रतिनिधि कार्यालय का नेटवर्क है। कुल शाखाओं में से बैंक की 61.00% अर्थात 2010 शाखाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं। 31 दिसंबर 2024 की स्थिति के अनुसार बैंक के 2478 एटीएम तथा 10653 बीसी पॉइंट के साथ कुल 16397 टच पॉइंट हैं।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने योजनाओं का किया शिलान्यास कहा

# निर्माण कार्य योजनाओं की ग्रामीण खुद से करें निगरानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू/राहे।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में 50 लाख रुपये की लागत से होने वाली विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने अपने सांसद मद से काशीडीह गांव में पीसीसी सड़क निर्माण, महुआडीह (चिरुडीह) में चबूतरा निर्माण, धतकीजरा में पीसीसी सड़क निर्माण, कनकट्टा (महुआटोला )में पीसीसी पथ निर्माण, घाघरा में पीसीसी पथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। सांसद एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष को स्थानीय लोगों ने जोरदार ढंग से स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि विकास के लिए संगठित और जागरुक रहने की जरुरत है। निर्माण कार्य ओर योजनाओं की ग्रामीण खुद से निगरानी करें। उन्होंने बताया कि रांची संसदीय क्षेत्र में कुल 5 विधानसभा क्षेत्र में 7 करोड़ रुपए की लागत से 2000 हाईमास्ट लाइट लगाई जाएगी। मंत्री ने लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान करने और विकास कार्यों को जारी रखने का आश्वासन दिया।

मौके पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज, मंडल अध्यक्ष चित्तरंजन महतो, भगीरथ महतो, अम्बुज रजक, खगेश महतो, राजेन्द्र सांई, दिलेश्वर कोईरी, मेघनाथ महतो, बिंदेश्वरी देवी, सृष्टिधर प्रजापति, हरेंद्र प्रमाणिक, चंदन गोस्वामी, शंकर भगत, परिक्षित मंडल, युधिष्ठिर महतो, महेंद्र महतो, रामधन महतो, ज्योति प्रसाद आदि मौजूद थे।



योजनाओं के आधारशिला रखते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व विनय महतो धीरज।

## मजदूरों का पेमेंट 600 से बढ़ाकर 980 रुपए प्रतिदिन पर बनी सहमति

खलारी। चुरी कोलियरी कार्यालय में मंगलवार को त्रिपक्षीय वार्ता बैठक हुई। अध्यक्षता चुरी परियोजना के पीओ अनुज कुमार ने की। इस बीच कांके पूर्व विधायक प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा उपस्थित थे। वार्ता बैठक में मुख्य रूप से 11 बिंदुओं पर चर्चा हुई। जहां मजदूरों का पेमेंट 600 से बढ़ाकर 980 रुपए प्रतिदिन पर सहमति बनी। साथ ही जेएमएस के कॉन्टैक्टर सहित अन्य सभी बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि जेएलकेएम नेताओं के प्रयास से सभी मजदूरों का वेतनमान अगले महीना से 980 रुपए बेसिक पे होगा। एसएसएमडी कंपनी के अधिकारियों ने मजदूरों के सभी मांग को स्वीकार किया। मौके पर रतिया गंझू, इरफान खान, बीरबल कुमार, तोहिद अंसारी, लालदेव कुमार पटेल, शंकर कुमार महतो, हरिशंकर कुमार, मुन्ना गंझू,लखन महतो, किरण देवी, सीमा देवी, कृष्णा महतो, चंदन कुमार महतो, हरिशंकर कुमार, गोविंद कुमार आदि उपस्थित थे।


**JHARKHAND INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY (JIADA), RANCHI**
JIADA Building 3rd floor Namkom Industrial Area, Lowadih, Ranchi-834010 Jharkhand.
Phone No. 0651-2460408, Telifax: 0651-2460125, Email ID: mdjiada@gmail.com

Letter No.24 | Date-20.01.2025

**e- Procurement Notice**
Ref. No. - **JIADA/32/2024-25**

JIADA invites separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for **Renovation and Furnishing work of conference hall of JIADA Building at 3rd floor Ranchi**. Interested eligible bidders are requested to submit their proposal through e-procurement portal latest by 3.00 PM on 13.02.2025.

The details of Tender Documents can be seen and applied through website http://Jharkhandtenders.gov.in only. Tender notification and Tender Document can also be seen (read only purpose) from departmental website http://Jiada.co.in.

Sd/-
Secretary
JIADA, Ranchi.

PR 344767 (RIADA (JIADA))24-25*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**
Email ID: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा संवेदक M/s A. K.G. Construction & Developers Pvt. Ltd. Ranchi को सूचित किया जाता है कि एकरारनामा संख्या SBD-06/2022-23 को मुख्य अभियंता (CDO) पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, रॉंची के कार्यालय आदेश संख्या 20 दिनांक 23.08.2024 के द्वारा एकरारनामा का विखण्डन किया गया है। जिसके आलोक में अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग के कार्यालय आदेश संख्या 36 दिनांक 15.10.2024 के द्वारा संयुक्त मापी हेतु टीम का गठन किया गया। उक्त आलोक में सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया के पत्रांक 286 दिनांक 07.12.2024 के द्वारा 20.12.2024 की तिथि निर्धारित की गयी थी जिसमें आप उपस्थित नहीं हुए। पुनः पत्रांक 300 दिनांक 23.12.2024 के द्वारा 28.12.2024 की तिथि निर्धारित की गयी थी जिसमें आप उपस्थित नहीं हुए। पुनः पत्रांक 08 दिनांक 07.01.2025 के द्वारा दिनांक 18.01.2025 को तिथि निर्धारित की गयी थी जिसमें भी आप उपस्थित नहीं हुए।

पुनः प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.01.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे पानी टंकी स्थित अवर प्रमंडलीय कार्यालय झुमरीतिलैया में संयुक्त मापी हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें ताकि संयुक्त मापी की कार्रवाई की जा सके। उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने पर विभागीय तकनीकी टीम के माध्यम से एक पक्षीये मापी करा लिया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
झुमरीतिलैया

PR 344809 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D


# 38वीं राष्ट्रीय खेल के लिए चयनित हुए बिरसा मुंडा सिल्ली के तीरंदाज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** झारखंड जूनियर तीरंदाजी टीम के चयन प्रतियोगिता जमशेदपुर में आयोजित की गई है। जिसके लिए रांची जिला टीम और बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी के चयनित खिलाड़ियों ने एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो से मिलकर आशीर्वाद लिया साथ ही साथ तीरंदाजों से मिलने मुख्य संरक्षक तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली पहुंचे जहां सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी आगामी होने वाली 38 वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिए सिल्ली से चयनित तीरंदाजों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी।

### डायन बिसाही के आरोप में महिला से गाली-गलौज

# देवर और देवरानी के खिलाफ प्राथमिकी

- झखराटांड़ की है घटना
- पुलिस कर रही है जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के झखराटांड़ निवासी मनोज कुमार साहू की पत्नी 50 वर्षीया मंजू देवी की ओर से मंगलवार को देवर विनोद कुमार साहू और गोतनी सीता देवी के खिलाफ रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उन पर पीड़िता को डायन-बिसाही कहकर प्रताड़ित, गाली-गलौज, बाल पकड़ सड़क में घसीटने, मारपीट, समाज में अपमानित करने और जान मारने की धमकी दिये जाने का आरोप है। घटना 17 और 18 जनवरी की है। पूरे मामले घर के सीसीटीवी में कैद हो गये हैं। पुलिस फुटेज निकाल इसकी तफ्तीश में जुट गयी है। आरोपियों के गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। इधर, घटना के बाद पीड़ित परिवार भयभीत है। वह सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित हैं।

**क्या है मामला**

मनोज कुमार साहू उर्फ मुन्ना और बिनोद कुमार साहू सगे भाई हैं। हरि साहू इनके पिता हैं। मुन्ना की हजारीबाग और बिनोद की शादी बोकारो से हुयी है। इनके दो-दो बेटे हैं। एक-एक की शादी हो चुकी है। दोनों परिवार के बीच झगड़ा-झंझट होना आम बात हो गयी है। 17 जनवरी की शाम साढ़े तीन बजे सीता घर से निकल अचानक मंजू को डायन बता गाली देने लगी। पड़ोसियों ने उन्हें शांत कराया। अगली सुबह 8 बजे पति-पत्नी, पीड़िता से दोबारा उलझ पड़े और सड़क पर घसीटा।


**झारखण्ड सरकार**
**नगर विकास एवं आवास विभाग**

**विज्ञप्ति**

विज्ञापन संख्या– 4/न0वि0/गठन/117/2014/216 रॉंची दिनांक–21.01.2025

झारखण्ड क्षेत्रीय विकास प्राधिकार अधिनियम, 2001 की धारा–89 (3) में अंकित प्रावधानों के आलोक में रॉंची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, रॉंची अन्तर्गत अपीलीय न्यायाधीकरण के सदस्य (द्वितीय) की नियुक्ति हेतु निम्नांकित अर्हता एवं अनुभव प्राप्त व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र० | पद का नाम | संख्या | शैक्षणिक योग्यता | अन्य अर्हतायें |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सदस्य (द्वितीय) | 01 | चार्टर्ड मूल्यांकक (Chartered Valuer) अथवा असैनिक अभियंता। | नगर निवेशन एवं सम्पत्तियों के मूल्यांकन के कार्यो का अनुभव एवं ज्ञान। |

2. इच्छुक आवेदक निम्नांकित प्रपत्र में सूचनाओं की प्रविष्टी करते हुए संबंधित सूचनाओं की सम्पुष्टि हेतु वांछित अभिलेखों की छायाप्रति संलग्न करते हुए, दिनांक–05.02.2025 के अपराह्न .06:00 बजे तक आवेदन पत्र, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, प्रधान सचिव कोषांग, चतुर्थ तल, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रॉंची, झारखण्ड के पते पर जमा करेंगे :–

**रॉंची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार के अन्तर्गत अपीलीय न्यायाधीकरण के सदस्य (द्वितीय) की नियुक्ति हेतु आवेदन का प्रपत्र**

**आवेदित पद का नाम:–.........................**

| नाम | पदनाम (सेवा निवृति की अंतिम तिथि को धारित पद) | जन्मतिथि | वेतनमान | संस्थान, जहाँ पूर्व में कार्यरत रहे है | सेवा निवृति की तिथि | शैक्षणिक योग्यता | अर्हतायें: संबंधित क्षेत्र में विशिष्ठ अनुभव | अर्हतायें: संबंधित क्षेत्र में विशिष्ठ ज्ञान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | v | vi | vii | viii | |
| | | | | | | | | |

आवेदक का हस्ताक्षर
स्थान–
दिनांक–

3. सदस्य (द्वितीय) की सेवा अवधि 03 वर्षो के लिए होगी एवं इनकी अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्षो की होगी।
4. सदस्य (द्वितीय) अपने कार्यालय के दौरान कोई अन्य पद धारण नहीं करेगा।
5. सदस्य (द्वितीय) के वेतन एवं भत्ते/मानदेय का निर्धारण योजना–सह–वित्त विभाग के द्वारा निर्गत परिपत्र में निहित प्रावधानों के अनुरूप आदेय होंगे।

ह०/–
(राज कुमार)
सरकार के उप सचिव।

PR.NO.344818 Urban Development(24-25):D



# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बुंडू।** बुंडू थाना पुलिस ने चोरी का माल सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम क्रमशः रमेश मछुवाऔर किशन मछुवा दोनों मछुवाटोली बुंडू के निवासी हैं। दोनों के चोरी का पुराना इतिहास है। इस संदर्भ में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बुंडू के बाबूरामटोली निवासी पूर्णिमा दत्ता (हबलू कोठी) के बंद मकान में 17जनवरी की रात में अज्ञात चोरों के द्वारा एक लाख 50 हजार रुपए नगद और सोना चांदी का गहना अलमीरा तोड़कर ले गये। इस संदर्भ में श्रीमति दत्ता के द्वारा बुंडू थाने में एक मामला दर्ज कराया गया है। बुंडू पुलिस ने इस पर, त्वरित कार्रवाई करते हुए उपरोक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रमेश के पास से 30 हजार रुपए और किशन मछुवा के पास से 60 हजार रुपए नगद सहित चोरी के सोना और चांदी के 14 तरह के अलग अलग किस्म के गहने बरामद किया है। जिसकी कीमत भी लाखों में है। चोर चोरी का सीसी टीवी, डीपीआर इत्यादि तोड़कर कुएं में फेंक दिया था। किशन मछुवा का ससुराल तिरूलडीह है।बुंडू पुलिस किशन को तिरूलडीह में ही धर दबोचा। साथ ही चोरी का माल भी वहीं से बरामद किया। जबकि चोरी का मास्टर माइंड संदीप मछुवा अभी भी फरार है। चोरी के मामले का उद्भेदन करनेवालों में पु.नि. रामकुमार वर्मा, पुर्ननिर्माण राहुल कुमार मेहता, प्रेम प्रदीप कुमार, आतिश कुमार, बादल चांद और पुलिस बल शामिल थे।

## अमृता इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य ने सुदेश महतो से शिष्टाचार मुलाकात की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** अमृता इंटरनेशनल स्कूल सिल्ली के प्राचार्य ब्रजकिशोर सिन्हा ने रविवार के दिन झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सिल्ली के पूर्व विधायक सुदेश महतो से शिष्टाचार मुलाकात की। सुदेश महतो ने पिछले कई वर्षों से सिल्ली के लोगों की अलग-अलग तरीकों से सेवा की है। अमृता इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य ब्रजकिशोर सिन्हा ने सिल्ली के किसानों के लिए बहुफसली सुविधाओं, वैकल्पिक सिंचाई प्रणाली, कम जल अवशोषण वाली फसल के बारे में गणमान्य व्यक्तियों से हार्दिक चर्चा की। ब्रजकिशोर सिन्हा ने उन्हें सिल्ली के लोगों की सुविधा के लिए कृषि उत्पादों, उपकरणों और प्रौद्योगिकी की सुविधा के लिए कृषि प्रदर्शनी का मार्ग प्रशस्त करने का भी सुझाव दिया।

# नगड़ी मे स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिस्कानगडी।** नगडी स्थित प्रथामिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर में मंगलवार को प्रखण्ड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन हटिया विधायक नवीन जायसवाल जिप सदस्य पूनम देवी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कश्यप नगडी मुखिया जय मंगल उरांव समाजिक कार्यकर्ता बजरंग महतो ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

स्वास्थ्य मेला में आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, सामान्य चिकित्सा, आयुष चिकित्सा, दन्त चिकित्सा, नेत्र जॉच, टी.बी., कुष्ट, एन.सी.डी., परिवार नियोजन परामर्श एवं अन्य सहित कुल 312 मरिजों का स्वास्थ्य जॉच तथा परामर्श, रक्त जॉच कर दवा का वितरण किया गया। साथ ही मेला में रक्त दान शिविर एवं दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया था। इधर चिकित्सा प्रभारी डां सुजीत कश्यप नेबताया गया कि आगामी प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन दिनांक 24.जनवरी दिन शुक्रवार को सामुदायिक स्वा० केन्द्र रातु, रॉची के प्रागंण में आयोजित किया जाएगा, इन्होंने अधिक से अधिक संख्या में ग्रामिणों से लाभ लेने हेतु अपील किया। मौके पर मुख्य रूप से कार्यक्रम में प्रखण्ड प्रमुख मदुआ कच्छप, उप प्रमुख अफसाना प्रवीण, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, चिकित्सा प्रभारी, डॉ पुरूषोत्म, डॉ प्रीति, डॉ शिखा, डॉ शिवपूजन, डॉ स्नेहा, डॉ मधुरिमा, बीपीएम वैशाली कृष्णा, अभिषेक तिवारी, प्रकाश गोप, अमित कुमार, प्रभात रंजन, राजाराम महतो सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं सहिया उपस्थित थे।

# मवेशी लदे पिकअप ने बिजली खंभे में मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

- रानी बगीचा रोड-तीन की है घटना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना से सटे रानी बगीचा रोड नंबर-3 में मंगलवार की सुबह तीन बजे मवेशी लदा 207 बोलेरो पिकअप जेएच 01 सीबी 1999 बिजली खंभे और दीवार से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद चालक फरार है। पुलिस ने वाहन व मवेशियों को जब्त कर लिया है। अवर निरीक्षक विशेश्वर कुमार के बयान पर रातू थाने में मालिक और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दोनों पिठोरिया काटमकुली के रहने वाले हैं। बोलेरो जहीर अंसारी की बतायी जा रही है। चालक शाहिल अंसारी उसका सगा भतीजा है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। आरोपियों के गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है।

**कैसे घटी घटना**

विशेश्वर कुमार, हवलदार मोहन राम, आरक्षी श्रीराम व नवीन कुमार के साथ रात्रि गशती में थे। सूचना मिलने पर वह घटनास्थल पहुंचे। तब तक चालक पिकअप छोड़ भाग चुका था। गाड़ी में 2 भैस, 1 बाछी और 3 बैल लदे थे। आशंका है कि जानवरों को कत्लखाना ले जाया जा रहा था। दुर्घटना में मवेशी चोटिल हो गये हैं। थाना परिसर में रख पशु चिकित्सक से उनका इलाज कराया जा रहा है।


रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 | REGD. NO. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–06012025–259929
CG-DL-E-06012025-259929
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II – खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 86] नई दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 3, 2025/पौष 13, 1946
No. 86] NEW DELHI, FRIDAY, JANUARY 3, 2025/PAUSHA 13, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 3 जनवरी, 2025**

**का.आ. 88(अ)** – केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ **3173 (अ) तारीख 06/08/2024**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा पश्चिम बंगाल राज्य के मुर्शिदाबाद जिले में NH 80 के कि.मी. 282.500 से कि.मी. 283.000 (अपर जिलाधिकारी, (भूमि अर्जन), मुर्शिदाबाद) के गाँव–बेओ (जे.एल. नं.–31) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **"22.08.2024"** को **"द टाइम्स ऑफ इंडिया (अंग्रेजी में)"** और **"द आनन्द बाजार पत्रिका (बंगाली में)"** दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को अधिनियम की धारा 3–ग (1) के तहत कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

**पश्चिम बंगाल राज्य के मुर्शिदाबाद जिले में NH 80 के कि.मी. 282.500 से कि.मी. 283.000 (अपर जिलाधिकारी, (भूमि अर्जन), मुर्शिदाबाद) के गाँव–बेओ (जे.एल. नं.–31) तक के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

जिला : मुर्शिदाबाद
फाइल नम्बर : NHAI/PD/PIU/SBG/NH-80/LA/PKG-II/3D
प्रकाशन तिथि : 03/01/2025
अभय जैन, निदेशक

https://egazette.gov.in/(S(garkrjskyu0qqwbql5suhw5vx))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/notification_d_qr_word.cshtml?EncHid=1471902426&project_id=60588&notification_id=57178&1=2

नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।


# टाटा मैजिक व मोपेड की टक्कर में तीन घायल, एक रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको से नरकोपी व पहाड़कंडरिया जाने वाली पथ पर चचकोपी गांव के बजरंगबली मंदिर के समीप मंगलवार की पूर्वाह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे टाटा मैजिक व मोपेड की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मोपेड सवार बेड़ो मंदरी गांव निवासी 60 वर्षीय किसान बांदे उरांव व टाटा मैजिक चालक बेड़ो दिघिया गांव निवासी 19 वर्षीय जीवन लकड़ा और 17 वर्षीय मनीष खेस शामिल हैं। जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा मेघा भगत ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल बांदे उरांव को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। बांदे उरांव के स्वजनों ने बताया कि बांदे बेड़ो सब्जी मंडी में मटर बेचकर अपने घर जा रहा था। वहीं टाटा मैजिक वाहन पहाड़ कंडरिया से दिघिया की ओर आ रही थी। इसी बीच यह हादसा हुआ।



घायल बांदे उरांव।



घायल जीवन लकड़ा।

## कुआं से पुलिस ने शव बरामद किया

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के गेतलसूद बजरंग चौक से मंगलवार की सुबह पुलिस ने जलेश्वर महतो नामक एक करीब 42 वर्षीय व्यक्ति का शव एक कुएं से बरामद किया। वह चिलदाग गांव का रहने वाला था और वह चार पांच दिन पूर्व अपना ससुराल गेतलसूद आया था। पुलिस ने बताया कि वह पांच छह दिन से लापता था उसके घर वाले सोंच रहे थे कि वह ससुराल गया हुआ है। बताया गया कि चार पांच दिन पूर्व शराब के नशे में उसे शाम में घूमते हुए देखा गया था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि नशे के कारण अंधेरा में वह कुआं में डूब गया होगा। आज सुबह किसी ने कुए में उसका शव देखा। पुलिस की इसकी सूचना दी गई पुलिस ने शव को निकलवा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

# ऐतिहासिक कामयाबी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने ऐतिहासिक कामयाबी हासिल कर ली। इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट यानी स्पेडेक्स के तहत दो उपग्रहों की अंतरिक्ष में डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इस सफलता के बाद अब भारत अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन बना सकता है। इस ऐतिहासिक कामयाबी से भारत अमेरिका,रूस व चीन के बाद यह लक्ष्य हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। इस मिशन की कामयाबी से भारत के चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे मिशनों का भविष्य तय हुआ है। जहां चंद्रयान-4 मिशन से चंद्रमा की मिट्टी के नमूने भारत लाए जाएंगे, वहीं गगनयान मिशन के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जा सकेगा। दरअसल, स्पेडेक्स दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के लिये एक किफायती प्रौद्योगिक मिशन है। गत तीस दिसंबर को इसरो ने इस प्रयोग को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसके अंतर्गत दो छोटे उपग्रहों को पीएसएलवी सी-60 के जरिये श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था। प्रक्षेपण के 15 मिनट बाद 220 किलो वजनी दो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया गया था। बीते कल डॉकिंग के बाद एक सिंगल ऑब्जेक्ट के रूप में स्पेसक्राफ्ट का नियंत्रण सफलता पूर्वक किया गया। आने वाले दिनों में अनडॉकिंग और पॉवर स्थानांतरण की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। दरअसल, अंतरिक्ष में डॉकिंग का मतलब है दो अंतरिक्ष यानों को आपस में जोड़ना। इस डॉकिंग प्रक्रिया को धरती से संचालित किया गया था। कालांतर ये दोनों उपग्रह अपने पेलोड के ऑपरेशन शुरू करेंगे। ये दो साल तक मूल्यवान डेटा इसरो को भेजते रहेंगे। यह एक ऐतिहासिक सफलता है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

वृष : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

मिथुन : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

कर्क : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

सिंह : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

कन्या : पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

तुला : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

धनु : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

मकर : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

कुंभ : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

मीन : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

# उद्यमियों की अगली पीढ़ी को आकार दे रही स्टार्टअप इंडिया




जब युवा मानसिकता और सरकारी नीतियाँ नौकरी चाहने वालों की तुलना में नौकरी की स्थिति प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में स्टार्टअप इंडिया पहल कैसे विकसित हुई।

भारत स्टार्टअप इंडिया के नौ साल पूरे होने का जश्न मना रहा है, जो 2016 में शुरू हुई परिवर्तनकारी यात्रा है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस स्वस्थ और समावेशी व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रगति में राष्ट्र की प्रगति का जश्न मनाता है। भारत सरकार की प्रमुख पहल के रूप में शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया का उद्देश्य रचनात्मकता को बढ़ावा देना और देशभर में उद्यमियों के विकास में तेजी लाना है।

15 जनवरी, 2025 तक उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (उद्धक्क्ळ) द्वारा मान्यता प्राप्त 1.59 लाख से अधिक फर्मों के साथ भारत ने दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। 100 से अधिक यूनिकॉर्न के नेतृत्व में यह मजबूत इकोसिस्टम वैश्विक स्तर पर नवाचार और उद्यमिता को फिर से परिभाषित कर रहा है। बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर जैसे प्रमुख केंद्रों ने इस बदलाव की अगुआई की है, जबकि छोटे शहरों ने देश के उद्यमशीलता अभियान में तेजी से योगदान दिया है। फिनटेक, एडटेक, हेल्थ-टेक और ई-कॉमर्स स्टार्टअप ने स्थानीय बाधाओं को पार करते हुए दुनिया भर में प्रमुखता हासिल की है। जोमैटो, नाइका और ओला जैसी कंपनियाँ भारत के नौकरी चाहने वालों से रोजगार उत्पादकों की ओर बदलाव को दशार्ती हैं, जो आर्थिक विकास को गति देता है।


**स्टार्टअप इंडिया की प्रमुख उपलब्धियाँ**

पिछले नौ वर्षों में स्टार्टअप इंडिया पहल ने देश के मजबूत उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने नवाचार और समावेशिता को प्रोत्साहित कर जबरदस्त उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज पर इसके प्रभाव को दशार्ता है। डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 2016 में लगभग 500 से बढ़ कर 15 जनवरी, 2025 तक 1,59,157 हो गई है। 31 अक्टूबर, 2024 तक, 73,151 मान्यता प्राप्त व्यवसायों में कम से कम एक महिला निदेशक थीं, जो भारत में महिला उद्यमियों की संख्या में वृद्धि को दशार्ता है। 2016 से 31 अक्टूबर, 2024 तक, मान्यता प्राप्त स्टार्टअप ने कथित तौर पर 16.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियाँ पैदा कीं, जिसने रोजगार सृजन में बड़ा योगदान दिया।

स्टार्टअप इंडिया की मुख्य विशेषताएँ

व्यापार में आसानीः सरलीकृत अनुपालन, स्व-प्रमाणन और एकल-खिड़की मंजूरी उद्यमियों के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाती है।

कर लाभः पात्र स्टार्टअप को लगातार तीन वित्तीय वर्षों के लिए करों का भुगतान करने से छूट दी जाती है। स्टार्टअप के लिए



- पंकज जयस्वाल

> बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर जैसे प्रमुख केंद्रों ने इस बदलाव की अगुआई की है, जबकि छोटे शहरों ने देश के उद्यमशीलता अभियान में तेजी से योगदान दिया है। फिनटेक, एडटेक, हेल्थ-टेक और ई-कॉमर्स स्टार्टअप ने स्थानीय बाधाओं को पार करते हुए दुनिया भर में प्रमुखता हासिल की है। जोमैटो, नाइका और ओला जैसी कंपनियाँ भारत के नौकरी चाहने वालों से रोजगार उत्पादकों की ओर बदलाव को दशार्ती हैं, जो आर्थिक विकास को गति देता है।

10,000 करोड़ रुपये का फंड ऑफ फंड (त्र्क्ष्ठ) शुरूआती चरण में स्टार्टअप के लिए वित्त प्रदान करता है।क्षेत्र-विशिष्ट नीतियाँः जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में केंद्रित नीतियाँ लक्षित विकास को बढ़ावा देती हैं।

**उद्योग-वार सृजित नौकरियां**

स्टार्टअप विशिष्ट उद्योगों में नौकरियाँ प्रदान करते हैं। आईटी सेवा उद्योग 2.04 लाख नौकरियों के साथ सबसे आगे है, उसके बाद हेल्थकेयर और लाइफसाइंसेज 1.47 लाख नौकरियाँ, प्रोफेशनल व कमर्शियल सेवाएँ 94,000 नौकरियाँ प्रदान की हैं। ये योगदान आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने और उद्योगों में विविध रोजगार के अवसर प्रदान करने में स्टार्टअप के महत्व पर जोर देते हैं।

स्टार्टअप इंडिया के तहत अन्य पहल

स्टार्टअप इंडिया परियोजना क्षमता बढ़ाने, आउटरीच को बढ़ावा देने और पारिस्थितिकी तंत्र की भागीदारी में सुधार लाने के उद्देश्य से विभिन्न पहलों के माध्यम से व्यवसायों को सहायता प्रदान करती है। ये पहल पूरे भारत में मजबूत और समावेशी उद्यमशीलता माहौल का निर्माण सुनिश्चित करती हैं।

**अंतरराष्ट्रीय संपर्क और भागीदारी**

भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी ने वैश्विक आर्थिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप 20 एंगेजमेंट ग्रुप की स्थापना की। देशभर में आयोजित बैठकों में भारत के क्षेत्रीय स्टार्टअप इकोसिस्टम पर प्रकाश डाला गया, जिससे दुनिया भर में संपर्क बढ़ा। सरकार-से-सरकार के बीच संबंध, वैश्विक मंचों में भागीदारी, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी और अन्य देशों के साथ पुल विकसित करने से सीमा पार सहयोग में मदद मिली है।

**पारिस्थितिकी तंत्र सहयोग**

स्टार्टअप इंडिया हब पोर्टल उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारकों के लिए पूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। यह पहल द्वारा प्रदान किए जाने वाले संसाधनों, सूचनाओं और लाभों तक पहुँच प्रदान करता है, स्टार्टअप और उद्यमियों, विशेष कर महानगरीय क्षेत्रों से बाहर रहने वालों के लिए पहुँच बढ़ाकर समावेशिता सुनिश्चित करता है।

उपर्युक्त उपायों के अलावा उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (उद्धक्क्ळ) ने सितंबर 2024 में भारत स्टार्टअप नॉलेज एक्सेस रजिस्ट्री (इलअरङअफ) प्लेटफॉर्म बनाया। स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा यह अत्याधुनिक पहल भारत के उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र में बातचीत को मजबूत और सुव्यवस्थित करने का प्रयास करती है। भास्कर का उद्देश्य उद्यमिता में वैश्विक नेता बनने के भारत के उद्देश्य के अनुरूप स्टार्टअप, निवेशकों, सलाहकारों, सेवा प्रदाताओं और सरकारी संगठनों को जोड़कर नवाचार, सहयोग और विकास को प्रोत्साहित करना है।

**नवाचार को बढ़ावा देना**

स्टार्टअप महाकुंभ प्रमुख कार्यक्रम है जो स्टार्टअप, यूनिकॉर्न, सूनिकॉर्न, निवेशकों, उद्योग के नेताओं और पारिस्थितिकी तंत्र के अभ्यास को एक स्थान पर एक साथ लाता है। यह भारत की उद्यमशीलता की भावना और तकनीकी क्षमताओं पर प्रकाश डालता है, साथ ही देश के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए संवाद को प्रोत्साहित करता है। 2024 में उद्घाटन संस्करण ने एक शानदार मिसाल कायम की, जिसमें दस विषयगत मंडपों में 1,300 से अधिक प्रदर्शक शामिल हुए। इसने 48,000 से अधिक कॉर्पोरेट आगंतुकों को आकर्षित किया और अभिनव विचारों और सार्थक सहयोग के लिए एक गतिशील चुंबक बन गया।

सम्मेलन में 392 प्रमुख वक्ताओं ने भाग लिया, जिनमें यूनिकॉर्न संस्थापक, दूरदर्शी, नीति निमार्ता और प्रभावशाली लोग, साथ ही 5,000 प्रतिनिधि और 200 से अधिक शीर्ष निवेशक, उद्यम पूंजीपति शामिल थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, एक उत्साहजनक भाषण दिया और प्रदर्शनी का दौरा किया, जिसमें भारत के उद्यमशीलता परिदृश्य में स्टार्टअप महाकुंभ के महत्व पर प्रकाश डाला गया। दूसरा संस्करण, जो 3-5 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा, जिसका विषय होगा ₹स्टार्टअप इंडिया @ 2047- भारत की कहानी का खुलासा।₹ यह भविष्योन्मुखी थीम भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के भविष्य की जांच का प्रयास करती है क्योंकि देश 2047 तक नवाचार का वैश्विक केंद्र बनने का प्रयास कर रहा है।

## लेटर टू एडिटर

### अनियंत्रित गति

**सड़कों** पर होने वाले हादसों का एक मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग है। जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाए जाते हैं ताकि वाहनों की स्पीड कम रहे पर वाहन चालक इन्हें भी अनदेखा करते हैं। ओवर स्पीडिंग न केवल दूसरे वाहनों के लिए खतरा है बल्कि पैदल चलने वाले और सड़क किनारे सामान बेचने वालों के लिए भी। क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही है? इसके साथ, ट्रैफिक व सामान्य पुलिस को सतर्क करने तथा यात्रियों को जागरूक करने की भी जरूरत है।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा मिले।

**-दिनेश, जमशेदपुर**

## ट्वीट

**मोदी** जी गरीबों की जेब से 'तूफान' की तरह पैसा निकाल कर, 'सुनामी' की तरह अडानी जी की तिजोरी में डाल रहे हैं।

मेरा लक्ष्य है - जितना पैसा उन्होंने अपने 'मित्रों' को दिया है, उतना पैसा मैं हिंदुस्तान के गरीबों, शोषितों और वंचितों को दूंगा।

**- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

वस्तुतःआध्यात्मिक विचारों के अभाव में ही मनुष्य के जीवन में अल्पता, न्यूनता, हीनता अथवा अवसाद आदि दुष्प्रवृत्तियाँ दृष्टिगोचर होती हैं । हमें यह समझना आवश्यक है कि शान्ति और संपन्नता का मूल भौतिकीय उत्कर्ष नही अपितु सद्विचार ही है। आध्यात्मिक विचारों के आलोक में ही जीवन में स्थायी समाधान प्रकट होगा। अतः अपने अंतःकरण को शुभ विचारों से भावित करते रहें।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# औद्योगिक विकास को गति देना सबसे आवश्यक

**प्रशांत झा**

## सामयिक

नई औद्योगिक नीति केंद्र और राज्य सरकारों का संयुक्त उपक्रम होनी चाहिए। एक ऐसी नीति जो कारोबारियों के अनुकूल होने के बजाय बाजार के अनुकूल हो।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में इन दिनों सक्रिय औद्योगिक नीतियों के विस्तार का दौर है जिनके बारे में संदेह है कि वे कंपनी मालिकों को समृद्ध बनाने के अलावा शायद ही कुछ कर रही हैं। उदाहरण के लिए चिप निर्माण को मौजूदा व्यापक सब्सिडी आधारित सरकारी समर्थन जो भूराजनीतिक चिंताओं से संचालित है वह विश्व स्तर पर क्षमता अधिशेष की स्थिति बना सकता है। बीते कुछ वर्षों में विश्व स्तर पर औद्योगिक नीतियों में विश्वस्तर पर विसंगति आई है और 2017 में जहां कुछ सौ नीतियां थीं, वहीं 2023 में उनकी संख्या 2,000 हो गई। अकेले भारत में 100 नीतियां हैं। भारत में ऐसी औद्योगिक नीतियों की एक परंपरा रही है। 10 वर्ष पहले 2014 में ह्यमेक इन इंडियाह्न पहल के रूप में इसका एक उदाहरण सामने आया था। तब से कई क्षेत्रों के लिए अलग-अलग उपाय घोषित किए गए।

कंपनियों को सब्सिडी समर्थन का प्राथमिक स्वरूप राजस्व का नुकसान है जो 2022-23 में 1.09 लाख करोड़ रुपये था। यह राशि कुल संग्रहित कॉर्पोरेशन कर की 13 फीसदी थी। हाल ही में चिप निर्माण तथा कई अन्य उद्योगों के लिए उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत और अधिक प्रत्यक्ष सब्सिडी की घोषणा की गई। परंतु मेक इन इंडिया कार्यक्रम की अवधि (2014-15 से 2023-24) के दौरान विनिर्माण वृद्धि सकल मूल्यवर्धन में विनिर्माण की हिस्सेदारी पहले पांच सालों के 16-17 फीसदी से घटकर अंतिम पांच सालों में 14-15 फीसदी रह गई। चुनिंदा क्षेत्रों और कंपनियों पर केंद्रित सक्रिय औद्योगिक नीति की वजह से औद्योगिक वृद्धि में गति नहीं आई। सरकार की औद्योगिक नीति बाजार के अनुकूल होनी चाहिए, न कि कारोबार के। क्योंकि बाजार के अनुकूल होना सांठगांठ वाले पूंजीवाद की ओर ले जाता है। सरकारी से निजी क्षेत्र पर केंद्रित होने के बाद भारत के विनिर्माण में जो वृद्धि आई उसमें बाजार के अनुकूल नीतियों का योगदान अधिक था, बजाय कि कारोबारी नीतियों में हस्तक्षेप के।

1991 के बाद सबसे उल्लेखनीय परिवर्तन था औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त करना और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था में चरणबद्ध बदलाव करते हुए मात्रात्मक व्यापारिक नियंत्रणों का अंत, विनिमय दर सुधार और टैरिफ में कमी करना।दोनों ही महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि इन्होंने निजी निवेश पर असर डाला और वैश्विक वित्तीय तथा व्यापार अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति मजबूत की। हालांकि मेरी नजर में सबसे महत्त्वपूर्ण बदलाव वित्तीय बाजारों की संस्थागत व्यवस्था में नजर आया जिसने बचत-निवेश प्रवाह को प्रभावित किया। इसे अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया और निजी निवेश को गति देने का काम किया।

ऐसे उल्लेखनीय बदलाव किए गए जिन्होंने वित्तीय बाजार को बदल दिया। सबसे प्रभावी बदलाव था बैंकों और म्युचुअल फंड क्षेत्रों को निजी उपक्रमों के लिए खोलना। इससे इन सेवाओं की गुणवत्ता में काफी बदलाव आया। शेयर कारोबार को डीमैट की मदद से सहज बनाया गया और इससे लोगों की रुचि इसमें जागी। नियामकीय प्राधिकार के भी भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड यानी सेबी के हाथ में जाना भी एक अहम बदलाव रहा।

सरकार की वित्तीय नीतियों में ऐसे तमाम बदलाव भी बीते चार दशक में देश की औसतन छह फीसदी की वृद्धि दर के पीछे अहम कारण रहे। वित्तीय बाजारों को उदार बनाने में भी निजी कॉर्पोरेट वृद्धि में मदद की। इससे निजी कंपनियों की नई पूंजी बढ़ी और म्युचुअल फंड में इजाफा हुआ। डिजिटल अधोसंरचना का तेज विकास भी वित्तीय व्यवस्था के व्यापक उदारीकरण के लिए अहम रहा है। इन बातों की वजह से निजी कॉर्पोरेट निवेश, सरकारी क्षेत्र की तुलना में तेजी से बढ़ा। दोनों के बीच का अनुपात 1990-91 के 0.37 से बढ़कर 2022-23 में 1.63 हो गया।2022-23 में विनिर्माण के निवेश की बात करें तो निजी क्षेत्र 71 फीसदी, घरेलू क्षेत्र के छोटे उपक्रम 22 फीसदी और सरकारी क्षेत्र केवल 7 फीसदी के लिए जिम्मेदार रहा। वित्तीय क्षेत्र सुधार के कारण आए बदलाव का एक मानक सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की तुलना में बाजार मूल्यांकन की प्रतिशत के रूप में बढ़ती हिस्सेदारी है।

1991-92 से 2004-05 के बीच के 37 फीसदी से बढ़कर 2005-06 से 2023-24 के बीच यह औसतन 85 फीसदी हो गया। क्षेत्र और तकनीक के बारे निर्णय निवेश करने वाली कंपनियों पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

# देश की राजधानी दिल्ली का प्रदूषण से घुटता दम



**डॉ उषा किरण**

## समस्या

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेडेड रिस्पॉन्स ऐक्शन प्लान (ग्रेप) के चरण चार को अधिसूचित किए जाने के एक दिन बाद भी दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में मामूली सुधार ही देखने को मिला। राजधानी में इस सप्ताह वायु गुणवत्ता सूचकांक अथवा एक्यूआई 450 के ऊपर बना रहा। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने बिल्कुल सही कहा कि प्रदूषण से बचने के उपायों के क्रियान्वयन में देरी हो रही है।

ग्रेप-4 के अंतर्गत दिल्ली में ट्रकों के आवागमन पर रोक, दिल्ली में पंजीकृत बीएस-4 और उससे नीचे की श्रेणी के डीजल चालित मझोले मालवाहक वाहनों तथा भारी मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध, विनिर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर अस्थायी रोक, शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को बुलाकर पढ़ाने पर रोक तथा कार्यालयों में 50 फीसदी लोगों को घर से काम करने का विकल्प देने जैसी बातें शामिल हैं।

जाहिर सी बात है कि इनमें से कोई भी कदम समस्या को हल करने वाला नहीं है। प्रदूषण बहुत अधिक बढ़ा हुआ है और वह लगातार ह्यगंभीरह्न से भी ऊपर की श्रेणी में है। भूरे रंग की गहरी धुंध ने न केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का दम घोंट रखा है बल्कि उसने रेल और हवाई यातायात को भी प्रभावित किया है।

मौसम विज्ञान सहित कई ऐसी तमाम वजह हैं जिनके चलते दिल्ली और उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों के निवासी खुद को नाउम्मीद स्थिति में पाते हैं। यह सिलसिला सालों से चल रहा है। पराली जलाने का सिलसिला भले ही नया और मौसमी है लेकिन निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, कचरा जलाने से लगने वाली आग, वाहनों से होने वाला प्रदूषण और कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से होने वाला प्रदूषण वर्षों से दिक्कत दे रहा है।

एक दिलचस्प बात यह है कि सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी ऐंड क्लीन एयर (सीआरईए) द्वारा किया गया एक नया अध्ययन इस पुरानी मान्यता पर सवाल उठाता है कि पंजाब और हरियाणा में अक्टूबर-नवंबर के महीने में पराली को जलाया जाना ही दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में खराबी का प्रमुख उदाहरण है।

अध्ययन बताता है कि एनसीआर में मौजूद ताप बिजली घर पराली जलाए जाने की तुलना में 16 गुना अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। ताप बिजली संयंत्र एनसीआर के इकलौता उद्योग हैं जिनमें कोयले के इस्तेमाल की इजाजत है। वहीं भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) का ताजा अध्ययन दिखाता है कि पराली का जलाया जाना एनसीआर की हवा गुणवत्ता खराब करने में 38 फीसदी योगदान करता है। इसकी सबसे अधिक हिस्सेदारी 2024 में रही।



वाहनों से होने वाला प्रदूषण भी अहम योगदान करता है।अतीत की पहलें जिनमें निजी वाहनों पर एक किस्म की रोक शामिल रही है, वे अपेक्षित परिणाम पाने में मददगार नहीं हो सके हैं। अनुमान है कि परिवहन और उद्योग जगत शहर में प्रदूषण के दो प्रमुख कारक हैं क्योंकि सभी चौराहों पर यातायात की भीड़ के कारण उत्सर्जन का भारी दबाव रहता है। स्पष्ट है कि इसके लिए किसी एक को दोष नहीं दिया जा सकता है। दीर्घकालीन हल की अनुपस्थिति में प्रतिबंधात्मक उपाय मसलन निर्माण कार्यों पर रोक आदि के सीमित लाभ होंगे जबकि ऐसे कदम निर्माण श्रमिकों की आजीविका पर असर डालेंगे जो पहले ही कई-कई हफ्तों तक बेरोजगार रहते हैं।

बहरहाल, इसका प्रभाव केवल सबसे वंचित वर्ग तक सीमित नहीं रहेगा। खराब हवा के कारण उत्पन्न जन स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं लंबी अवधि के दौरान आर्थिक प्रभाव भी डालेंगी। दुर्भाग्यवश देश में राजनीतिक प्रतिबद्धता और जनता का दबाव दोनों सीमित हैं और इसलिए पर्यावरण संबंधी चिंताएं हल नहीं हो पा रही हैं। भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में यह बात रहस्यमय है। इसके परिणामस्वरूप सरकार ने कई छिटपुट उपाय अपनाए हैं, जिनसे समस्या हल करने में कोई मदद नहीं मिली। राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में लगे हैं, जिससे आवश्यक समन्वय नहीं हो पा रहा है। जरूरत इस बात की है कि दीर्घकालिक योजना अपनाई जाए जो एनसीआर तथा उत्तर भारत के अधिकांश इलाकों को रहने योग्य बनाने में मदद करे। इसकी वजह चाहे पराली जलाना हो, वाहन प्रदूषण हो या ताप बिजली घर की चिमनी का धुआं, इसे हल करना ही होगा। इसके लिए सरकार को पहल करनी होगी और सर्वोच्च न्यायालय को दबाव बनाना होगा।

इसके साथ ही सिविल सोसाइटी के प्रभावशाली नागरिकों को इसकी प्रगति पर निगाह रखनी होगी। अल्पावधि के आर्थिक हितों को आम नागरिकों के जीवन जीने के बुनियादी अधिकारों पर भारी नहीं पड़ने देना चाहिए।

# विधायक प्रदीप प्रसाद ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को जिला अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में डीडीसी इश्तियाक अहमद, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी और जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष कुमार मौजूद थे। विधायक ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति का आकलन किया और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। शहरी इलाकों में

### विकास कार्यों को समय पर करें पूरा : विधायक

बढ़ती आबादी के मद्देनजर जल निकासी, सड़क निर्माण और ट्रैफिक प्रबंधन जैसे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। विधायक ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सुनिश्चित किया कि इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने पर बल दिया और सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता जताई। महिला सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास, और किसानों के लिए



उन्नत कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए पर्याप्त संसाधन और योजनाओं की मांग की गई।

प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने की प्रतिबद्धता जताई और जनता के साथ संवाद के जरिए समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने समयबद्ध और प्रभावी कार्यप्रणाली का भरोसा दिलाया।

## स्पीड न्यूज

### चितरपुर प्रखंड में कंबल वितरित



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के प्रमुख द्रौपती देवी ने गरीब, असहाय, वृद्ध महिला और पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया। प्रमुख ने कहा कि कंबल मिलने के बाद लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। प्रमुख ने ठंड से बचने के लिए कंबल इस्तमाल करने की अपील की है। उन्होंने आगे कहा की जरूरत पड़ने पर और भी कंबल मुहैया कराया जायेगा. हमारी कोशिश होती है कि प्रखंड के हर गांव में जो हमारा निर्धन असहाय वर्ग है। उसे सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य मिले। ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। यहां पहुँचे प्रमुख का बुके देकर स्वागत किया गया. इस मौके पर भाजपा चितरपुर मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद स्वर्णकार, महामंत्री अर्जुन कुमार वर्मा उपाध्यक्ष निरंजन कुमार, सोशल मीडिया दिलीप कुमार सोनी, महिला भाजपा सदस्य उषा बाला देवी, सहिया दीदी रीता देवी सहित सीता देवी, उर्मिला देवी, बसंती देवी, नागेश्वरी देवी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### जन शिकायत समाधान शिविर आज

**रामगढ़।** नगरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखड पुलिस की अनूठी पहल के तहत 22 जनवरी को 11:00 बजे से छावनी फुटबॉल मैदान रामगढ़ में ₹जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रामगढ़ जिला के आम नागरिक उपस्थित होकर अपना शिकायत दर्ज करवा सकते हैं , जिसका निष्पादन त्वरित गति से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान ही किया जाएगा एवं ऐसे मामले जिनका निष्पादन कार्यक्रम के दौरान नहीं किया जा सकेगा उन्हें एक निर्धारित समय बताया जाएगा उस निर्धारित समय अवधि के अन्दर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही रामगढ़ पुलिस द्वारा निर्गत मोबाईल नं0-9162388444 एवं इमेल आईडी -जनशिकायत-आरजीएच@जेएचपुलिस. गोव. इन पर रामगढ़ जिले की आम जनता अपनी शिकायतों / समस्याओं को साझा कर सकतें हैं।

### राधाकृष्णन कॉलेज में क्रिकेट संपन्न



रजरप्पा। डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी,रामगढ़ के तत्वाधान में 20-01-2025 से 21-01-2025 तक दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य सम्मापन हुआ। मंगलवार को फाइनल मैच डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ तथा मर्हिषी परमहंस कॉलेज ऑफ रामगढ के बीच खेला गया। जिसमें मर्हिषी परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन रामगढ़ एंव डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय उपविजेता रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुधा देवी (अध्यक्ष, जिला परिषद्, रामगढ़), गोपाल चौधरी (पूर्व पार्षद) तथा पन्नु रजक (सेवानिवृत प्रधानाध्यापक), महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर, सम्मानित सदस्य मनीष कुमार, तथा प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय के द्वारा अतिथियों को शॉल एवं मोमेंटो दिया गया। विजेता एवं उपविजेता के खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मैच का सम्मापन किया गया। मैन ऑफ द मैच कृष्णा कुमार तथा मैन ऑफ द सिरिज का खिताब मो. अख्तर को दिया गया। मो. परवेज अख्तर, डॉ. अशोक राम नयन कुमार मिश्रा, श्री प्रसाद, सुप्रिया बर्मन, मुरारी दुबे, डॉ. राजेश माहतो, सुलेखा कुमारी, अशोक कुमार झा, मनमित कुमार, दिनेश कुमार, सुधीर कुमार, प्रकाश कुमार, राहुल सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

### डीडीसी ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



कुजू। करमा दक्षिणी पंचायत के कुसुम टोला में विभिन्न विकास योजनाओं का रामगढ़ डीडीसी रॉबिन टोप्पो ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा योजना द्वारा संचालित आम बागवानी, मुख्यमंत्री आवास योजना समेत कई योजनाओं का निरीक्षण करते हुए लाभुकों से मुलाकात कर आम बागवानी को बेहतर संचालित करने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। साथ ही, पेड़ पौधे को पानी देकर नमी बनाए रखने की बात कही। जिससे पौधा जीवित रह सके। वही, अबुआ आवास योजना के तहत बनाए जा रहे घर का भी औचक निरीक्षण किया। मौके पर डीडीसी ने लाभुकों को कहा कि अधूरे कार्य को हर हाल में पूर्ण करें, अन्यथा राशि की वसूली करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि नवनिर्मित आवास में लाभुको को जल्द गृह प्रवेश कराया जाएगा। मौके पर बीडीओ रितिक कुमार, मुखिया खगेश्वर महतो, बीपीओ महेश महतो, पंचायत सेवक नीलकमल द्विवेदी, रोजगार सेवक रामप्रवेश सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### विस्थापितों ने पीओ को सौंपा ज्ञापन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना में मंगलवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के बैनर तले विभिन्न मांगों को लेकर परियोजना पदाधिकारी को मांग-पत्र सौंपा गया। इस दौरान मार्शल हांसदा एवं शाहनवाज के नेतृत्व में सयाल डी परियोजना के मजदूरों एवं विस्थापितों के विभिन्न मांगो से संबंधित माग-पत्र परियोजना पदाधिकारी को सौंपते जल्द से जल्द इसपर सकारात्मक कदम उठाने की बात कही गई। सभी मांगों पर पहल नहीं हुई तो हमसभी आंदोलन को बाध्य होंगे। पत्र की प्रतिलिपि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सीसीएल रांची, महाप्रबंधक कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध सीसीएल रांची, जोनल अध्यक्ष/सचिव झारखंड कोलि मजदूर यूनियन, उपश्रम आयुक्त हजारीबाग, महाप्रबंधक बरका-सयाल क्षेत्र, क्षेत्रीय अमला पदाधिकारी कार्मिक बरका-सयाल क्षेत्र, परियोजना कार्मिक प्रबंधक बिरसा परियोजना, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी और परियोजना खान प्रबंधक सयाल डी कोलियरी को भी प्रेषित की गई है।

# बरही में स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त, एक युवती की मौत और दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। थाना क्षेत्र के देवचंदा मोड़ के पास शुक्रवार दोपहर 1:45 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन स्कूटी सवार युवतियां दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। अज्ञात वाहन की टक्कर से तिलैया निवासी गोरेलाल यादव की बेटी खुशी कुमारी (18) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी बहन माही कुमारी और सहेली प्राची कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार उर्फ रोहित सिंह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अपनी स्कूल गाड़ी से घायलों को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर



कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। परिजन अस्पताल पहुंचते ही गहरे सदमे में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि लड़कियां हेलमेट पहनी होतीं, तो खुशी की जान बच सकती थी। जानकारी के मुताबिक, तीनों युवतियां परीक्षा देने के बहाने घर से निकली थीं। हादसे ने न केवल क्षेत्र को शोक में डाल दिया, बल्कि सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर भी सवाल खड़े किए हैं।

पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है। मौके पर स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधि और चिकित्सा कर्मियों ने मदद की। प्राचार्य की तत्परता ने घायलों को समय पर इलाज दिलाकर मानवता की मिसाल पेश की।

### डीडीसी ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

कुजू। करमा दक्षिणी पंचायत के कुसुम टोला में विभिन्न विकास योजनाओं का रामगढ़ डीडीसी रॉबिन टोप्पो ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा योजना द्वारा संचालित आम बागवानी, मुख्यमंत्री आवास योजना समेत कई योजनाओं का निरीक्षण करते हुए लाभुकों से मुलाकात कर आम बागवानी को बेहतर संचालित करने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। साथ ही, पेड़ पौधे को पानी देकर नमी बनाए रखने की बात कही। जिससे पौधा जीवित रह सके। वही, अबुआ आवास योजना के तहत बनाए जा रहे घर का भी औचक निरीक्षण किया। मौके पर डीडीसी ने लाभुकों को कहा कि अधूरे कार्य को हर हाल में पूर्ण करें, अन्यथा राशि की वसूली करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बीडीओ रितिक कुमार, मुखिया खगेश्वर महतो, बीपीओ महेश महतो, पंचायत सेवक नीलकमल द्विवेदी, रोजगार सेवक व अन्य मौजूद थे।

# केरेडारी कोल माइंस में काम शुरू

**6.50 लाख रुपये मुआवजा, नौकरी और विस्थापन पर सहमति**

समशाद अंसारी



**केरेडारी।** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में हुई एक दर्दनाक दुर्घटना ने केरेडारी कोल माइंस में गतिरोध पैदा कर दिया था। 20 जनवरी को एनएच-22 पर हुए हादसे में पांडु गांव के 22 वर्षीय युवक सोहेल अंसारी की जान जाने के बाद ग्रामीणों ने माइंस के कामकाज को ठप कर दिया था। मृतक के परिजन और ग्रामीण मुआवजा, नौकरी, और विस्थापन की मांग पर अड़े हुए थे। यह विरोध 24 घंटे तक चला और माइंस का हर काम रुक गया था।

ग्रामीणों ने मांगों को लेकर मृतक का शव कोल माइंस के गेट के सामने रख दिया और तब तक हटाने से इनकार कर दिया जब तक उनकी शर्तों को नहीं माना गया। स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी, लेकिन स्थानीय नेतृत्व और प्रशासन की सक्रिय भागीदारी ने इस संकट का समाधान निकाला। 24 घंटे के विरोध प्रदर्शन के बाद आखिरकार प्रशासन और कंपनी प्रबंधन ने मृतक के परिवार को 6.50 लाख रुपये का मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को एचपीसी ग्रेड की नौकरी प्रदान करने और विस्थापन की सहमति दी। इसके बाद ही ग्रामीणों ने शव को उठाया और माइंस का संचालन शुरू हुआ। समझौते में स्थानीय विधायक रौशन लाल चौधरी, पगार ओपी प्रभारी बिक्की ठाकुर, केरेडारी कोल माइंस के एजीएम एस.पी. गुप्ता, एमडीओ बीजीआर के जीएम श्रीनिवास राव, ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधि परवेज आलम, और अन्य सामाजिक कार्यकताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। समझौता वार्ता में रब्बानी मियां, शमीम मियां, दिलदार अंसारी, पंकज साहा, भोला महतो, अमित गुप्ता, बिनोद नायक, अनुज दुबे, और अन्य स्थानीय नेता मौजूद रहे। इनके प्रयासों से मामला शांत हुआ और मृतक के परिवार को न्याय मिला। इस घटना ने न केवल ग्रामीणों की सामूहिक शक्ति को उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि सही नेतृत्व और प्रशासनिक सहयोग से बड़े विवाद भी हल किए जा सकते हैं। अब कोल माइंस में फिर से रौनक लौट आई है, लेकिन यह घटना सभी के लिए एक बड़ी सीख बनकर रह गई। इस घटना के बाद, पांडु गांव के लोग इस सहमति को अपनी जीत मान रहे हैं, जबकि प्रशासन और कंपनी इसे सामाजिक संतुलन बनाए रखने की सफलता।

### रांची यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन ने किया वनभोज



**रजरप्पा।** रांची यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा न्यू ईयर पर वनभोज मिलन समारोह रांची के खूबसूरत मनोरम स्थल जोन्हा वाटर फॉल मे आयोजित किया गया। जिसमे सैकड़ो लोग सपरिवार शामिल हुए । पिछले 30 वर्ष पूर्व रांची कॉलेज एवं रांची यूनिवर्सिटी हॉस्टल मे संग संग रहकर विभिन्न विषयों आर्ट्स, साइंस कॉमर्स से स्नात्तकोत्तर की डिग्री हासिल करने के पश्चात झारखण्ड, बिहार बंगाल उत्तरप्रदेश दिल्ली मुंबई मे अपनी सरकारी सेवा अथवा गैर सरकारी मे कार्यरत है,राज्य प्रशासनिक सेवा,बिहार प्रशासनिक मे रेल अधिकारी ,डॉक्टर,बैंक मैनेजर,इंजीनियर, प्रोफेसर,स्वास्थ्य अधिकारी, मास्टर हुए शामिल । संघ-सहपार्टियों मे संयुक्त सचिव, डीटीओ,आरटीओ एसडीएम एडीएम,रजिस्ट्रार नगर निगम प्रशासी अधिकारी,परीक्षा नियंत्रक, इंजीनियर,शिक्षा अधिकारी,पत्रकार, अधिवक्ता बीडीओ, सीओ, एसडीओ, पुलिस पदाधिकारी सहित कई तरह की नौकरी पेशा से जुड़े हैं।

# फाइलेरिया को लेकर डीडीसी ने की बैठक

**▶▶ 1082581 लोगों को एल्बेंडाजोल व डीईसी दवा खिलाने का लक्ष्य**

**रामगढ़।** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर मंगलवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ब्लॉक बी के सभाकक्ष मंक जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

फाउंडेशन की राज्य टीम से संजय कुमार, जिला टीम से सिल्वेस्टर टोपनो, वीबीडी कंसलटेंट संजना कुमारी के द्वारा उप विकास आयुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक



चलाया जाएगा। जिसके तहत रामगढ़ जिले में 1082581 लोगों को एल्बेंडाजोल एवं डीइसी की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कुल 2362 ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं 134 सुपरवाइजर्स को चयनित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि दिनांक 10 फरवरी 2025 को 1184 बूथों पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाई जाएंगी एवं 11 से 25 फरवरी 2025 तक घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करने, कार्य में लगे सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों आदि के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने फाइलेरिया रोग को लेकर आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दियाा।

बैठक में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डीएमओ स्वास्थ्य विभाग, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चिकित्सा पदाधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, चिकित्सकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में चित्रकला प्रतियोगिता





**बरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में चित्रकला प्रतियोगिता 2025 का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी चित्रकला की क्षमता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने चार वर्गों में बंट कर अपनी कला का बेहतरीन प्रस्तुति दी। कक्षा प्रथम और द्वितीय, तृतीय से पंचम, छठी से अष्टम और नवम दशम वर्ग में बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का विषय मेरा साधारण गांव था। बरही डीएवी के प्राचार्य महोदय डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने अपनी उपस्थिति से बच्चों को प्रोत्साहित किया। सभी सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि कला हमारे मनोभावों का परिचायक है। अतः हमें अपने अंदर छिपे भाव को किसी न किसी रूप में अवश्य प्रकट करना चाहिए ,और कला इसके लिए सबसे आसान और बेहतर माध्यम है। उन्होंने कहा कि रंग हमारे जीवन में नए उत्साह के प्रतीक हैं तथा साथ ही साथ हमारे अंदर उर्जा का संचार भी करते हैं। अतः यदि यह दुनिया रंग से विहीन होती तो मनुष्य की सोच ही कुछ और होती। बच्चे अपने कला क्षमता से अपने मनोभावों को प्रकट करने में सफल हो पा रहे हैं इसके लिए उन्होंने विद्यालय के कला शिक्षक ललन यादव की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि आगे आने वाले भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के अंदर छिपी नैसर्गिक प्रतिभा को बाहर निकलने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

### भक्ति जागरण में शामिल हुये विधायक



**बरही।** बरही प्रखंड के हजारीधमना निवासी राकेश राणा के सुपुत्र के छठी समारोह एवं भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में पारिवारिक खुशी और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी इस आयोजन में हिस्सा लिया और राकेश राणा व उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं। भक्ति जागरण के दौरान उपस्थित भक्तों ने भजनों का आनंद लिया। आयोजन को सफल बनाने के लिए परिवार ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर वार्ड सदस्य राजेंद्र राम, अरुण सिंह, ब्रमदेव यादव, दिनानाथ यादव, कैलाश राणा, राजू राणा, पुराण राणा, इंद्रदेव राणा, उदय राणा, अनिल राणा, मिथलेश राणा, जितेंद्र राणा, दयानंद सिंह, संटू राणा, लक्ष्मण सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### बरही प्रखंड में 9 छात्रों को मिला साइकिल

**बरही।** बरही प्रखंड संसाधन केंद्र बरही में आयोजित कार्यक्रम में सत्र 2023-24 के कक्षा 8 के सामान्य वर्ग के 9 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बीपीएम अरुण कुमार, केदारुत पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विश्वेश्वर यादव, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी श्री प्रद्युम्न सिंह और प्रकाश सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक तुलसी कुमार दास, समाजसेवी बसंत सिंह, कटीयोन पंचायत के पंकज कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर), चंचल कुमार (रिसोर्स शिक्षक), सुरेंद्र कुमार और तेजनारायण जी ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मुखिया प्रतिनिधि विश्वेश्वर यादव ने कहा कि साइकिल वितरण सरकार की एक शानदार पहल है। इससे दूरी के कारण शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकेगा। बच्चे और बच्चियां अब आसानी से विद्यालय पहुंच सकेंगे और अपनी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रधानाध्यापक तुलसी कुमार दास ने कहा, कई बच्चे अधिक दूरी के कारण पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते थे। साइकिल मिलने से अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में सहूलियत होगी और वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और इस योजना को बच्चों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उपस्थित जनसमूह ने भी सरकार की इस पहल की सराहना की।

### लायंस क्लब भुरकुंडा ने किया वनभोज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा और लायंस क्लब रांची कैपिटल ने संयुक्त तत्वावधान में पतरातु डैम परिसर में वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्लब के सदस्यों और उनके परिवार जनो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर लायंस क्लब भुरकुंडा की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल ने कानपूर से आयीं विशिष्ट अतिथि लायन हेमलता शर्मा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर पास्ट प्रेसिडेंट लायन माला शर्मा ने कहा कि इस तरह का आयोजन प्रत्येक वर्ष होनी चाहिए। ऐसे आयोजनो से सबों में नये ऊर्जा का संचार होता है। जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ राजेंद्र महतो ने कहा कि ऐसे आयोजनसें से आपसी सद्भाव और प्रेम बढ़ता है। समय-समय पर इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए। वनभोज के दौरान सबों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर इसे यादगार बना दिया। वहीं मोटर बोट की सवारी का भी आनंद लिया और मनोरंजक पलों को साझा किया। इस दौरान विभिन्न खेल-कूद के विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी और उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह में क्लब की मजबुती सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, जरूरतमंदो की सेवा, पर्यावरण की सुरक्षा और समाज में जागरूकता फैलाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सामुहिक रूप से एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनो का भी लुत्फ उठाया। समारोह में लायन विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ.जीबू, सूबेदार एचएन यादव, दीनबंधु सिंह, प्रमोद शर्मा, रेनू जायसवाल,संजीव सिंह सपरिवार शामिल हुए

### रोटरी क्लब में मोतियाबिंद शिविर एक फरवरी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब भुरकुंडा और डिवाइन ओंकार मिशन के संयुक्त तत्वाधान में भुरकुंडा बाजार स्थित भारत मेडिकल हॉल में आगामी 1 फरवरी दिन शनिवार को साढ़े बजे से निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने क्षेत्रवासियों से उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उक्त शिविर में पाये गये मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोसः एक पराक्रमी योद्धा महान बलिदानी

26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष चंद्र बोस जेल में थे तब गांधीजी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधीजी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें लेकिन गांधीजी अपना वचन तोड़ने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस, गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये।

**सुभाषचंद्र बोस जयंती (23 जनवरी) पर विशेष**

**रमेश सर्राफ धमोरा**

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया 'जय हिन्द' का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का उनका नारा भी उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 127 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। उसके बाद उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उन्होंने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था।

1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाषचंद्र बोस उसके सदस्य थे।

1930 में सुभाष के कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबीयत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन् 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।

1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके।

ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ।

चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई।

जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होंने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनीं।

नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा दिया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। खून भी एक-दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इम्फाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा।

6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधीजी को पहली बार राष्ट्रपिता बुलाकर अपनी जंग के लिये उनका आशीर्वाद भी मांगा। आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने का नेताजी का प्रयास प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका। किन्तु उसका दूरगामी परिणाम हुआ। सन् 1946 का नौसेना विद्रोह इसका उदाहरण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारत में सेना के बल पर शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतन्त्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा।

विश्व इतिहास में आजाद हिंद फौज जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जहां 30-35 हजार युद्ध बंदियों को संगठित, प्रशिक्षित कर अंग्रेजों को पराजित किया। पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया। रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। 18 अगस्त 1945 को नेताजी की मृत्यु के संबध में विवाद अबतक अनसुलझा है। (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# मुस्लिम बेटियां और 'शरीयत' की बेड़ियां

**डॉ. निवेदिता शर्मा**

देश में एक बार फिर शरीयत एक्ट पर बहस शुरू हो गई है। ये चर्चा इन दिनों इसलिए सामने आई, क्योंकि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच के सामने केरल निवासी महिला ने अर्जी दाखिल की है। याचिकाकर्ता ने न्यायालय को बताया, वह एक अलग तरह की स्थिति में अपने को पाती है। क्योंकि भाई को डाउन सिंड्रोम बीमारी होने से वे असहाय हैं, किंतु उनकी देखभाल मेरे द्वारा ही हो रही है। अन्य सामाजिक दायित्व भी मैं बखूबी निभा ही रही हूं, किंतु शरीयत कानून ह्लमुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट 1937ह्व में पुत्री को बेटे से आधी संपत्ति मिलती है। इस स्थिति में पिता बेटी को एक तिहाई संपत्ति दे सकते हैं, शेष दो तिहाई उन्हें बेटे को देनी होगी। अब यदि भविष्य में भाई के साथ कोई परेशानी होती है, तो फिर भाई के हिस्से वाली संपत्ति पर पिता के भाइयों के परिवार का भी दावा बन जाएगा। उक्त महिला यहां अपने लिए न्याय चाहती है और हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम की तरह ही भाई के नहीं होने की स्थिति में या होते हुए भी बराबर से अपने लिए पैतृक संपत्ति में से हक चाहती है।

यहां कानून की दिक्कत यह है कि भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा-58 के तहत संपत्ति के बारे में घोषणा की जा सकती है, लेकिन मुस्लिम पर लागू नहीं है। पर्सनल लॉ कहता है कि मुस्लिम शख्स एक तिहाई से ज्यादा संपत्ति वसीयत के जरिये नहीं दे सकता है। इसके साथ ही वर्ममान में यह एक बड़ा प्रश्न भी सामने आ खड़ा हुआ है कि मुस्लिम परिवार में पैदा होने के पश्चात भी यदि कोई इस्लाम को नहीं मानते तो क्या उन पर भी ये शरीयत एक्ट लागू होगा ? निश्चित तौर पर इस प्रश्न का उत्तर देश के एक बहुत बड़े वर्ग को चाहिए जो पैदा तो इस्लाम में हुआ है, किंतु उसकी आस्था कहीं भी इस मजहब के प्रति नहीं है।

इसके साथ ही यहां हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के साथ तुलना करने पर एक बात ओर समझ आती है कि पुत्री को समानता का अधिकार देने का नियम भले ही इसके माध्यम से भारत में जन्में सभी मत, पंथ, विचारधाराओं को एक साथ मिल गया था, किंतु फिर भी पुरुष सत्तात्मक समाज व्यवस्था में कुछ रास्ते सहूलियतों के ऐसे अवश्य थे, जहां एक बहन की तुलना में भाई अधिक लाभ की स्थिति में देखा जा रहा था! किंतु इसमें भी समय के साथ सुधार हुआ। 2005 में महिला हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम आया। पहले के कानून में बेटी को पैतृक आवास में रहने का अधिकार था। परंतु अब जन्म से ही बेटी को एक समान उत्तराधिकारी बना दिया गया। जैसे बेटे का हक वैसे ही अब बेटी का भी हक तय कर दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट तौर पर यह निर्देश दिए हैं कि बिना वसीयत के उत्तराधिकार की स्थिति में भी हिंदू महिला बराबर की हकदार है। लेकिन रास्ता फिर भी आसान नहीं था।

वर्ष 2011 में गंडूरी कोटेश्वरम्मा पिता चक्री वेंकटस्वामी का मामला प्रकाश में आया, जिसकी तत्कालीन समय में बहुत चर्चा रही। इस केस को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था यह कहकर कि बेटी और बेटों को बराबर का अधिकार है। फिर उपरोक्त फैसले के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में गंडूरी कोटेश्वरम्मा की तरफ से याचिका दायर की गई। इस याचिका पर अक्टूबर 2011 में न्यायमूर्ति आरएम लोढ़ा और जगदीश सिंह खेहर का निर्णय आया, जिसमें कहा गया, हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम 2005 के तहत बेटियां अन्य पुरुष सहोदरों के बराबर का अधिकार रखती हैं। 2005 के अधिनियम की नई धारा 6 में बेटी और बेटों को बराबर का अधिकार है। सिर्फ अधिकार ही नहीं, बराबरी का उत्तरदायित्व भी निभाना पड़ेगा। साथ ही इस निर्णय में यह भी कहा गया कि यदि बेटियों को बेटों के बराबर उत्तराधिकार का अधिकार नहीं दिया जाता है तो यह संविधान के द्वारा दिए गए समानता के मौलिक अधिकारों का भी हनन होगा। बेटियों को पिता की संपत्ति में हक नहीं देना एक ओर समानता के मौलिक अधिकार का हनन है तो दूसरी ओर यह सामाजिक न्याय की भावना के भी विरुद्ध है।

निष्कर्ष यह है कि जो हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 में लागू हुआ, उसमें भी कुछ खामियां चिह्नित की गईं और उन्हें समय के साथ 2005 में दूर किया गया। फिर भी जो थोड़े बहुत भ्रम थे, उन्हें अक्टूबर 2011 में न्यायमूर्ति आरएम लोढ़ा और जगदीश सिंह खेहर के महिलाओं के हक में आए निर्णय ने दूर कर दिया था। लेकिन यह समानता का अधिकार मुस्लिम बेटी या महिला होने पर उसे आज तक नहीं मिल सका है। जिसे वास्तविक रूप से पाना उसका संवैधानिक अधिकार है; जैसा कि इस गंडूरी कोटेश्वरम्मा केस में न्यायालय के 2011 के निर्णय में प्रत्येक महिला को पुरुष के बराबर संपत्ति में से अधिकार देना अनिवार्य करार दिया है। यहां केरल निवासी महिला का मामला भी कुछ इसी प्रकार का है, जिसे अपने लिए मुस्लिम होने पर संविधानिक के स्तर पर न्याय चाहिए और जो अपने ऊपर शरीयत कानून ह्लमुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट 1937ह्व का दबाव नहीं चाहती है।

यहां हम सभी जानते हैं कि मुस्लिम में शरीयत एक्ट 1937 के तहत उत्तराधिकार संबंधित विवाद का निपटारा होता है। मसलन किसी शख्स की मौत हो जाए तो उसकी संपत्ति में उनके बेटे, बेटी, विधवा और माता पिता सबका हिस्सा वर्णित किया गया है। बेटे से आधी संपत्ति बेटी को देने का प्रावधान है। पति की मौत के बाद विधवा को संपत्ति का छठवां हिस्सा दिया जाता है। अगर बेटियां ही हैं तो बेटियों को तिहाई हिस्सा ही मिलेगा। मुस्लिम शख्स वसीयत भी अपनी संपत्ति का एक तिहाई ही कर सकता है। बाकी दो तिहाई संपत्ति की वसीयत नहीं कर सकता है। वह उसके परिवार के अन्य लोगों के हिस्से में चली जाती है।

यहां यह आंकड़ा भी देखने और उस पर विचार करने योग्य है; वर्तमान में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या मुसलमानों की है। भले ही अल्पसंख्यक की स्पष्ट परिभाषा संविधान में नहीं होने से भारत का मुसलमान आज अल्पसंख्यक होने का सबसे अधिक 97 प्रतिशत से भी ज्यादा लाभ लेता है, फिर भी 2024 में भारत में मुस्लिम आबादी अनुमानित 20 करोड़ के लगभग हो चुकी है। आप स्वयं विचार करें कि इस बीस करोड़ की आधी आबादी यानी कि 10 करोड़ महिलाएं आज भी समानता के न्याय से भारत में इसलिए पूरी तरह से वंचित हैं, क्योंकि शरीयत कानून ऐसा करने की इजाजत नहीं देता है।

यह कितनी बड़ी जनसंख्या है, उसका अनुमान इससे भी लगता है कि वर्तमान में जो मुंबई है, उस जैसे पांच शहर की कुल आबादी को भारत में अपने साथ न्याय की दरकार है। देश की राजधानी दिल्ली की कुल जनसंख्या के नजरिए से भी देखें तो देश में पांच दिल्ली बसा दी जाएं और उसमें सिर्फ मुस्लिम महिलाएं हों, तब सोचिए उनके साथ यह अन्याय कितने वक्त से हो रहा है ? और इस तरह से देश में स्वाधीनता के पहले एवं आजादी के बाद भी लगातार इस जनसंख्या का शोषण पिछले 78 सालों से बदस्तूर जारी है।

यह खुशी की बात है कि वर्तमान में ही सही इस विषय पर विचार तो शुरू हुआ। अब यदि कोई मुस्लिम परिवार में पैदा होने के बावजूद इस्लाम में यकीन नहीं रखता तो उस पर शरीयत कानून लागू नहीं होना चाहिए, बल्कि भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम लागू होना चाहिए। इस मांग पर सुनवाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सहमति दे दी है।

# सर्दियों में हाथों की रूखी त्वचा की देखभाल

सौंदर्य सलाहः शहनाज हुसैन

मौसम कोई भी हो लेकिन हाथ दिन-रात काम करते हैं। हाथों की त्वचा मौसम की मार, धूल, साबुन, पानी को लगातार सहते हुए रूखी और बेजान हो जाती है। सर्दियों में यह समस्या सबसे ज्यादा गंभीर रूप धारण कर लेती है। गृहणी और कामकाजी दोनों महिलाओं के हाथ रोजाना के कामकाज के दौरान बार-बार साबुन और डिटर्जेंट के सम्पर्क में आते हैं। इससे हमारे हाथ लाल, खुरदरे, सूखे, बेजान और मुरझाये दिखने लगते हैं।

आप चाहे कामकाजी महिला हों या होम मेकर, आपके हाथ हर मौसम में सबसे ज्यादा खुले रहते हैं। इससे अन्य अंगों की बजाय हाथ सबसे ज्यादा सूखे होते हैं। सर्दियों में वातावरण में नमी और बर्फीली हवाओं से आपके हाथ शुष्क और खुरदरे हो जाते हैं। वातावरण में अचानक बदलाव से हाथों की त्वचा प्रभावित होती है। सर्द ऋतु की तेज बर्फीली हवाओं से त्वचा शुष्क होने के साथ हाथों का फटना भी शुरू हो जाता है। ऐसे में सवाल उठता है की इस ठन्डे मौसम में हाथों की बाहरी संवेदनशील त्वचा में जलन, खुजली, सूखापन, एक्जिमा, डर्मेटाइटिस आदि बीमारियों को कैसे रोका जाये। मेरा मानना है कि साबुन, केमिकल, डिटर्जेंट और अल्कोहल आधारित सेनिटाइजर का हाथों पर बार-बार प्रयोग करने से हाथों की ऊपरी त्वचा में प्रोटीन को नुकसान पहुँचेगा, जिससे हाथ लाल, खुरदरे, बेजान और मुरझाये दिखने लगते हैं। इनके ज्यादा प्रयोग से आपके हाथों में कट या घाव लग सकते हैं जिससे बैक्टीरिया हमारी त्वचा में प्रवेश कर सकता है, इससे ह्यएक्जिमाह्व जैसे रोग घर कर सकते हैं। आपके हाथों में झुनझुनी का अहसास हो सकता है और त्वचा फफोलेदार और पीड़ादायक हो सकती है। वास्तव में हाथों की पिछली ओर की त्वचा काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियों की कमी रहती है, जिसकी वजह से हाथों में झुर्रियां पड़ जाती हैं।

हमारे हाथों की बाहरी परत की त्वचा वॉटरप्रूफ बैरियर की तरह काम करती है। यह परत समतल कोशिकाओं से बनी होती है जो त्वचा की सामान्य नमी बनाए रखते हुए त्वचा की बाहरी पदार्थों से रक्षा प्रदान करती है। जब हम हाथों को साबुन को झाग/सेनिटाइजर से बार-बार धोते हैं तो यह प्रकृतिक बैरियर टूट जाता है तथा हाथों की त्वचा को नुकसान पहुँचना शुरू हो जाता है। ऐसे में हाथों की त्वचा की रक्षा अनिवार्य है। सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि हाथ धोने के बाद उन्हें अच्छी तरह सूखने दें तथा हाथ सूखने के बाद ही हैंड क्रीम लगाएं। इसके अलावा सिंगल यूज नैपकिन का प्रयोग करें क्योंकि एक ही कपड़े से बार-बार हाथ पोंछने से बैक्टीरिया के फैलने का खतरा बढ़ सकता है। हाथ सूखने के बाद त्वचा पर जैल या खुश्बू रहित हैंड क्रीम उपयोग में लाएं या आप




मॉइस्चराइजिंग मास्क भी अप्लाई कर सकते हैं। सर्दियों में शावर जैल या ग्लिसरीन युक्त साबुन का प्रयोग बेहतर होगा।

सबसे पहले सुबह के स्नान के समय हाथों को आयॅल तथा माइस्चराइज करने की शुरूआत करनी चाहिए। कच्चे दूध की मालिश हाथों को कोमल बनाये रखने में मददगार होती है। कच्चे दूध को निकाल कर फ्रिज में रख लीजिये और जब भी समय मिले, हाथों-पांवों पर मल कर धीरे-धीरे मालिश करें। इससे त्वचा मुलायम होगी तथा त्वचा पर जमी मैल, गन्दगी दूर होगी। आप इस प्रक्रिया को रोजाना दोहरा सकते हैं या 1-2 दिन के अंतराल के बाद उपयोग कर सकते हैं।

स्नान से पहले गुनगुना तेल लगाकर हाथों पर अच्छी तरह मालिश कीजिए जिससे हाथों की त्वचा मुलायम हो जाती है। इसके लिए आप नॉरियल तेल/तिल/जैतून या बादाम तेल का उपयोग करें तो बेहतर होगा। नहाने के तत्काल बाद जब आपकी त्वचा गीली हो तो हाथों पर मॉइस्चराइजर/क्रीम लगा लीजिए जिससे त्वचा में नमी बनाए रखने में मदद मिलेगी।

बादाम, दही और चुटकी भर हल्दी डालकर बने मिश्रण हाथों पर लगाकर 30 मिनट बाद हाथों को ताजा ठण्डे पानी से धो डालिए। इस प्रक्रिया को आप हफ्ते में दो बार अपना सकते हैं। रात्रि को सोने से पहले हाथों पर पोषक क्रीम की हल्की मालिश के बाद सो जाइए।

# दिवारों पर वर्टिकल फार्मिंग



**जीवीएस शास्त्री**

**यह** तो सभी को पता है कि खेती जमीन पर की जाती है। लेकिन अगर आपको पता चले कि दुनिया नें कुछ ऐसी जगहें भी हैं। जहां दीवारों पर खेती की जाती है, तो शायद आप हैरान रह जाएं। वहीं आपको बता दें कि दुनिया में ऐसी कई जगह हैं जहां दीवार भी खेती होती है। इसे वर्टिकल फार्मिंग कहते हैं। यह धीरे धीरे लोगों के बीच काफी लोकप्रिय होता जा रहा है। इसी बीच आज हम आपको इससे जुड़ी तमाम जानकारी बताने जा रहे हैं। तो आइए इसे विस्तार से जानते हैं।

**यहां वर्टिकल फार्मिंग होती है**

आपको बता दें कि इजरायल के साथ साथ और भी कई देश हैं जहां वर्टिकल फार्मिंग होती है। दरअसल यहां खेती के लिए जमीन कम है। जिस वजह से यहां के लोग दीवार पर खेती करना बेहतर समझते हैं। इस टेकनीक को इजरायल, अमेरिका, चीन और भी कई देश इसे अपना रहे हैं।

कंप्यूटर को यूज किया जाता है

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दीवार पर खेती करने के लिए कंप्यूटर को यूज किया जाता है। इसके लिए छोटे छोटे गमलों नें पौधे लगाकर दीवारों पर इस तरीके से लगाया जाता है कि वो गिरे नहीं। इसकी सिंचाई करने के लिए कंप्यूटर का यूज किया जाता है। गेंहू अनाज को उगाने के लिए यूनिट्स को दीवारों से थोड़ी देर के निकाल कर फिर से दिवार पर लगा दिया जाता है। इन फसलों को उगाने के लिए बूंद बूंद की सिंचाई की टेकनीक को अपनाया जाता है।

**ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव भी कम होता है**


इस टेकनीक को देशों में अपनाया जा रहा है। इससे जमीन की बचत तो होती हैं। साथ घर का तापमान भी सही रहता है। इससे इसके आसपास के वातावरण में खुश्बू भरा होता है। वहीं वर्टिकल फार्मिंग से ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव भी कम होता है।

# घर में फिटनेस के लिए हो एक कोना

**रानी राज**

फिट इंडिया मूवमेंट पूरा हुआ। इस दौरान आधा घंटा रोज, फिटनेस की डोज का नारा दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से फिटनेस पर ध्यान देने की अपील की। असल में फिटनेस की शुरूआत हमें घर से ही करनी होगी। जिस तरह बेडरूम, ड्राइंगरूम स्टडी-रूम हमारे घर में होते हैं उसी तरह हमें अब फिटनेस रूम पर भी ध्यान रखना होगा।

जानकार कहते हैं कि आज अनेक घरों में ही जिम बनाने का चलन बढ़ा है। बेशक यह काम सबके बस की बात नहीं। एक तो स्पेस की किल्लत, दूसरे महंगे उपकरणों का रखना खासा खर्चीला होता है। इसके अलावा फिटनेस के लिए मशीनरी का सही उपयोग भी आना चाहिए। जानकार कहते हैं कि सबसे जरूरी है अपने अंदर फिटनेस की ललक पैदा करना। इसके लिए आप घर के एक कोने को ह्यफिटनेस कॉर्नरह्व बना सकते हैं। असल में सामान्यतः आम घरों में गेस्ट रूम, ड्राइंगरूम आदि को ही प्राथमिकता दी जाती है। हालांकि अब स्टडी रूम का चलन भी बढ़ा है। इसी तरह फिटनेस रूम भी बनाया जाना जरूरी है। या फिटनेस के लिए एक कोना।



**घर के काम में भी छिपा है फिटनेस का राज**

इन दिनों बच्चे घर पर ही हैं। पढ़ाई के अलावा जो समय उन्हें मिलता है, उस दौरान वे घर के काम में अपने माता-पिता या अन्य सदस्यों की मदद कर सकते हैं। जानकार कहते हैं कि घर के कामों जैसे कि झाड़ू, पोछा, आटा गूंथना, बागवानी जैसे तमाम काम ऐसे हैं जिसमें आपको सुकून मिलेगा और फिटनेस भी रहेगी। घरवाले मिलकर किसी दिन मास्टर सफाई का भी कार्यक्रम रख सकते हैं। इस दिन घर का हर सदस्य अपने हिस्से का काम कर ले। अगर चाहें तो अपने घर का लेआउट भी बदल सकते हैं।

**क्या करें-**

जानकार कहते हैं कि अगर पर्याप्त जगह है तो आप एक कमरे को ही फिटनेस रूम बना सकते हैं। इसके लिए आप वहां कुड डंबल, स्प्रिंग वाली रस्सी जैसी कुछ चीजें रख सकते हैं। अगर ऐसा न हो तो आप एक कोने को ही फिटनेस कॉर्नर बनायें। यहां आप एक आसन ही रख लें जिस पर बैठकर आप रोज सुबह योगासन आदि करें। घर में जितने सदस्य हैं, उनके लिए एक-एक आसन बना हो सकता है। उन पर बैठकर आप अनुलोम-बिलोम, प्राणायाम जैसे कुछ यौगिक क्रियाएं कर सकते हैं।

बच्चों की एक्सरसाइज के कुछ सामान भी आप वहां रख सकते हैं ताकि बच्चों को हर दिन उस कोने को देखकर अपनी फिटनेस की याद आये और वह इसके लिए तैयार रहे।

# गोपाल मैदान के विशाल टुसू मेला में दिखी झारखंडी संस्कृति की झलक

## आकर्षक टुसू चौड़ल को देखने उमड़ा जनसैलाब, वाद्य यंत्रों की धुन व लोकगीतों पर थिरके लोग

- आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासत को संजोने की अपील

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड वासी एकता मंच ने बिष्टुपुर के ऐतिहासिक गोपाल मैदान में मंगलवार को विशाल टुसू मेला का आयोजन किया। जिसमें राज्य की सांस्कृतिक व पारंपरिक गीत-नृत्य की प्रस्तुति हुई। दूरदराज के गांवों व आसपास के राज्यों से आये आकर्षक टुसू चौड़ल व बूढ़ी गाड़ी नाच के लिए नगद पुरस्कार भी दिये गये। साथ ही मेला में आनेवाले सभी प्रतिमा व चौड़ल के लिए सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। पुरस्कार के मद में लाखों रुपये बांटे गये। कार्यक्रम में बतौर अतिथि राज्य के पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद विद्युतवरण महतो, विधायक सबिता महतो, पूर्व सांसद सुमन महतो, पूर्व पार्षद सारथी महतो, मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो, बिल्डर फणींद्र महतो, रमेश हांसदा, पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, बिल्डर विकास सिंह, आर के सिन्हा आदि मौजूद थे।

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि आज झारखंड की भाषा व संस्कृति खतरे में है, जिसे बचाने की जरूरत है। क्योंकि समाज के लोग पढ़-लिखकर व उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी परंपरा से दूर होते जा रहे हैं। वैसे लोग गले में मांदर, धमसा आदि टांगकर बजाने में शर्म महसूस कर रहे हैं। उन्हें यह याद रखने की जरूरत है कि यही विरासत हमारे पूर्वजों की देन है। पुरानी सांस्कृतिक विरासत ही अमूल्य धरोहर है, जिसे जीवित रखने की जिम्मेवारी हम सबकी है। उन्होंने 4-5 टुसू गीत गाकर पूरा नजारा ही टुसूमय बना दिया। उन्होंने चल सोजोनी जाबो जोमुना, देखे आसबो कालो सोना, दुनिया पागोल मोदेर बोतोले, तोखे कोन साला पागोल बोले, मास पीठा होबेक मोकोरे गाया।

पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि लौहनगरी की यह धरती शहादत की धरती है। झारखंड की यही आपसी संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए टुसू मनाते हैं।

आस्तिक महतो ने टुसू प्रतिमा व चौड़ल का इतिहास लोगों के समक्ष रखते हुए कहा कि इस राज्य की संस्कृति ही लोगों के लिए आकर्षण है। साथ ही उन्होंने लोगों से एक रहने व नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में पार्षद खगेन महतो, पूर्व पार्षद स्वपन महतो, सुखदेव महतो, बबलू महतो, सचिन महतो, सुनील महतो मीता, करमू हांसदा, चुनका मार्डी, लालटू महतो, सत्यनारायण महतो जुटे रहे।

**अतिथियों ने किया शहीदों को माल्यार्पण :** मेला में मुख्य मंच के समीप झारखण्ड अलग राज्य के लिए लड़ाई लड़नेवाले व मेला आयोजन में महती भूमिका निभानेवाले लोगों के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। उन चित्रों में शहीद रघुनाथ महतो, शहीद बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू, शहीद निर्मल महतो, शहीद सुनील महतो, स्व सुधीर महतो व पूर्व विधायक साधु चरण महतो के नाम शामिल है।

**टेंपो में हेलीकाप्टर रहा आकर्षण का केंद्र :** मेला में वैसे तो कई नृत्य व गीत दल आकर्षण का केंद्र रहा, लेकिन एक ऑटो (टेंपो) को हेलीकाप्टर का रूप विशेष आकर्षण रहा। उक्त ऑटो एक स्थान पर भ्रमण करता रहा, जिसे देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी।





1. मांदर बजाते सांसद विद्युतवरण महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, साथ में आस्तिक महतो व कलाकार। 2. टुसू मेले में दूर-दूर से आये टुसू चौड़ल और उमड़ा जनसैलाब। 3. सांस्कृतिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत करती आदिवासी युवतियां व महिलाएं।

**ठेला खोमचावालों की भी रही चांदी :** मेला में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी थी। इस अवसर पर काफी संख्या में ठेला खोमचा वाले भी थे। मेला परिसर के बाहर गोलगप्पा, चना, मिठाई, चाय, बादाम आदि के दुकान लगे थे, जिसका आनंद वहां आनेवाले लोगों ने खूब उठाया।

**रंजीत महतो एंड टीम ने बांधा समा :** मशहूर झूमर गायक रंजीत महतो (मनोहरपुर) ने अपनी नृत्य टीम के साथ कई गीत गाकर समा बांध दिया। इसकी शुरूआत उन्होंने पोहिले बूढ़ा बाबा... से की। इसके बाद उन्होंने बोछोर पोरे जाबो..., एगो बुलु साड़ी पिन्धी धोनी कमर तहलकाय... सहित कई टुसू व झूमर गाकर लोगों को देर शाम तक झूमने को मजबूर कर दिया।






**विजेता हुए पुरस्कृत :** मेला में टुसु के लिए सात, चौड़ल के लिए चार तथा बूढ़ी गाड़ी नाच के लिए चार विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। टुसू विजेताओं को प्रथम से सप्तम क्रमशः 31 हजार, 25 हजार, 20 हजार, 15 हजार, 11 हजार, 7 हजार व 5 हजार रु दिया गया। चौड़ल के लिए क्रमशः 25 हजार, 20 हजार, 15 हजार 11 हजार रु शामिल थे। वहीं बूढ़ी गाड़ी नाच के लिए क्रमशः 15 हजार, 11 हजार, 7 हजार व 5 हजार रु शामिल है।

### विजेताओं के नाम

**टुसू प्रतिमा**
- प्रथम : सुधीर महतो (चाडरी)
- द्वितीय : जगन्नाथ महतो (सोसोमोली, राजनगर)
- तृतीय : धनंजय महतो (पदनामसाई, राजनगर)
- चतुर्थ : सूरज महतो (तुमुंग, राजनगर)
- पंचम : प्रशांत (उज्जपुर, गम्हरिया)
- छठा : गणेश चंद्र महतो (गेगेरुली)
- सातवां : प्रदीप महतो (सिंधुकोपा)

**चौड़ल**
- प्रथम : श्री श्री माँ दुर्गा चौड़ल समिति (बाँधडीह, तमाड़ रांची)
- द्वितीय : शिव शंकर महिला समिति (घोड़ाबंधा, सिंदरी पुरुलिया)
- तृतीय : आदिवासी किसान चौड़ल समिति (कुजियाम्बा, खूंटी)
- चतुर्थ : न्यू स्टूडेंट क्लब (बोड़ाम)

**बूढ़ी गाड़ी नाच**
- प्रथम : फातु बास्के (बलराम बस्ती, सोनारी)
- द्वितीय : मतला सोरेन (जोजोगोड़ा, सरायकेला)
- तृतीय : मुचीराम मुर्मू (हेलीकाप्टर)
- चतुर्थ : चुनाराम बास्के (बाबा तिलका माझी, सोनारी)

## स्पीड न्यूज

### जनगणना में भेदभाव की डीसी से शिकायत

**जमशेदपुर।** समाजसेवी दमोदर शनिबाबा ने जुगसलाई नगर निगम चुनाव के लिए चल रही जनगणना प्रक्रिया में कथित भेदभाव पर चिंता जताई है। उन्होंने मंगलवार को जिला उपायुक्त को पत्र सौंपकर आरोप लगाया कि जनगणना कर्मी सर्वेक्षण में लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे डाकोत जाति जैसे समुदाय आरक्षण लाभ से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना कर्मी कई घरों तक नहीं पहुंच रहे हैं और गलत तरीके से डेटा भर रहे हैं।

### फुटबॉल टूर्नामेंट व मुर्गा पाड़ा का होगा आयोजन

**चांडिल।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तिलका कल्याण समिति गांगुडीह पुनर्वास द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता, मुर्गा पाड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 30 हजार, द्वितीय पुरस्कार 20 हजार तथा तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार 12 हजार रुपये है। उपरोक्त जानकारी तिलका कल्याण समिति गांगुडीह पुनर्वास कमिटी के श्यामल मार्डी ने दी।

### केमिकल युक्त गंदा पानी बहाने की शिकायत

**गम्हरिया।** दो निजी कंपनियों द्वारा सरकारी नाले का अतिक्रमण किए जाने की शिकायधित गम्हरिया अंचलाकारी से की गयी है। इस मामले को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चंद्र महतो के नेतृत्व में अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंप उक्त नाले को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की गयी है। दोनों कंपनियों ने सरकारी नाले को अतिक्रमण कर कंपनी की चहारदिवारी बना दी है।

### बीएसीईटी ने टीवीएस के साथ किया एमओयू

**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने अपने छात्रों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने के लिए जमशेदपुर की अग्रणी ऑटोमोबाइल विनिर्माण कंपनी, जेडएफ-टीवीएस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। एमओयू के तहत बीएसीईटी के छात्रों को कंपनी के प्लांट में प्रशिक्षण दिया जायेगा और नई मशीनों पर कुशल प्रशिक्षण भी कंपनी द्वारा प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा रिक्तियां होने पर कंपनी प्लेसमेंट में सहायता भी देगी। ज्ञापन पर बीएसीईटी के चेयरमैन डॉ एसके सिंह और जेडएफ सीवीएस के दिलीप दास प्लांट हेड, राघव तिवारी (एजीएम-एचआर) ने हस्ताक्षर किये हैं।

### दो फरवरी को मनाया जायेगा शहीद दिवस

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिला उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने डीडीसी संदीप कुमार मीणा, सदर चाईबासा एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो व जिला नजारत उपसमाहर्ता देवेंद्र कुमार सहित अन्य की मौजूदगी में टोंटो प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगसिया स्थित शहीद स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान वरीय पदाधिकारी ने स्मारक स्थल का भीतरी एवं बाहरी भाग का भ्रमण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए 2 फरवरी शहीद दिवस पर होने वाले आयोजन की तैयारियों के तदर्थ स्मारक समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

# राष्ट्रपति भवन में सम्मानित होंगी वन्दे भारत की आदिवासी लोको पायलट ऋतिका तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा नगर की सहायक लोको पायलट ऋतिका को राष्ट्रपति भवन से सम्मानित करने की सुचना मिलते ही टाटा नगर रेलवे विभाग में खुशी की लहर देखने को मिल रहा है। टाटा नगर के एआरएम ने खुशी जताते हुए कहा है कि महिला स्टाफ को सम्मान मिलने से पूरे विभाग में खुशी की लहर है। राष्ट्रपति के हाथों ऋतिका को जो सम्मान देने का निश्चय किया गया है, ऋतिका उसकी हकदार भी है। उन्होंने कहा कि ऋतिका पहली ट्राइबल महिला है, जो प्रधानमंत्री द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन करने के पश्चात वन्दे भारत ट्रेन को लेकर टाटा से पटना तक का सफर पूरी की थी। उन्होंने इस सम्मान के लिए ऋतिका को बधाई दी है। ऋतिका ने बताया कि जब मुझे राष्ट्रपति भवन से पत्र मिला तब से ही घर और रेलवे विभाग में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक खुशी मुझे है कि एक महिला राष्ट्रपति के हाथों मुझे सम्मानित किया जायेगा।



सम्मान कार्यक्रम की जानकारी देतीं ऋतिका व अन्य।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर बंग बंधुओं ने किया भव्य समारोह

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था बंग बंधु 23 जनवरी को देश नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती को धूमधाम से मनायेगी। इस विशेष अवसर पर जमशेदपुर के सभी बांग्ला भाषी संस्थान एक साथ आकर नेताजी की जयंती को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास करेंगे। उक्त जानकारी साकची बंगाल क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता में संस्था की अध्यक्ष अपर्णा गुहा और महासचिव उत्तम गुहा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को सुबह संस्था के चारों जोन-साकची, बिष्टुपुर, परसुडीह, सुंदरनगर, कदमा, सोनारी, बारीडीह, टेल्को बिरसानगर-से महिलाएं, बच्चे और पुरुष एकत्र होकर साकची पहुंचेंगे। भव्य झांकी का आयोजन साकची आयी हॉस्पिटल से एक विशाल झांकी निकाली जायेगी। इस झांकी में महिलाएं और बच्चे देशभक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए साकची नेताजी सुभाष मैदान तक पहुंचेंगे। झांकी के दौरान देशभक्ति के माहौल को और भी प्रेरणादायक बनाने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक झलकियां प्रस्तुत की जायेंगी।

## एनके एरिया में ठेका मजदूरों का 22 जनवरी को आहूत बंदी वापस, प्रबंधन ने एक चांस मांगा

- महाप्रबन्धक ने कहा मुझे एक मौका दिया जाए

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया में संचालित विभिन्न कंपनियों के ठेका मजदूरों का सीएमपीफ भुगतान लंबित पर एनके एरिया 22 जनवरी के दिन बंद का आह्वान किया गया था। लेकिन एनके प्रबंधन के हस्तक्षेप या महाप्रबंधक के अध्यक्षता में त्रिपक्षीय बैठक में ठेका मजदूर यूसीडबल्यू यू प्रतिनिधि के बीच लंबी वार्ता हुआ। जिसमें महाप्रबन्धक ने मजदूर यूनियन नेताओ से कहा कि क्षेत्र में नया आया हूं मुझे एक मौका दिया जाए मैं अधिकारियों से मिलकर समस्या का अति शीघ्र निराकरण कर दूंगा। इस पर सारे ठेका मजदूर अपने सहमति दी। बंद वापस की घोषणा की। बैठक में केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह, पुरनाडीह पीओ शकील अख्तर, रोहिणी पीओ राजेंद्र प्रसाद, सिक्योरिटी नीतीश झा, यूनियन नेता अध्यक्ष कृष्णा चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश भर, मिथिलेश कुमार कैलाश यादव सहित अन्य दर्जनों कामगार उपस्थित थे।



## लपरा में 25 लाख रुपये की लागत से बनेगा लैम्पस भवन, हुआ शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** लपरा पंचायत के विकास नगर बुधबजार के निकट कृषि विभाग झारखंड सरकार के द्वारा 25 लाख रुपये की लागत से लैम्पस भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास लपरा पंचायत की मुखिया पुतुल देवी ने पुरोहित के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर भवन का शिलान्यास किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि पंचायत में लैम्पस भवन के निर्माण से किसानों को अपने फसल बेचने में काफी सहूलियत होगी, पंचायत में ही कृषि विभाग द्वारा उनसे धान की खरीदारी की करेगी। जिससे उनका ट्रांसपोर्टिंग खर्च भी बचेगा। मौके पर भवन निर्माण कार्य के संवेदक, अभियंता सहित रजनीश भगत, प्रमिला देवी गुड्डु उरांव, संतोष मुन्डा, सुशील उरांव, कोलेश्वर उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन को ले बनी डीएलसी

- उपायुक्त के निर्देश पर समाहरणालय में बैठक
- जिप अध्यक्ष, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिप उपाध्यक्ष, निदेशक एनईपी, विद्युत कार्यपालक अभियंता व अन्य हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति गठित की गयी। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन पर चर्चा हुई व योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, निदेशक एनईपी, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता व अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी में सासंद, जमशेदपुर विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे तथा सदस्य जिप अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिप, जिप उपाध्यक्ष, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर डिस्कॉम एवं लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सदस्य के रूप में शामिल किये गये हैं।

## जीत के साथ बाघवार अकादमी अगले राउंड मे



**चान्हो।** वेंचर स्किल अंदर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत रांची के शाखा मैदान में मंगलवार को खेले गए लीग मैच में बाघवार अकादमी की टीम ने आचार्यकुलम स्कूल को एक तरफा मुकाबले में पांच विकेट से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। आचार्यकुलम की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 258 रन बनाई। जिसमें कुमार आदित्य सिंह का 124 रनों का योगदान रहा। बाघवार स्कूल के जियाउल हक ने 6 ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिया। बाघवार स्कूल की टीम ने रनों का पीछा करते हुए 29 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 259 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। टीम के ऑलराउंडर अभिषेक मलिक और उनकी शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। टीम की सफलता पर बाघवार अकादमी के निदेशक अशोक बाघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने खिलाड़ियों को उनके शानदार भविष्य की बधाई दी।

# मतदाता दिवस पर नये वोटरों को जोड़े बीएलओ : चंचला कुमारी

**मांडर।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को 15वें राष्ट्रीय मतदान दिवस जो 25 जनवरी को आयोजित होगी। इसे लेकर एक प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही साथ लोकसभा निर्वाचन और विधान सभा निर्वाचन में उत्कृस्ट कार्य करने वाले बीएलओ और सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, माण्डर के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान अंचल अधिकारी चंचला कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार व्यापक रूप से किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान के महत्व के प्रति जागरूक हो सकें। मौके पर विश्व नाथ सिंह मुंडा, जयंत लकड़ा, चित्रंजन महतो, शनि उरांव, विनोद महतो, छूनू उरांव, सदानंद कुमार, आनंद सिंह, मुकेश नन्द तिवारी व अन्य मौजूद थे।



## एक नजर में

### संत आंद्रीयास चर्च का मिलन समारोह मना



**जमशेदपुर।** सीएनआई चर्च जमशेदपुर पेरिश के अंतर्गत संत आंद्रीयास चर्च का पिकनिक सह वार्षिक मिलन समारोह 2025 रानी फॉल्स, सोयको खूंटी में आयोजन किया गया। जिसमें चर्च के 250 सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं के लिए चम्मच रेस, रस्साकसी, बैलून रेस, हांडी फोड़, म्यूजिकल चेयर रेस जैसे मनोरंजक खेलों का आनंद लिया गया। इसे सफल बनाने में मौली रुंडा, जुनुल सिरूम, निरल रोहित खलखो, अनुज, मार्शल विनीत मड़की का योगदान रहा।

### 300 भूमिज बहुल गांव में मना माघ बुरु पूजा



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा से सटे नूतन डीह समेत पोटका के 300 भूमिज बहुल गांव के ग्रामीणों ने माघ बुरु की पूजा की। मौके पर जाहिरा में ग्राम देवता से गांव की सुख-समृद्धि की कामना की गयी। इसके पूर्व धमसा व ढोल नगाड़े बजाते हुए जादूगोड़ा के नुतनडीह जाहिरा में माघ बुरु पूजा के साथ ही आज से शुभ काम का शुभारंभ हो गया। जानकारी हो कि आदिवासी भूमिज- समाज का नया वर्ष पहला माघ यानी 15 जनवरी से प्रारंभ होता है। इस अवसर पर भूमिज समुदाय के हर गांव में सुख समृद्धि को लेकर पूजा होती है। मौके पर सिदेश्वर सरदार, रामेश्वर सरदार, नाया बृहस्पति सरदार, देवरी पटल सरदार, कूड़ाम नाया गुरु पद सरदार ,रामेश्वर सरदार, कार्तिक सरदार, भागीरथी सरदार ,विष्णु सरदार ,सिद्धेश्वर सरदार उपस्थित रहे।

### महिलाओं के बीच कंबल का वितरण



**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय के निर्देश पर वार्ड नंबर 5 में सैकड़ों महिलाओं के बीच कंबल वितरण का किया गया। कंबल मिलने पर महिलाओं के बीच उत्साह दिखा। कंबल वितरण में सुनीता सिंह, प्रतिमा देवी, सोनी देवी, ममता ठाकुर और अन्य लोग उपस्थित थे।

### इसरो ने किया जीएसटी के अधिकारी का सम्मान



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर आद्योगिक क्षेत्र की अग्रणी लघु उद्धमियों की संस्था, इंडस्ट्रियल स्टेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स आगेर्नाइजेशन (इसरो) के स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा सालगिरह माह मनाया जा रहा है। इसरो का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष रूपेश कतरियार की अगुआयी में झारखंड जीएसटी के अधिकारी सहायक आयुक्त विनय शंकर का पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो दे कर सम्मान किया गया। मौके पर सचिव पंकज झा, सौरभ चौधरी एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेश्वर जायसवाल आदि भी थे।

### विश्व गायत्री परिवार की ज्योति कलश रथ यात्रा



**गम्हरिया।** अखंड दीपक प्रकाट्य शताब्दी एवं परमवंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार की ओर से ज्योति कलश रथ यात्रा करते हुए मंगलवार को गम्हरिया स्थित विद्या भारती उच्च विद्यालय के प्रांगण में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को अखंड ज्योति का दर्शन कराया। शांतिकुंज हरिद्वार से आये संत ने बच्चों को गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ गायत्री महामंत्र की महिमा से परिचित करवाया। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष, सचिव, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे व कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### दिनेश कुमार की अध्यक्षता में वित्तरहित माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक

**ठाकुरगांव।** वित्तरहित माध्यमिक शिक्षक संघ झारखंड की बैठक मंगलवार को किसान उच्च विद्यालय पिठोरिया में महासचिव दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ द्वारा वित्तरहित कर्मियों को सरकारी संवर्ग में शामिल करते हुए वेतनमान देने की मांग सरकार से की गई। साथ ही संघ द्वारा शिक्षा विभाग से कार्मिक विभाग में लंबित संचिका को निष्पादित करके वित्तरहित शिक्षकों को भत्ता व अन्य सुविधाएं जल्द देने की मांग की गई। साथ ही बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि हमारी मांगों पर कारवाई नहीं होती है तो राज्य के वित्तरहित शिक्षक आंदोलन को विवश होंगे। मौके पर राजेंद्र प्रसाद महतो, मो अफरोज आलम, मधुसूदन साहु, देवाशीष गिरि, नंदलाल पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# नये सिरे से शुरूआत करने उतरेगी भारतीय टीम



- भारत-इंग्लैंड के बीच पहला टी20 कोलकाता मे आज, समय शाम : 06:30
- जीत के साथ सीरीज में आगाज करना चाहेगा भारत
- मजबूत प्लेइंग कके साथ मैदान पर उतरेगा भारत

एजेंसी

**कोलकाता।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली टेस्ट सीरीज में हार को भुलाकर इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में नए सिरे से शुरूआत करने उतरेगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम का पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में बुधवार को इंग्लैंड से होगा। इस मैच से अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 14 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे।

### दोनो टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल , अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड :** बेन डकेत, फिल सॉल्ट (विकेटकीपर), जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक (उपकप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जैमी ओवरटन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

## शमी की वापसी पर रहेंगी नजरें, वॉशिंगटन और नीतीश में से किसी एक को मौका



भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार को कोलकाता के ईडेन गार्डेंस पर पांच मैचों की सीरीज का पहला टी20 मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच से अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भारतीय टीम में वापसी करेंगे जो वनडे विश्व कप 2023 के बाद से टीम से बाहर चल रहे थे। शमी ने घरेलू क्रिकेट में खेलकर अपनी मैच फिटनेस साबित की है और अगर सबकुछ योजना के अनुसार रहा तो शमी का प्लेइंग-11 में जगह बनाना पक्का है।

### अक्षर निभाएंगे ऑलराउंडर की भूमिका

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार को अभी तक भुला नहीं पाई है जिसके बाद टीम में अनुशासन बहाल करने के लिए बीसीसीआइ ने कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं। ऑलराउंडर अक्षर पटेल को भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया गया है जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अक्षर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 31 गेंद में 47 रन बनाए और आठ मैचों में नौ विकेट भी लिए थे। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव होगा।

### भारत को हराना नहीं आसान

टी20 प्रारूप में भारत को हराना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता है। हालांकि, भारतीय टीम के खिलाफ इस प्रारूप में जीत हासिल करने में इंग्लैंड का कोई तोड़ नहीं है। शीर्ष टीमों में इंग्लैंड ऐसी टीम है जिसका भारत के खिलाफ जीत प्रतिशत सबसे ज्यादा है। इंग्लैंड ने 24 में से 11 बार भारतीय टीम के खिलाफ जीत दर्ज की है और उसका जीत प्रतिशत 45.80 प्रतिशत है जो अन्य टीमों के मुकाबले सबसे ज्यादा है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड का जीत का प्रतिशत भी भारत के खिलाफ बेहतर है। ओवरऑल बात करें तो किसी भी टीम के लिए भारत को उसकी जमीन पर हराना आसान नहीं है। टी20 में भारत पिछले कुछ समय से अजेय चल रहा है।

### संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा कर सकते हैं ओपनिंग

पिछले साल टी20 विश्व कप में खिताब जीत के बाद इस प्रारूप में टीम में कई बदलाव हुए हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास और शुभमन गिल के बाहर रहने से शीर्ष क्रम बदला नजर आया है। पिछले कुछ सीरीज से संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ओपनिंग करने उतर रहे हैं और इंग्लैंड के खिलाफ भी यही जोड़ी पारी का आगाज करने उतर सकती है। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार यादव तीसरे और तिलक वर्मा चौथे स्थान पर उतरते दिखाई दे सकते हैं जैसा पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में देखने मिला था। भारतीय टीम प्रबंधन अगर नीतीश को चुनता है तो उसके पास शमी, अर्शदीप, नीतीश और हार्दिक के रूप में चार तेज गेंदबाज होंगे, जबकि स्पिन विभाग में जिम्मा अक्षर और वरुण संभालेंगे। भारत के पास हार्दिक, अक्षर और नीतीश के रूप में तीन ऑलराउंडर शामिल हैं ।



## शाह ने आइओसी के अध्यक्ष से मुलाकात की

एजेंसी

**लॉजेन (स्विट्जरलैंड)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह ने आइओसी अध्यक्ष थॉमस बाक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और ओलंपिक हाउस में लॉस एंजिल्स 2028 अंतरराष्ट्रीय महासंघों के सेमिनार में भाग लिया। इस सेमिनार में श्री शाह के साथ आइसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस भी शामिल हुये। सेमिनार में लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों की तैयारी में आईसीसी और आइओसी के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया ।यह पहली बार है जब श्री शाह ने श्री बाक से मुलाकात की है। आइसीसी के मंगलवार को जारी बयान में कहा गया कि क्रिकेट के लिए यह एक रोमांचक समय है, जिसमें लॉस एंजिल्स 2028 खेलों से पहले मौजूदा और नए प्रशंसकों से जुड़ने का शानदार अवसर है, जिससे ओलंपिक खेलों के साथ संभावित



भविष्य के सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे एथलीटों, प्रशंसकों और वैश्विक खेल समुदाय को लाभ होगा। श्री शाह ने कहा, हमें थॉमस बाक और आईओसी अधिकारियों से मिलकर खुशी हुई, यह एक उपयोगी बैठक थी और लॉस एंजिल्स 2028 की राह पर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर थी।

ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करना हमारे खेल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण और 2028 और उससे आगे के लिए परिवर्तनकारी विकास का एक वास्तविक अवसर है। उन्होंने कहा, हमने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और ओलंपिक खेलों में अपने मित्रो के साथ संबंध जारी रखे है। हम आइओसी और लॉस एंजिल्स 2028 के साथ मिलकर अगले साढ़े तीन साल काम करने के लिए तत्पर हैं।

## ओड़िशा ने सूरमा हॉकी को पेनल्टी शूटआउट 2-0 से हराया



**रांची।** ओडिशा वारियर्स ने मंगलवार को महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया। मंगलवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले के दौरान चार क्वार्टर में जोरदार संघर्ष के बावजूद निर्धारित समय में दोनों टीमे गोल करने में विफल रही।

## वैष्णवी महिला अंडर-19 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय, मलेशिया पर भारत की जीत

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** भारत की वैष्णवी शर्मा ने इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है और वह महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गई हैं। वैष्णवी ने मलेशिया के खिलाफ ग्रुप ए मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और चार ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए जिसमें एक मेडन ओवर भी शामिल है। वैष्णवी के दमदार प्रदर्शन से भारत ने मलेशिया को 10 विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। भारत की इस टूनामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले टीम ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराया था।

### मलेशिया का कोई बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंचा

भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर मलेशिया को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया,



लेकिन वैष्णवी ने अपनी दमदार गेंदबाजी से मलेशिया की पारी 14.3 ओवर में 31 रन पर ढेर कर दी। मलेशिया के लिए कोई भी दहाई अंक तक नहीं पहुंच सका और विकेटकीपर बल्लेबाज नूर आलिया हायरुन और हुसना पांच-पांच रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। भारत के लिए वैष्णवी के अलावा आयुषी शुक्ला ने तीन विकेट और जोशिथा वीजे ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने महज 2.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 32 रन बनाकर मैच जीत लिया। भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज गोंगादी त्रीसा 27 रन और जी कामलिनी चार रन बनाकर नाबाद रहीं।

### वैष्णवी ने टूनामेंट के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया

भारत के लिए 14वां ओवर डालने आईं वैष्णवी ने दूसरी गेंद पर नूर एन बिंती रोसलान (3) को एलबीडब्ल्यू आउट किया। फिर अगली गेंद पर नूर इस्मा दानिया (0) को एलबीडब्ल्यू आउट कर पवेलियन भेजा। इसके बाद ओवर की चौथी गेंद पर सिती नाजवाह (0) को बोल्ड कर हैट्रिक पूरी की। वैष्णवी इसके साथ ही भारत की पहली और महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाली ओवरऑल तीसरी गेंदबाज बन गईं। उनका गेंदबाजी प्रदर्शन इस टूनामेंट के इतिहास में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### श्रीलंका की महिला ने वेस्टइंडीज को हराया

**कुआलालंपुर।** कप्तान मानुदी ननायक्करा (41), संजना काविंदी (39) रनों की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मंगलवार को श्रीलंका की महिला टीम ने अंडर-19 विश्वकप में वेस्टइंडीज को 81 रनों से हरा दिया। श्रीलंका के 166 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 16 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये।

## अल्कारेज को हराकर जोकोविच आस्ट्रेलिया ओपन के सेमीफाइनल



**12वीं बार सेमीफाइनल में जोकोविच**

जोकोविच ने आस्ट्रेलियन ओपन में 99वीं जीत के साथ रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर मजबूती से कदम बढ़ाया है। उन्होंने खुद से 16 साल छोटे अल्कारेज को हराकर 12वीं बार इस प्रतियोगिता के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की।

एजेंसी


**मेलबर्न।** 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को मास्टर क्लास प्रदर्शन करते हुए कार्लोस अल्काराज को चार सेटों में 4-6, 6-4, 6-3, 6-4 से हराकर 12वीं बार आस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। अल्काराज ने पहले सेट में जोकोविच को मात देने के लिए ड्रॉप शॉट का बेहतरीन इस्तेमाल किया, जिन्हें पहले सेट में बाएं पैर की समस्या के लिए मेडिकल टाइमआउट मिला था। अलकाराज ने ओपनर (13-3) में सातवें वरीय खिलाड़ी की तुलना में 10 ज्यादा विनर लगाए, जबकि उन्होंने जोकोविच की बाधित चाल और बढ़त का फायदा उठाने के लिए अपने टच का इस्तेमाल किया। हालांकि, दूसरे सेट में जोकोविच ने बेसलाइन से अपनी आक्रामकता बढ़ाई और पैर जमाये। उन्होंने अपनी शारीरिक समस्याओं का समाधान करने के लिए रैलियों की लंबाई कम की और सेट के अपने 11वें विनर के साथ मैच को बराबर कर दिया। सातवें वरीय खिलाड़ी ने तीसरे सेट में भी आक्रामक रुख अपनाया और उन्होंने स्पेन के खिलाड़ी के सर्विस करने के दौरान अलकाराज की गलतियों का भी फायदा उठाया और दबाव के क्षणों में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलकर आगे बढ़ गये। जोकोविच, जिन्हें इस सीजन के पहले मेजर में एंडी मरे द्वारा कोचिंग दी जा रही है, वह रिकॉर्ड 11वें आस्ट्रेलियन ओपन खिताब और 25वें मेजर की तलाश में हैं। 37 वर्षीय खिलाड़ी पिछली बार 2018 में मेलबर्न में सेमीफाइनल में पहुंचने में विफल रहे थे। जोकोविच ने इस साल के आयोजन में अपने पहले दो मैचों में सेट गंवाए, लेकिन चेक सीड टॉमस माचैक और जिरी लेहेका के खिलाफ प्रभावशाली रहे, दोनों को सीधे सेटों में हराया।

### गॉफ को हराकर बडोसा आस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में

**मेलबर्न।** स्पेन की टेनिस खिलाड़ी पाउला बडोसा ने मंगलवार को दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को हराकर आस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वह अपने करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंची हैं। मंगलवार को यहां रॉड लेवर एरेना में खेले गये क्वार्टरफाइनल मुकाबले में स्पेन की बडोसा ने अमेरिका की गॉफ को सीधे सेटों में 7-5, 6-4 से हराया। मैच के दौरान गौफ ने चार ऐस तथा बैडोसा ने तीन ऐस लगाए। गॉफ ने छह तथा बैडोसा चार डबल फॉल्ट किये।



पाउला बडोसा



### ज्वेरेव आस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में

**मेलबन।** जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को हराकर आस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। यह एक दशक में तीसरी बार है जब ज्वेरेव ने इस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। मंगलवार को यहां ज्वेरेव ने तीन घंटे और 22 मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिका के टॉमी पॉल पर 7-6, 7-6, 2-6, 6-1 से जीत दर्ज की।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में आयुष और तान्या मुख्य दौर में पहुंचे



एजेंसी

**जकार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को चीनी ताइपे के चेन झी रे और लिन यू चीह की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी ने अपने शुरूआती मैच में विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद चेन और लिन की जोड़ी को 21-16 21-15 से हराया। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी पिछले दो सप्ताह में दो सेमीफाइनल (मलयेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750) खेल चुकी है। विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने ओरनिचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकित्ता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 21-6 21-14 से हराया। सात्विक और चिराग की विश्व की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इनरा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली अश्विनी और तनीषा की जोड़ी का अगला मुकाबला मलेशिया की पेई की गो और मेई जिंग तेओह से होगा।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के कड़िया धाम के समीप बीती रात्रि बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे उस पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को भवनाथपुर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह ने अपने निजी वाहन से भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार करने के बाद 108 एंबुलेंस से रेफर कर दिया। गढ़वा जाने के क्रम में श्याम राज भुइंया पिता त्रिभुवन कुमार की मौत हो गई। जबकि घायल भानु राम पिता सुमेर राम का इलाज चल रहा है। घटना की सुचना मिलने पर थाना के एसआई परवेज आलम नें अस्पताल पहुंच कर जानकारी ली और बाईक को जप्त कर थाना ले आया।

## विद्युत चोरी के आरोप में चार पर प्राथमिकी, लगा जुमार्ना

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी पंचायत अंतर्गत चैनपुर गांव में विद्युत विभाग ने विद्युत चोरी के आरोप में चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस संबंध मे विद्युत विभाग के अमल राय ने बताया कि विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर टोका फंसाकर विद्युत चोरी करने के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान में निरपत यादव पर विद्युत चोरी करने के आरोप मे 27 हजार 594 रुपये का विभागीय जुमार्ना के साथ एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं विनय यादव पर 16 हजार 550 रुपये, रामनाथ कुशवाहा पर 27 हजार 594 रुपये व देवनंदन कुशवाहा पर 27 हजार 594 रुपये के जुमार्ने के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होने आम उपभोक्ताओं से अपील किया है कि बिना कनेक्शन के विद्युत का उपयोग करना गैरकानुनी कार्य की श्रेणी आता है। छापामारी अभियान मे विद्युतकर्मी सदाम अंसारी, मंजुर अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

## मत्स्य विभाग का प्रशिक्षण करने गए युवक की मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पनघटवा गांव निवासी ललन यादव के 35 वर्षीय पुत्र विजय यादव की मौत रांची के रिम्स अस्पताल में हो गई। घटना मंगलवार सुबह की है। परिजनों के अनुसार विजय मत्स्य विभाग का प्रशिक्षण करने रांची गया था, जहां प्रशिक्षण के दौरान उसकी तबीयत खराब हो गई। आनन फानन में उसे सदर अस्पताल रांची में भर्ती कराया गया, जहां स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रांची रिम्स में इलाज के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के घर टाटीदीरी मुखिया सगुनी राम ने पहुंचकर मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया एवं दाह संस्कार के लिए 5000 रुपए दिया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र यादव, टाटीदीरी पंचायत मुखिया सगुनी राम, बीडीसी सुरेंद्र साह, पंकज गुप्ता, जिप सदस्य जानकी सिंह, उदय साह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बालू घाट डकैती में तीन अपराधी गिरफ्तार

**डेहरी आन सोन।** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के जमालपुर बालू घाट से हुई डकैती कांड में तीन अपराधियों समेत दो किशोर को निरुद्ध किया गया है। अपराधियों के पास से चालीस हजार रुपए नगद बरामद किए गए हैं। एसपी रौशन कुमार ने यह जानकारी आज शाम मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि गत 17 जनवरी की रात्री करीब दो बजे चार मोटरसाईकिल पर सवार 10-12 अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा जमालपुर बालू घाट में फायरिंग करते हुए डकैती की घटना को अंजाम दिया गया।इस संबंध में नासरीगंज थाना में एफआईआर दर्ज किया गया था। इस कांड के उद्भेदन के लिए बिक्रमगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया,जिसमें नासरीगंज के अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष, राजपुर कच्छवां थाना एवं जिला डीआईयू टीम को शामिल किया गया। एसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में गत 19 जनवरी को दो किशोर को गिरफ्तार किया गया। किशोर से पूछताछ के क्रम में घटना में संलिप्त होने की बात स्वीकार किया गया।

### बरडीहा प्रखण्ड समन्वयक का कारनामा

# बगैर मुखिया और पंचायत सचिव की सहमति से एक ही घर के तीन को दिया अबुआ आवास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** बरडीहा प्रखंड में अबुआ आवास वितरण में बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आया है। प्रखंड समन्वयक (आवास) राशीद अंसारी एवं बिचौलिया ग्राम सेमरी निवासी पिन्टु अंसारी की मिलीभगत से संपन्न लोगों को एक ही परिवार से तीन लोगों को अबुआ आवास स्वीकृत किया गया है। यहां तक कि प्रखंड समन्वयक ने मुखिया एवं पंचायत सचिव के सहमति (हस्ताक्षर) के बगैर ही आवास स्वीकृत कर दिया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत जतरो बंजारी की मुखिया रूकसाना बीबी ने डीसी को आवेदन सौंपकर मामले की गहन जांच कराते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

### मुखिया ने की डीसी से शिकायत, कार्रवाई की मांग

डीसी को सौंपे गये आवेदन में मुखिया ने कहा है कि ग्राम पंचायत जतरो बंजारी के ग्राम सेमरी निवासी कुर्बान अंसारी का पुत्र पिन्टु अंसारी एवं प्रखण्ड समन्वयक (आवास) राशीद अंसारी की मिली भगत से एक ही घर में तीन लोगों कुर्बान अंसारी की पत्नी मोमीना बीबी, पिन्टू अंसारी की पत्नी नुरैसा बीबी तथा अफताब अंसारी की पत्नी सहीना बीबी के नाम से अबुआ आवास स्वीकृत करा लिया गया है। जबकि इन तीनों का पूर्व से पक्का मकान है। ये लोग पूरी तरह से सम्पन्न हैं। इन तीनों के आवास स्वीकृत के लिए आवश्यक कागजातों पर मुखिया एवं पंचायत सचिव का हस्ताक्षर नहीं है। इसी प्रकार पंचायत में पिन्टू अंसारी एवं प्रखण्ड समन्वयक की मिली भगत से कई अन्य अयोग्य लाभुकों (साधन संपन्न लोगों) को अबुआ आवास का लाभ मुखिया एवं पंचायत सचिव के बिना हस्ताक्षर के ही दे दिया गया है। आवेदन में मुखिया ने उल्लेख की है कि इस मामले में उन्होंने जब पिन्टू अंसारी से पुछताछ की तो उसने गाली-गलौज करते हुए जान-माल की क्षति पहुंचाने की धमकी दी। इस बात से खफा होकर उसने पंचायत में मनरेगा की योजनाओं में मेरे पति के जेसीबी मशीन से कार्य कराये जाने का झूठा आरोप लगाया है। इस मामले में बरडीहा थाना द्वारा बिना अनुसंधान किए मेरे पति के विरूद्ध प्राथमिकी संख्या 04 / 2025 दिनांक 10.01.2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुखिया ने कहा है कि बरडीहा थाना प्राथमिकी संख्या 21 / 2021 दिनांक 06.04.2021 में पिन्टू अंसारी आर्म्स एक्ट का अभियुक्त है। ऐसी स्थिति में मेरे या मेरे परिवार के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। मुखिया ने अबुआ आवास योजना में बरती गई अनियमितता की जांच करा कर दोषियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ राकेष सहाय ने कहा कि इस मामले की उन्हें जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो मामला काफी गंभीर है। उन्हें आवेदन प्राप्त होगा तो वे जांच कर कार्रवाई करेंगे।

## सूरत पांडेय महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



शिविर की शुरूआत करते अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा व महिला कल्याण समिति धोरी बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में सूरत पांडेय महाविद्यालयमें विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एएसपी राहुल देव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान एएसपी ने साइबर क्राइम, सोशल मीडिया का दुष्प्रचार एवं सड़क सुरक्षा पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता, बाल ट्रैफिकिंग, डायन भूत अधिनियम ट्रैफिक नियम, बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने आदि की जानकारी दी। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी तथा विकास कुमार गौतम ने साइबर क्राइम के संबंध में विस्तार से बताया। भारत संचार निगम लिमिटेड के एसडीओ ने भी साइबर क्राइम से बचने की सलाह दी।

## मंईयां सम्मान योजना से वंचित लाभुक काट रही हैं प्रखंड कार्यालय के चक्कर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** झारखंड सरकार द्वारा महिलाओं की हित में चलाई जा रही अतिमहत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली पेंशन की राशि से प्रखंड के कई महिलाएं वंचित है। मंईयां सम्मान का फार्म भरने तथा संबंधित कर्मियों की सत्यापन के बाद योजना की पात्रता रखने वाली महिला लाभुक पेंशन की राशि मिलने की आस लिए पिछले पांच माह से प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रही है। मंगलवार को कैलान पंचायत के नीलम देवी, सरिता देवी, नीलम देवी, रजवंती कुमारी, रजवंती देवी, गीता देवी, सोनांचल देवी, कलवंती देवी, ममता कुमारी, शोभा देवी सहित दो दर्जन से अधिक महिला लाभुको ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामप्रताप यादव से पेंशन की राशि दिलाने की गुहार लगाई। महिलाओं ने बताई कि हम सभी अगस्त माह में ही मंईयां सम्मान योजना का फार्म भरकर प्रखंड कार्यायल में जमा कर चुके है, लेकिन योजना की पहली किस्त तो क्या पिछले छह माह के दौरान हमसभी के बैंक खाते में एक रुपया भी नहीं डाला गया है। कहा कि मंईयां सम्मान पाने के लिए पिछले कई माह से ब्लॉक की चक्कर लगा रहे है, लेकिन कार्यालय के ऑपरेटर द्वारा योजना स्वीकृत होने तथा कभी मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल बंद होने की बात कहा जाता है।


जानकारी देती लाभुक

## आजाद हिंद फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड के टहड़े पंचायत भवन के मैदान पर प्रखंड स्तरीय आजाद हिंद फुटबॉल टूनार्मेंट सीजन 2 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल के आयोजन कर्ता सह मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी कृपाल सिंह एवं प्रखंड प्रमुख सह विशिष्ट अतिथि आरती दुबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन किया।

मौके पर श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उनकी शुरू से ही सोच रही है कि ग्रामीण स्तर की प्रतिभा को खेल के माध्यम से निखारकर जिला एवं राज्य स्तर तक भेजा जा सके। और क्षेत्र का नाम रौशन हो। वैसे प्रतिभावान खिलाड़ी देश का भी नाम रोशन करेंगे। फुटबॉल टूनार्मेंट का प्रथम मैच पलामू के उंटारी प्रखंड के पीपरखाड़ की टीम एवं मझिआंव प्रखंड के करमडीह टीम के बीच खेला गया, जिसमें पीपरखाड़ की टीम ने शानदार खेल का परिचय देते हुए 1-0 गोल से मैच को जीत लिया। करमडीह की टीम अंत तक कोई गोल नहीं कर सकी। इस अवसर पर जितेंद्र चंद्रवंशी द्वारा रेफरी की भूमिका अदा की गई जबकि सगीर अंसारी द्वारा खेल में कमेंट्री की गई। टूनार्मेंट के अध्यक्ष कमलेश यादव ने बताया कि इस टूनार्मेंट में कुल आठ प्रखंडों की टीम शामिल होंगी। मौके पर उप प्रमुख फुलकली देवी, पूरहे मुखिया शंभू पासवान, भानु पासवान, रामसुंदर शर्मा, मुस्लिम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।


उद्घाटन करते अतिथि

## प्राथमिक विद्यालय में ड्रेस का वितरण

**केतार।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार में मंगलवार को कक्षा एक और कक्षा दो के 39 बच्चों के बीच पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून ने पोशाक, स्वेटर, जूता, मोजा का वितरण किया। उक्त विद्यालय में अध्ययनरत बच्चें पोशाक लेकर काफी खुश नजर आए। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून ने कहा कि हमारा शुरू से ही प्रयास रहता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं इन्हें संवारने का काम शिक्षकों के जिम्में है। बच्चों में शिक्षा के साथ सामाजिक संस्कार भी देना अति आवश्यक है, ताकि एक मजबूत समाज का निर्माण हो सके। शिक्षको ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए जो भी संसाधन सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता है उसे स-समय वितरण कर दिया जाता है। मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश्वर रजक, सहयोगी शिक्षक संजय कुमार मिश्रा, असीम अंसारी, मुजफ्फर हुसैन, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष असमीना बीबी, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, इजहार अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।


वितरण करते पंसस

## मुख्यमंत्री ने किशनगंज को दी 514 करोड़ से अधिक की सौगात

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में किशनगंज जिले के महेशब्थना स्थित नवनिर्मित जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा-सह-प्रशिक्षण केंद्र से 514.28 करोड़ रुपये की 236 विकास योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 151.17 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों की योजनाओं का उद्?घाटन तथा 363.09 करोड़ रुपये की लागत से शिलान्यास शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने ठाकुरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत पटेश्वरी स्थित ग्राम कटहलडांगी में प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास रोड संबंधी समस्याओं का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ठाकुरगंज बाईपास का निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं। इस बाईपास के बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। साथ ही आसपास के इलाकों से संपर्कता बढ़ेगी। प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास की कुल लंबाई 4.01 किलोमीटर तथा चौड़ाई 10 मीटर है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 41.30 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने 65,350 किलोमीटर लंबी पूर्णिया एवं किशनगंज जिला अंतर्गत राज्य उच्च पथ संख्या-39 (बायसी बहादुरगंज दिघल बैंक) पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा प्रस्तावित असूरा-निश्नद्रा घाट पुल एवं पहुंच पथ निर्माण कार्य के संबंध में भी मुख्यमंत्री को साइट प्लान के माध्यम से वितृस्त जानकारी दी। इनमें 8 मवेशी आश्रय स्थल का उ?द्घाटन, पटेश्वरी पंचायत के वार्ड संख्या-5 में सार्वजनिक शौचालय का उ?द्घाटन, जीविका संगठन कार्यालय भवन का शिलान्यास, पटेश्वरी स्वागत द्वार-सह-पेवर ब्लॉक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का उद्घाटन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, समेकित बाल विकास परियोजना, कृषि विभाग, परिवहन विभाग के स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविकोपार्जन के लिए 11 हजार 486 स्वयं सहायता समूहों को 137 करोड़ रुपये, 2305 स्वयं सहायता समूहों को 14 करोड़ 33 लाख रुपये और 306 स्वयं सहायता समूहों को 5 करोड़ 40 लाख रुपये का सांकेतिक चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया।

## जीएन कान्वेंट में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वावधान में शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉक्टर एके सिन्हा, डॉ सुप्रिया पटेल, डॉ सुमित कुमार, डॉ जय कुमार, डॉ निशि, डॉ शेट्टिका प्रवीण, डॉ शिवानी गुप्ता, डॉ सतनारायण मेहता, डॉ श्रेष्ठ तेजस्वी को विद्यालय की ओर से पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के दांतों का सघन उपचार किया गया तथा निःशुल्क पेस्ट और दवा का वितरण भी किया गया।

मौके पर विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद्य मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि स्कूल बच्चों के प्रति हमेशा संवेदनाशील रहा है। बच्चों के शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य पर भी अपनी पैनी नजर रखता है। इसी कड़ी में निःशुल्क दन्त जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दंत चिकित्सा मुंह और दांतों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं का क्षेत्र है। दंत चिकित्सा का डॉक्टर वह होता है जो लोक स्वास्थ्य स्थितियों का निदान और उपचार करता है। जिस तरह आप नियमित जांच के लिए अपने चिकित्सक के पास जाते हैं उसी तरह आपको साल में कम से कम दो बार दांत की जांच और सफाई के लिए अपने दंत चिकित्सक के पास जाना चाहिए। नियमित दंत चिकित्सा देखभाल और स्वास्थ्य समस्याओं के आपकी जोखिम को कम करती है और आपके समग्र स्वास्थ्य में सुधार करती है। यदि समय पर दांत के चिकित्सा व्यवस्था पर ध्यान न दिया जाए तो वह ओरल कैंसर का भी रूप ले लेता है।

उन्होंने कहा कि दांतों को कम से कम दो बार ब्रश अवश्य ही करें। अच्छे टूथपेस्ट और टूथब्रश का प्रयोग करें। डॉक्टर एके सिन्हा ने कहा कि दांत शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसकी देखभाल एवं सही समय पर हमारे लिए आवश्यक है। नहीं तो समय से पहले दांत गिर जाएंगे जो कई समस्याओं को जन्म देगा। दांत नहीं रहने से पसंदीदा भोजन का स्वाद नहीं मिलेगा साथ ही साथ शब्दों के उच्चारण में भी परेशानी होगी। मंच का संचालन उपप्राचार्य बीके ठाकुर जबकि धन्यवाद ज्ञापन संतोष प्रसाद ने की। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, नीरा शर्मा, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, शिवानी कुमारी, सुनीता कुमारी, ज्योति तिवारी, पूजा प्रकाश, रागिनी कुमारी, ऋषभ सिन्हा आदि लोग उपस्थित थे।


जांच करते कर्मी

### खबर एक नजर में

## 304 करोड़ 66 लाख की राशि के 449 योजनाओं का सीएम का जिलावासियों को मिलेगा सौगात

**अररिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा 22 जनवरी बुधवार को अररिया पहुंचेंगे,जहां मुख्यमंत्री सात निश्चय योजनाओं,जल जीवन हरियाली के अंतर्गत बलुआ तालाब का निरीक्षण,प्लस टू राजकीय रामानुग्रह उच्च विद्यालय में खेल के मैदान,रोबोटिक्स लैब का अवलोकन,सुन्दरनाथधाम का भ्रमण सहित जिले में चल रहे विकासात्मक कार्यों का अवलोकन के साथ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह दौरा अररिया जिलावासियों के लिए सरकार के सौगात के रूप में भी देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 304 करोड़ 66 लाख की राशि वाले 449 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। सीएम 159 करोड़ 15 लाख 4 हजार की लागत राशि से निर्मित 404 योजनाओं का जहां उद्घाटन करेंगे।वहीं 127 करोड़ 55 लाख 18 हजार रुपए की लागत राशि के 45 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे।मुख्यमंत्री की ओर से उदघाटन और शिलान्यास के लिए कुल 103 शिलापट्ट लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था के साथ तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।जिले के सभी वरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि तैयारी में लगे हैं।वहीं मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कई अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं और समस्याओं को लेकर भी जिलेवासियों की निगाहें मुख्यमंत्री पर टिकी है।

## पटना में आठवीं तक के स्कूल 23 तक रहेंगे बंद

**पटना।** बिहार में अत्यधिक ठंड और कम तापमान को देखते हुए राजधानी पटना में 8वीं तक के सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। आठवीं कक्षा के ऊपर की सभी कक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक संचालित होंगी। जिला प्रशासन ने 23 जनवरी तक 8वीं तक की सभी कक्षाएं बंद रखने का निर्देश दिया है। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में अत्यधिक ठंड का मौसम और कम तापमान की स्थिति बनी हुयी है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए पिछले कार्यालय के आदेश यानी 19 जनवरी में आंशिक संशोधन करते हुए वर्ग-8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 23 जनवरी तक प्रतिबंध लगाया जाता है।पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह ने कहा है कि वर्ग 8 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न 3.30 बजे के बीच संचालित की जा सकती है। बोर्ड परीक्षा से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन इससे मुक्त रहेगा। यह आदेश 22 से 23 जनवरी तक पटना जिले में प्रभावी रहेगा।

## एसएसबी ने तस्करी के सात मवेशी को किया जब्त,दो नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

**अररिया।** जिले के नरपतगंज भारत नेपाल सीमा से सटे घुरना एसएसबी कैंप के जवानों ने मंगलवार की सुबह तस्करी के सात मवेशी को जब्त किया। मामले में एसएसबी ने दो नाबालिग युवक समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार कर फुलकाहा थाना पुलिस को सुपुर्द किया। गिरफ्तार मवेशी तस्कर में घुरना थाना क्षेत्र अंतर्गत पथराहा वार्ड छह निवासी मो रेहमुद्दीन, पथराहा वार्ड 12 निवासी मो कूदतुल्ला, पथराहा वार्ड छह निवासी मो. शरीफ एवं दो नाबालिग तस्कर बताया जाता है, जबकि मौके से अन्य मवेशी तस्कर भाग निकले। तस्करी के पकड़े गए मवेशी में सात नेपाली नस्ल के बैल को बरामद किया गया है।तस्कर के पास से मोबाइल भी बरामद किया गया। मवेशियों को नरपतगंज हाट में बेचे जाने के क्रम में घुरना अचरा सड़क पर भवानीपुर के समीप घुरना एसएसबी जवानों ने मवेशियों को जब्त कर एसएसबी कैंप लाया। फुलकाहा एसएसबी कैंप प्रभारी सहायक सेनानायक अभिषेक कुमार गुप्ता ने बताया कि तस्करी के सात बैल की बरामदगी और पांच तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। नरपतगंज प्रखंड के भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र से मवेशी तस्करी की सूचना लगातार मिल रही थी ,जिसे कई दिनों से मवेशी एवं मवेशी तस्करों का तलाश किया जा रहा था। इस कार्रवाई से मवेशी तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। यह कार्रवाई घुरना एसएसबी के सहायक सेनानायक अभिषेक कुमार के नेतृत्व में जवानों के द्वारा की गई है।

## बिहार के पूर्णिया में डाकिया डाक लाया की भूमिका निभा रही है रानी

**पूर्णिया।** बिहार में पूर्णिया जिले के टीकापट्टी में पहली बार कोई महिला डाकबाबू बनके आयी हैं और घर घर डाक बांट रही है। इससे इस इलाके की महिलाओं में काफी खुशी है । डाक बाबू रानी स्वयं क्षेत्र में डाकिया के साथ घर-घर घुम रही हैं तथा परिचय कर रही हैं । टीकापट्टी डाकघर के अंदर टीकापट्टी, तेलडीहा, धूसर एवं भदैयाटोला कुल चार गांव आते हैं । जिसकी आबादी लगभग 25 हजार है । पिछले साल 11 दिसंबर को रानी ने टीकापट्टी डाकघर में अपना योगदान दिया है । डाकबाबू के रूप में योगदान देनेवाली रानी कुमारी पिता ओमप्रकाश कटिहार जिला के कुरसेला की रहनेवाली हैं । वह नवोदय से 10 वीं की परीक्षा पास की थीं तथा इसी योग्यता के आधार डाकबाबू के लिए आवेदन किया था । उनका मैट्रिक की परीक्षा में 96.5 प्रतिशत अंक रहने के कारण डाकबाबू के पद पर नियुक्ति हुई है । रानी कुमार कहती हैं कि अब महिलाओं के लिए कोई भी काम अछूता नहीं रह गया है । महिलाएं बेहतर तरीके से हर कार्य कर सकती हैं, यह बात सर्वविदित हो गया है । वह अभी अपनी पढाई नहीं छोडी हैं, पत्राचार के माध्यम से उनकी पढाई लगातार चल रही है । साथ चल रहे डाकिया रमण कुमार कहते हैं कि वे पिछले कई दशकों से यहां डाकिया का काम कर रहे हैं। महिला डाकबाबू की नियुक्ति से वे काफी प्रभावित हैं ।

## मुर्गी को लेकर हुई विवाद में हत्या मामले में एक को आजीवन कारावास

**पूर्वी चंपारण।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवराज त्रिपाठी ने अभियुक्त के दरवाजे मुर्गी चले जाने को लेकर हुए विवाद में हुई एक महिला की हत्या मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को आजीवन कारावास व पांच हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाए है। अर्थ दंड नहीं देने पर एक माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा कल्याणपुर थाना के बासदेव छपरा निवासी योद्धा महतो को हुई। मामले में अभियुक्त का भाई विनोद महतो ने चकिया थाना कांड संख्या 01/2022 दर्ज कराते हुए योद्धा महतो , उसकी पत्नी किशोरी देवी, पुत्र रतन महतो उर्फ राजा बाबू, दशरथ महतो तथा रतन महतो की पत्नी नीलू देवी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि 31 दिसंबर 2022 की संध्या करीब पांच बजे नामजद लोग हरवे हाथियार से लैश होकर आए और उसकी पत्नी रीता देवी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। अन्य अभियुक्तगण रीता देवी का मुंह दाब दिए तथा योद्धा महतो उसकी हाथ की नली चाकू से काट दिए जिससे काफी खून बह गया।

## पेज एक का शेष

### छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा...

एक दिन पहले मुठभेड़ के बाद की गयी सर्चिंग के दौरान कल दो नक्सलियों के शव मिले थे, जिनमें से एक महिला है। सोमवार देर रात और मंगलवार सुबह छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में फिर से गोलीबारी हुई, जिसमें ये नक्सली मारे गये। इस क्षेत्र में माओवादी विद्रोहियों को निशाना बनाकर किया गया यह अभियान खुफिया सूचनाओं के बाद शुरू हुआ, जिसमें ओड़िशा सीमा से सिर्फ पांच किलोमीटर दूर स्थित छत्तीसगढ़ के कुलारीघाट रिजर्व वन में माओवादियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति का संकेत मिला था। अभियान में डीआरजी, सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ से कोबरा और ओड़िशा से विशेष अभियान समूह (एसओजी) के सुरक्षाकर्मी शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### सैफ अली खान को अस्पताल से मिली छुट्टी

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान को मंगलवार को दोपहर लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिल गई । इसके बाद सैफ अली खान अपनी पत्नी, फिल्म अभिनेत्री करीना कपूर के साथ बांद्रा स्थित आवास पर पहुंचे। सैफ अली खान पर 16 जनवरी को उनके आवास पर हुए चाकू हमले के बाद लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया था । डॉक्टरों ने खान को घर पर एक महीने तक आराम करने सलाह दी है। डॉक्टरों का कहना है कि रीढ़ की हड्डी में लगा घाव गहरा है और उसे भरने में कम से कम एक माह का वक्त लग सकता है।

### महाकुंभ में आज होगी योगी कैबिनेट की बैठक

**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।

### भूकंप से हिला ताइवान लेह में भी लगे झटके

**ताइपे।** दक्षिणी ताइवान में आए शक्तिशाली भूकंप से लोग दहल गए। ताइवान में आए भूकंप का असर भारत में भी दिखा। आधी रात लद्दाख के लेह क्षेत्र में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। दक्षिणी ताइवान में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 दर्ज की गई। इससे तमाम घर और सड़कें ढह गईं। दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

### गुवाहाटी में मिला एचएमपीवी मरीज

**गुवाहाटी।** ह्यूमन मेटाप्न्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का गुवाहाटी में पहल मरीज मिला है। उसे एक निजी अस्पताल में भर्तीकराया गया है। उसके पति में भी समान लक्षण दिखने के बाद उसका सैंपल भी लेकर परीक्षण के लिए भेजा गया है। गुवाहाटी के अपोलो अस्पताल में उपचाराधीन एक 75 वर्षीय महिला के एचएमपीवी पीड़ित होने की पुष्टि हुई है। मरीज के पति को भी बुखार और खांसी की शिकायत है। महिला के पति का भी एचएमपीवी का परीक्षण के लिए सैंपल भेजा गया

### मणिपुर में हथियार व विस्फोटक बरामद

**चुराचांदपुर (मणिपुर)।** चुराचांदपुर जिले के तोरबुंग स्थित पीके पार्क क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। बरामद सामग्रीं में एक 9 एमएम सब मशीन गन और मैगजीन, एक .303 राइफल और मैगजीन, एक स्मोक ग्रेनेड लॉन्चर, दो पिस्तौल और मैगजीन, एक सिंगल बैरल ब्रेच लोडेड गन, एक देशी मोर्टार (पॉम्पी), चार हैंड ग्रेनेड (बिना डेटोनेटर), चार स्मोक ग्रेनेड तथा पांच 9 एमएम गोलियां शामिल हैं। इस संबंध में चुराचांदपुर थाना र में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सेना के लिए खरीदे जायेंगे पुल बनाने वाले टैंक

**नयी दिल्ली ।** रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए 47 टैंक-72 की खरीद के लिए आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की इकाई हैवी व्हीकल फैक्ट्री के साथ 1560 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा सचिव राजेश सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और हैवी व्हीकल फैक्ट्री और आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।



### महाकुंभ में अडानी ने श्रद्धालुओं को परोसा प्रसाद

**प्रयागराज। उद्योगपति एवं अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी भी महाकुंभ पहुंचे। अडानी ने मंगलवार को महाकुंभ मेले में चल रहे भंडारे में श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद परोसा। अडाणी इससे पहले महाकुंभ नगर के सेक्टर नंबर 18 स्थित इस्कॉन वीआईपी शिविर में अपनी पत्नी के साथ पहुंचे, जहां लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने महाकुंभ 2025 मेले का दौरा किया है। अडानी ने इस्कॉन के भंडारे में सेवा प्रदान की।**

# ट्रंप प्रशासन में भारत को अमेरिका से ज्यादा ईंधन आने की संभावना : पुरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नए प्रशासन की तेल एवं गैस उत्पादन को अधिकतम करने की योजनाओं की घोषणा के बाद भारत में अधिक अमेरिकी ईंधन आने की संभावना है। हरदीप पुरी ने यहां वाहन उद्योग निकाय भारतीय ऑटोमोबाइल निर्माता सोसायटी (सियाम) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत को तेल की आपूर्ति करने वालों की संख्या

### 39 देश कर रहे हैं भारत को तेल की आपूर्ति

पहले ही 27 से बढ़कर 39 हो गई है, अगर इससे ज्यादा तेल आता है, तो भारत इसका स्वागत करेगा। हालांकि, पुरी ने कहा कि सरकार नए अमेरिकी प्रशासन की घोषणाओं पर बहुत सावधानी से नजर रख रही है। हरदीप पुरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तेल की ड्रिलिंग और गैस उत्पादन बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर आप मुझसे पूछें कि क्या बाजार में और अधिक अमेरिकी ऊर्जा आने वाली है, तो मेरा जवाब




हां है। पुरी ने कहा कि अगर आप कहते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा की अधिक खरीद की प्रबल संभावना है, तो इसका जवाब हां है। उन्होंने वाहन विनिमार्ताओं से भारतीय बाजार में अधिक एथनॉल मिश्रण वाले फ्लेक्स ईंधन वाहनों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कहा। इसके साथ ही पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि देश बहुत जल्द 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल करने जा रहा है, जो निर्धारित समय से पांच साल पहले होगा। पुरी ने कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लिए गए कुछ निर्णय प्रत्याशित थे और इन पर प्रतिक्रिया देने से पहले इंतजार करने की जरूरत है। पुरी ने अमेरिका, ब्राजील, गुयाना, सूरीनाम और कनाडा से अधिक तेल आने का जिक्र करने के साथ कीमतों में गिरावट का संकेत भी दिया। उन्होंने 2015 के पेरिस जलवायु समझौते से बाहर होने के नए अमेरिकी सरकार के फैसले पर

# हाइपरसोनिक स्क्रैमजेट इंजन का परीक्षण सफल

▸▸ **भारत में पहली बार 120 सेकंड के लिए अत्याधुनिक एक्टिव कूल्ड स्क्रैमजेट कॉम्बस्टर ग्राउंड परीक्षण**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) ने लंबी अवधि की सुपरसोनिक दहन रैमजेट या स्क्रैमजेट संचालित हाइपरसोनिक तकनीक विकसित करने की पहल के तहत स्क्रैमजेट इंजन का सफल परीक्षण किया है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डीआरडीएल ने हाल ही में इन तकनीकों को विकसित किया है और भारत में पहली बार 120 सेकंड के लिए अत्याधुनिक एक्टिव कूल्ड स्क्रैमजेट कॉम्बस्टर ग्राउंड परीक्षण किया है। सफल ग्राउंड परीक्षण अगली पीढ़ी के हाइपरसोनिक मिशनों को विकसित करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही यह जानकारी खुद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दी । रक्षामंत्री ने सफल हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डेमोनट्रेटर वाहन परिक्षण के लिए खुद यह जानकारी दी है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस सफलता के बाद अब अगले चरण की प्रगति शुरू हो गई है। उन्होनें कहा कि मैं डीआरडीओ को इस कामयाबी के लिए शुक्रिया अदा करना चाहूंगा, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया। उन्होंने आगे कहा कि मैंने परियोजना से जुड़े



वैज्ञानिकों से बात की है और उन्हें इस महान उपलब्धि पर बधाई दी है। भारत को उन पर गर्व है। हाइपरसोनिक टेक्नॉलजी डेमोनस्ट्रेटर वाहन का सफल परीक्षण किया है। इससे पहले जून 2019 में इसका पहला परीक्षण किया गया था। इसका इस्तेमाल हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल बनाने और काफी कम खर्चे में सैटेलाइट लॉन्चिंग में की जाएगी। साथ ही हाइपरसोनिक और लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों के लिए यान के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा।

# तुर्की : होटल में आग से 66 की मौत, 50 से ज्यादा घायल

**फायर ब्रिगेड और बचाव टीमों ने 230 लोगों को सुरक्षित निकाला**

एजेंसी


**अंकारा।** तुर्की में मंगलवार को एक स्की रिसॉर्ट होटल में लगी आग में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब बोलू प्रांत के कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट में स्थित एक होटल में आधी रात के बाद आग लग गई। इमारत में एक मंजिल पर रेस्त्रां चलता है। आग रेस्तरां में लगी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया, कई लोग घबराहट में होटल की इमारत से कूद गए, जिससे उनकी मौत हो गई। बोलू प्रांत के गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन आग की लपटों ने बहुत तेजी से होटल को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलने पर



अग्निशमन दल, खोज एवं बचाव इकाइयां तथा चिकित्सा दल शहर मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड और बचाव टीमों ने मिलकर लगभग 230 लोगों को सुरक्षित निकाला। तुर्की के न्याय मंत्री यिलमाज टुनक ने बताया कि इस हादसे की जांच के लिए बोलू प्रांत के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय द्वारा एक न्यायिक जांच शुरू की गई है। इस जांच में छह लोक अभियोजक और पांच विशेषज्ञों की एक समिति बनाई गई है। कार्तलकाया रिसॉर्ट तुर्की के प्रमुख शीतकालीन पर्यटन स्थलों में से एक है, जो स्की सीजन में हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह होटल 1978 से तुर्की के स्कीयर के लिए एक प्रमुख केंद्र रहा है। बोलू शहर, अंकारा और इस्तांबुल के बीच स्थित एक प्रमुख शहर है, और यह क्षेत्र स्की पर्यटन के लिए जाना जाता है।

# फिल्म 'छावा' में रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई।** विक्की कौशल की आने वाली फिल्म 'छावा' की घोषणा के बाद से ही फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही छत्रपती संभाजी महाराज का किरदार निभाने वाले विक्की कौशल का नया लुक जारी किया गया था। हाल ही में महारानी येसुबाई का किरदार निभा रहीं रश्मिका मंदाना का लुक जारी कर दिया गया है। फिल्म के पोस्टर में येसूबाई भोसले के रूप में रश्मिका मंदाना का लुक काफी प्रभावशाली और आकर्षक है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में फिल्म छावा से रश्मिका मंदाना का पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, हर महान राजा के पीछे एक शक्तिशाली रानी होती है। पेश है महारानी येशूबाई के किरदार में रश्मिका



मंदाना, स्वराज्य का गर्व। पोस्टर में रश्मिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। छावा की रिलीज डेट छावा 14 फरवरी को रिलीज हो रही है। फिल्म का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज होगा।

### अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध समाप्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश की बागडोर संभालने के बाद सोमवार को पूर्ववर्ती बाइडेन प्रशासन के टिकटॉक पर लिए गए फैसले को 75 दिनों के लिए निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इस आदेश का सीधा अर्थ है टिकटॉक ऐप के मालिक को कंपनी बेचने के लिए मजबूर करने वाला कानून लागू नहीं होगा। इस कानून पर अप्रैल में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हस्ताक्षर किए थे। टिकटॉक के मालिक, चीन की कंपनी बाइटडांस को संयुक्त राज्य अमेरिका में काम करने के लिए अपनी अधिकांश हिस्सेदारी बेचनी होगी। ट्रंप ने कहा कि मैं अटॉर्नी जनरल को आदेश देता हूं कि इस आदेश की तारीख से 75 दिनों तक अधिनियम को लागू करने के लिए अमेरिका की ओर से कोई कार्रवाई न करें।

# नौ हॉक विमानों ने किया एयर शो का रिहर्सल

**वडोदरा/अहमदाबाद।** वडोदरा में मंगलवार को भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम (स्कैट) के हॉक एमके 132 विमानों के साथ वडोदरा स्थित वायुसेना स्टेशन पर एयर शो का पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमें भारतीय वायुसेना के 9 हॉक विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। इस समय अद्भुत आकाशीय दृश्य देखने को मिले। सैनिकों ने हवाई जहाज का उपयोग कर आकाश में दिल बनाया, जिसे देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए। इस रिहर्सल को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। एयर शो को आसपास के 20 किलोमीटर क्षेत्र में देखा गया। लोगों ने अपनी छतों से एयर शो रिहर्सल को देखा और तस्वीरें लीं। भारतीय वायुसेना की इस टीम में 9 हॉक विमान और 14 पायलट हैं, जो कल प्रदर्शन करेंगे। लोग दजीपुरा-



पंजरापोल मैदान, एपीएमसी मार्केट और आसपास की सोसायटियों के साथ-साथ हालोल टोल टैक्स से भी शो देख सकेंगे। एयर शो बुधवार को दोपहर 12 बजे शुरू होगा। यह शो 40 मिनट लम्बा होगा। वर्ष 2025 में भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण टीम का यह पहला शो है। भारतीय वायुसेना का एयर शो रिहर्सल देखने आए उमेश मिश्रा ने कहा कि आज हम भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण टीम के एयर शो का रिहर्सल देखने आए थे, जो हमारे आवास के पास शुरू हुआ। सैनिकों द्वारा किये गए करतबों को देखकर बहुत आनंद आया। एयर शो रिहर्सल देखने आए धर्मेश साल्वी ने कहा, यहां कई स्कूलों के बच्चे आए, कुछ अभिभावक अपने बच्चों को लेकर आए और यहां लोग काफी उत्साहित नजर आए। मैंने अपने जीवन में पहली बार यह एयर शो देखा है, यह बहुत मजेदार था। ऐसे कारनामे देखकर वायु सेना के जवानों को सलाम करने का मन करता है। स्कैट टीम की स्थापना 1996 में हुई थी। इस टीम को एशिया की एकमात्र नौ विमानों वाली एरोबैटिक टीम होने का प्रतिष्ठित खिताब प्राप्त है और इसे विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक माना जाता है। टीम ने अब तक भारत के साथ-साथ चीन, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में 700 से अधिक प्रदर्शन किए हैं। टीम अपने आदर्श वाक्य ₹सर्वदा सर्वोत्तम₹ से निर्देशित होती है जिसका अर्थ है 'हमेशा सर्वश्रेष्ठ', जो उत्कृष्टता की भावना को दशार्ता है। हॉक एमके 132 विमान शामिल हैं, जो भारत में निर्मित और लाइसेंस प्राप्त हैं और 5 मीटर से भी कम दूरी पर बहुत करीब से उड़ान भर सकते हैं। ग्रुप कैप्टन अजय दशरथ और डिप्टी लीडर ग्रुप कैप्टन सिद्धेश कार्तिक के नेतृत्व वाली टीम में 14 पायलट हैं।

# ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने से शेयर बाजार में हाहाकार

## सेंसेक्स 1235 अंक लुढ़कर 75,838 पर पहुंचा

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण करने के साथ ही कनाडा और मेक्सिको के लिए व्यापार शुल्क में 25 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर जोमैटो, एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और रिलायंस समेत 27 दिग्गज कंपनियों में करीब 11 प्रतिशत तक की गिरावट से मंगलवार को शेयर बाजार में हाहाकार मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1235.08 अंक अर्थात 1.60 प्रतिशत का गोता लगाकर साढ़े सात महीने के निचले स्तर 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 75,838.36 अंक पर आ गया। इससे पहले 06 जून को यह 75,074.51 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज



(एनएसई) का निफ्टी 320.10 अंक यानी 1.37 प्रतिशत लुढ़ककर 23,024.65 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.00 प्रतिशत टूटकर 43,167.39 अंक और स्मॉलकैप 1.94 प्रतिशत गिरकर 51,714.62 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4088 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2788 में गिरावट जबकि 1187 में तेजी रही वहीं 113 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2095 कंपनियों में बिकवाली जबकि 715 में लिवाली हुई वहीं 77 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे रियल्टी 4.22, कमोडिटीज 0.82, सीडी 0.82, ऊर्जा 1.25, एफएमसीजी 0.32, वित्तीय सेवाएं 1.79, हेल्थकेयर 0.96, इंडस्ट्रियल्स 2.11, आईटी 1.16, दूरसंचार 2.52, यूटिलिटीज 2.35, ऑटो 1.68, बैंकिंग 1.81, कैपिटल गुड्स 2.16, कंज्यूमर डयूरेबल्स 3.99, धातु 0.82, तेल एवं गैस 0.69, पावर 2.63, टेक 1.21, सर्विसेज 2.86 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.17 प्रतिशत लुढ़क गए। विदेशी बाजरों का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.15, जापान का निक्केई 0.32 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.91 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.15 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 188 अंक की तेजी के साथ 77,261.72 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर तक 77,337.36 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 75,641.87 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 77,073.44 अंक के मुकाबले 1.60 प्रतिशत की गिरावट लेकर 75,838.36 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 77 अंक बढ़कर 23,421.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,426.30 अंक के उच्चतम जबकि 22,976.85 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,344.75 अंक की तुलना में 1.37 प्रतिशत कमजोर रहकर 23,024.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की एचसीएल टेक और अल्ट्रासिमको की 0.76 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष कंपनियों में गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स 3.74, एनटीपीसी 3.51, आईसीआईसीआई 2.98, एसबीआई 2.57, रिलायंस 2.46, महिंद्रा 2.17, बजाज फाइनेंस 2.03, टेक महिंद्रा 2.00, एक्सिस बैंक 1.87, टाटा मोटर्स 1.84, टाटा स्टील 1.52, कोटक बैंक 1.36, पावरग्रिड 1.35, बजाज फिन सर्व 1.10, इंडसइंड बैंक 1.06 और टीसीएस के शेयर 1.04 प्रतिशत गिर गए।

